राष्ट्रीय मुख्यधारा PRESS PRINT | WEB | VIDEO

बोकारो, बुधवार

22.01.2025

पृष्ठ : 12, मूल्य : 2/

वर्ष : 11, अंक : 347

हिन्दी दैनिक

mukhyadhara.daily@gmail.com


+91 8873 319 159

RNI : JHAHIN/2014/54374

# राष्ट्रीय मुख्यधारा

www.rashtriyamukhyadhara.com

अख़बार भी, आन्दोलन भी



राष्ट्र, राष्ट्रहित और राष्ट्रवाद को सदैव समर्पित : देश से बढ़ कर कुछ भी नहीं !

# भाजपा का संकल्प पत्र-2 जारी

## दिल्ली चुनाव

### युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए मिलेंगे 15 हजार रुपये

एजेंसी। नई दिल्ली




भारतीय जनता पार्टी ने अपने वादे के मुताबिक दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए आज संकल्प पत्र भाग-2 जारी किया। इसमें जरूरतमंद छात्रों को केजी से पीजी तक की शिक्षा मुफ्त देने का वादा किया गया है। साथ ही युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 15 हजार रुपये की वित्तीय सहायता देने की भी घोषणा की गयी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने यह संकल्प पत्र जारी किया। अनुराग ठाकुर ने पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि इस संकल्प पत्र से दिल्ली का विकास होगा। उन्होंने कहा कि पार्टी की सरकार बनने पर दिल्ली के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 15 हजार रुपये की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराएंगे और दो बार की यात्रा एवं आवेदन शुल्क की प्रतिपूर्ति भी करेंगे। दिल्ली में तकनीकी एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए बीआर आंबेडकर स्टाइपेंड योजना शुरू करेंगे। इसके अंतर्गत आईटीआई, स्किल सेंटर आदि में पढ़ रहे अनुसूचित जाति के छात्रों को 1000 रुपये प्रति माह स्टाइपेंड मिलेगा। अनुराग ठाकुर ने कहा कि ऑटो टैक्सी ड्राइवर वेलफेयर बोर्ड का गठन करेंगे। इसके अंतर्गत उन्हें 10 लाख तक का बीमा, 5 लाख तक का दुर्घटना बीमा, उनके बच्चों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए छात्रवृति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि डोमेस्टिक वर्कर्स के लिए डोमेस्टिक वर्कर्स वेलफेयर बोर्ड का गठन किया जाएगा। इसके अंतर्गत 10 लाख तक का जीवन बीमा, 5 लाख तक के दुर्घटना बीमा का प्रावधान किया जाएगा। भाजपा के वरिष्ठ नेता ठाकुर ने कहा कि पिछले दस साल में भाजपा ने दलालों को खत्म कर दिया है। उन्होंने आम आदमी पार्टी सरकार पर आरोप लगाया कि दिल्ली में कोविड के दौरान शराब माफिया के करोड़ों रुपये माफ किए। कैग रिपोर्ट विधानसभा में क्यों नहीं पेश किया गया। उल्लेखनीय है कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शुक्रवार को दिल्ली चुनाव के लिए पार्टी का पहला संकल्प पत्र जारी किया था। इस दौरान उन्होंने घोषणा की थी कि अभी दो संकल्प पत्र और जारी किए जाएंगे।

## प्रधानमंत्री ने भारत की जी-20 अध्यक्षता और शिखर सम्मेलन के बारे में अमिताभ कांत की पुस्तक को सराहा



**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की जी-20 अध्यक्षता और शिखर सम्मेलन, 2023 के बारे में पुस्तक लिखने के लिए अमिताभ कांत की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने एक बेहतर ग्रह की खोज में मानव-केंद्रित विकास को आगे बढ़ाने के भारत के प्रयासों पर स्पष्ट दृष्टिकोण दिया है। जी-20 के शेरपा और नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर उन्हें अपनी पुस्तक 'हाउ इंडिया स्केल्ड माउंट जी-20' भेंट की। अमिताभ कांत ने मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर साझा कर यह जानकारी दी। अमिताभ कांत ने एक्स पर पोस्ट किया, "प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपनी पुस्तक 'हाउ इंडिया स्केल्ड माउंट जी-20' भेंट करते हुए मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा है। यह उनकी प्रगतिशील दृष्टि, वैश्विक कद और समावेशी नेतृत्व शैली थी जिसने भारत के कूटनीतिक इतिहास के सबसे परिवर्तनकारी अध्यायों में से एक के लिए एजेंडा और दृष्टिकोण दोनों निर्धारित किए। जी-20 इंडिया टीम में उनके स्पष्ट विश्वास ने हमें असंभव प्रतीत होने वाली वार्ताओं के माध्यम से साहसी बनने और जोखिम उठाने में सक्षम बनाया। मैंने उनके जी-20 शेरपा के रूप में उनके विश्वास और मार्गदर्शन के लिए उनका धन्यवाद किया।प्रधानमंत्री मोदी ने अमिताभ कांत की एक्स पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, "भारत की जी-20 अध्यक्षता और 2023 में शिखर सम्मेलन के बारे में लिखने का आपका प्रयास सराहनीय है, जो एक बेहतर ग्रह की खोज में मानव-केंद्रित विकास को आगे बढ़ाने के हमारे प्रयासों पर एक स्पष्ट दृष्टिकोण देता है।

# ट्रंप की शपथ में सबसे आगे बैठे दिखे भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे जयशंकर

## डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति बने

एजेंसी। वाशिंगटन



डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। चार साल बाद दूसरी बार सत्ता में उनकी वापसी हुई। अमेरिका में बहुत अधिक ठंड की वजह से शपथ ग्रहण समारोह कैपिटल रोटुंडा (संसद भवन के केंद्रीय कक्ष) में आयोजित किया गया। भारत की ओर से विदेश मंत्री एस जयशंकर शपथ ग्रहण समारोह के मेहमान थे। वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विशेष दूत के रूप में शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। जब उनकी अमेरिका से तस्वीर सामने आई, तो बहुत से लोगों को हैरानी हुई। तस्वीर देख लोगों को यकीन ही नहीं हो रहा था। दरअसल, वह तस्वीर कोई आम तस्वीर नहीं। यह बदलते भारत की तस्वीर है। यह नए इंडिया की तस्वीर है। जयशंकर जिस पहली पंक्ति में बैठे थे, उसी पंक्ति में इक्वाडोर के राष्ट्रपति भी थे। भारत की अहमियत इसी बात से समझी जा सकती है। जयशंकर ने ने ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह की तस्वीरों को अपने एक्स हैंडल पर शेयर किया। उन्होंने लिखा समारोह में शामिल होना उनके लिए सम्मान की बात है।उन्होंने एक्स पर लिखा, 'आज वाशिंगटन डीसी में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के शपथ ग्रहण समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व करना एक बड़े सम्मान की बात है।' सूत्रों का कहना है कि जयशंकर डोनाल्ड ट्रंप की खातिर पीएम मोदी का संदेश वाला एक लेटर भी लेकर गए थे। अमेरिका के लिए भारत कितना अहम है, यह इन तस्वीरों से समझा जा सकता है। शपथ ग्रहण समारोह में भारत के विदेश मंत्री को पहली पंक्ति में ट्रंप के ठीक सामने बिठाना। फिर ट्रंप का मंच से जयशंकर की ओर देखकर सीधे मुखातिब होना। यह दिखाता है कि अब अमेरिका ही नहीं, दुनिया का नजरिया भारत के प्रति बदला है।

## संक्षिप्त समाचार

### भूकंप का कहरः 6.4 तीव्रता से धरती कांपी, 27 घायल, सुनामी का अलर्ट




**ताइपे**। ताइवान में मंगलवार देर रात आए 6.4 तीव्रता के भूकंप ने बड़े पैमाने पर दहशत फैला दी। भूकंप के कारण 27 लोग घायल हो गए हैं, और एक इमारत के जमींदोज होने से कई लोग मलबे में फंस गए। भूकंप आने के बाद कहा गया है कि ताइवान की 2.34 करोड़ की आबादी पर बड़ा खतरा मंडरा रहा है। दरअसल अधिकारियों ने सुनामी का अलर्ट जारी कर समुद्र किनारे रहने वाले लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। ताइवान में भूकंप मंगलवार रात 12:17 बजे आया, जबकि अधिकांश लोग गहरी नींद में थे। भूकंप का केंद्र ताइवान के युजिंग से 12 किलोमीटर उत्तर में बताया गया है। ताइनान के नानक्सी जिले में एक इमारत पूरी तरह जमीदोज हो गई, जिसमें कई लोग फंस गए। ताइवान के स्टेट हाईवे पर बना झूवेई पुल भी क्षतिग्रस्त हो गया। राजधानी ताइपे समेत देश के अन्य हिस्सों में भी झटके महसूस किए गए।

**राहत और बचाव कार्य** : ताइवान के फायर डिपार्टमेंट ने तेजी से राहत कार्य शुरू कर दिया है। भूकंप के कारण 27 घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं जमीदोज इमारत में फंसे लोगों को बाहर निकालने के प्रयास जारी हैं। मलवा हटाने का काम युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। ताइवान में भूकंप के समय भारत के लेह क्षेत्र में भी 4.5 तीव्रता के झटके महसूस किए गए। हालांकि, यहां कोई जान-माल का नुकसान नहीं हुआ। वहीं तिब्बत में रात 12 बजे से सुबह 11 बजे तक पांच बार भूकंप के झटके आए, जिनकी तीव्रता 5 तक मापी गई है।

### मिजोरम के नवनियुक्त राज्यपाल वीके सिंह ने राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री से की शिष्टाचार भेंट



**नई दिल्ली**। मिजोरम के नवनियुक्त राज्यपाल जनरल (सेवानिवृत्त) वी.के. सिंह ने मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। मिजोरम के राज्यपाल का दायित्व संभालने के बाद जनरल सिंह की राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से यह पहली मुलाकात थी। राज्यपाल सिंह ने एक्स पर पोस्ट किया, "राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। उनका दूरदर्शी नेतृत्व और विनम्र व्यवहार एक सच्ची प्रेरणा है। एक यादगार और ज्ञानवर्धक अनुभव। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में लिखा, "प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और मिजोरम के लिए उनका आशीर्वाद मांगा। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष दिसंबर माह में राष्ट्रपति ने पांच राज्यों में राज्यपालों की नियुक्तियां और फेरबदल को मंजूरी दी थी।

## सुरक्षा बलों को मिली सफलता नक्सलवाद को एक और करारा झटका : अमित शाह



**नई दिल्ली**। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में मुठभेड़ में 14 नक्सलियों के मारे जाने के बाद सुरक्षा बलों के प्रयासों की सराहना की है। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद को एक और करारा झटका। हमारे सुरक्षा बलों ने नक्सल मुक्त भारत के निर्माण की दिशा में एक बड़ी सफलता हासिल की है। गृहमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा, "नक्सलवाद को एक और करारा झटका। नक्सल मुक्त भारत बनाने की दिशा में हमारे सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। ओडिशा-छत्तीसगढ़ सीमा पर सीआरपीएफ, एसओजी ओडिशा और छत्तीसगढ़ पुलिस ने संयुक्त अभियान में 14 नक्सलियों को ढेर कर दिया। नक्सल मुक्त भारत के हमारे संकल्प और हमारे सुरक्षा बलों के संयुक्त प्रयासों से आज नक्सलवाद अपनी अंतिम सांसें ले रहा है। एक अधिकारी ने बताया कि छत्तीसगढ़-ओडिशा सीमा पर छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के मैनपुर थाना क्षेत्र के कुल्हाड़ी घाट स्थित भालू डिग्गी जंगल में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में अब तक 14 नक्सलियों को ढेर किया जा चुका है। इनमें एक करोड़ का इनामी नक्सली जयराम उर्फ चलपति भी मारा गया है। मुठभेड़ के दौरान सुरक्षाबलों ने हथियार भी बरामद किए गए हैं, जिनमें एसएलआर राइफल जैसे ऑटोमैटिक हथियार शामिल हैं। नक्सल विरोधी इस सर्च ऑपरेशन में गरियाबंद ऑपरेशन ग्रुप ई30, कोबरा 207, सीआरपीएफ की 65 और 211 बटालियन, और एसओजी नुआपाड़ा की संयुक्त टीम शामिल है।

## सुरक्षाबलों के अभियान में 15 माओवादी ढेर, हथियार और गोला-बारूद बरामद



**गरियाबंद**। छत्तीसगढ़ और ओडिशा के सुरक्षाबलों ने नक्सलवाद के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। 21 जनवरी की सुबह दोनों राज्यों के सुरक्षाकर्मियों और सीआरपीएफ ने संयुक्त अभियान में 15 माओवादियों को मार गिराया। यह अभियान ओडिशा के नुआपड़ा जिले और छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के सीमावर्ती इलाकों में चलाया गया। अभियान की शुरुआत 19 जनवरी को एक गुप्त सूचना के आधार पर की गई थी। सुरक्षा बलों ने माओवादी गतिविधियों की सूचना मिलने के बाद अंतरराज्यीय ऑपरेशन चलाया। अभियान के दौरान सोमवार को सुरक्षाबलों की मुठभेड़ दो महिला माओवादियों से हुई, जिन्हें मार गिराया गया। मंगलवार सुबह तक मारे गए माओवादियों की संख्या 15 हो गई। मुठभेड़ स्थल से सुरक्षाबलों ने भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। बरामद सामग्री में एक एसएलआर, आईईडी और अन्य हथियार शामिल हैं। सुरक्षा बलों ने आशंका जताई है कि हताहतों की संख्या और बढ़ सकती है। एसओजी बलों और सीआरपीएफ के जवानों ने इस अभियान में साहस और संयम का परिचय दिया। दोनों ओर से गोलीबारी अभी भी जारी है, और सुरक्षाबल लगातार इलाके की तलाशी ले रहे हैं। माओवादियों की मौजूदगी को देखते हुए आसपास के इलाकों में चौकसी बढ़ा दी गई है।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की 10वीं वर्षगांठ मनाएगा महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

एजेंसी। नई दिल्ली




केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (बीबीबीपी) योजना की 10वीं वर्षगांठ मनाने जा रहा है। इस योजना के दस साल पूरे होने के मौके पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम 22 जनवरी से शुरू हो कर 8 मार्च तक चलेंगे। यानी इस जश्न का समापन अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर होगा। विज्ञान भवन में बुधवार को आयोजित होने वाले कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर भी शामिल होंगी। इस कार्यक्रम में सशस्त्र बलों, अर्धसैनिक बलों और दिल्ली पुलिस की महिला अधिकारी भाग लेंगी। इसके अलावा केंद्रीय मंत्रालयों की उप सचिव और उससे ऊपर के स्तर की महिला अधिकारी भी विज्ञान भवन में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में शामिल होंगी। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि इस कार्यक्रम में छात्राओं (माई भारत स्वयंसेवक), आंगनवाड़ी पर्यवेक्षक एवं कार्यकर्ता और जिले के प्रतिनिधियों को भी इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। इस कार्यक्रम में संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनीसेफ), संयुक्त राष्ट्र महिला संगठन, संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी), संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए), विश्व बैंक और जर्मन एजेंसी फॉर इंटरनेशनल कोऑपरेशन (जीआईजेड) जैसे अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि भी भाग लेंगे। विज्ञान भवन में उद्घाटन समारोह में मिशन वात्सल्य और मिशन शक्ति पोर्टल का भी शुभारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम में रैलियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सम्मान समारोह और संकल्प की गतिविधियां शामिल हैं। महिला सशक्तीकरण केंद्र के तहत अभियान शामिल होंगे, जिसमें स्कूली छात्राएं, सफल महिलाएं और सामुदायिक समूह सहित विविध हितधारकों को शामिल किया जाएगा। पूरे उत्सव के दौरान प्रिंट, डिजिटल और सोशल मीडिया के माध्यम से देशभर में अभियान चलाकर योजना के संदेश को प्रचारित किया जाएगा। इसमें वृक्षारोपण अभियान भी चलाया जाएगा। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को 22 जनवरी 2015 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हरियाणा के पानीपत में भारत में लिंग असंतुलन और घटते बाल लिंग अनुपात (सीएसआर) को खत्म करने के लिए शुरू किया गया था। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान लिंग असंतुलन और घटते बाल लिंग अनुपात की चिंताजनक स्थितियों के जवाब में शुरू किया गया था, जो अपने नीतिगत पहल से राष्ट्रीय आंदोलन में बदल गया।

### महाकुंभ में राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री भी लगाएंगे डुबकी

**नई दिल्ली**। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में देश-विदेश से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इस बार महाकुंभ में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी पवित्र संगम में डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। जानकारी अनुसार महाकुंभ में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 10 फरवरी को संगम में स्नान करेंगी, जबकि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 1 फरवरी को महाकुंभ में डुबकी लगाने पहुंचेंगे। यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 5 फरवरी को प्रयागराज पहुंचेंगे और महाकुंभ में स्नान करेंगे। प्रयागराज महाकुंभ में इन विशिष्ट हस्तियों की यात्रा को देखते हुए विशेष तैयारियां की जा रही हैं। प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं, और इन दिनों श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

# राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान 2 फरवरी से आम जनता के लिए खुलेगा

एजेंसी। नई दिल्ली



राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान 2 फरवरी से 30 मार्च तक आम जनता के लिए खुला रहेगा। लोग सप्ताह में छह दिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे के बीच उद्यान में जा सकेंगे। सप्ताह में एक दिन प्रत्येक सोमवार को उद्यान रखरखाव के लिए बंद रहेगा। राष्ट्रपति भवन की ओर से मंगलवार को जारी बयान के अनुसार, उद्यान 5 फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मतदान, 20 एवं 21 फरवरी को राष्ट्रपति भवन में आगंतुकों के सम्मेलन तथा 14 मार्च को होली के कारण बंद रहेगा। सभी आगंतुकों के लिए प्रवेश और निकास राष्ट्रपति भवन के गेट नंबर 35 से होगा। यह गेट नॉर्थ एवेन्यू से राष्ट्रपति भवन के नजदीक है। आगंतुकों की सुविधा के लिए, केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशन से गेट नंबर 35 तक शटल बस सेवा सुबह 9.30 से शाम 6 बजे के बीच हर 30 मिनट में उपलब्ध होगी। अमृत उद्यान चार दिन विशेष श्रेणियों के लिए खुला रहेगा। इसमें 26 मार्च को दिव्यांग व्यक्तियों के लिए, 27 मार्च को रक्षा, अर्धसैनिक एवं पुलिस बलों के कर्मियों, 28 मार्च को महिलाओं और आदिवासी महिला एसएचजी के लिए और 29 मार्च को वरिष्ठ नागरिकों के लिए आरक्षित है। गार्डन में बुकिंग और प्रवेश निःशुल्क है। ऑनलाइन बुकिंग राष्ट्रपति भवन की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर की जा सकती है। वॉक-इन आगंतुकों को राष्ट्रपति भवन के गेट के पास सुविधा काउंटर या स्वयं सेवा कियोस्क पर अपना पंजीकरण कराना होगा। राष्ट्रपति भवन 6 से 9 मार्च तक अमृत उद्यान के हिस्से के रूप में विविधता का अमृत महोत्सव भी आयोजित करेगा। इस वर्ष के महोत्सव में दक्षिण भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और अनूठी परंपराओं का प्रदर्शन किया जाएगा।

# क्या एआई के आने से दुनिया में गहराएगा बेरोजगारी संकट

एजेंसी। नई दिल्ली



माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला ने हाल ही में भारत का दौरा किया और देश में अपनी कंपनी के आगामी निवेश के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। नडेला ने बताया कि माइक्रोसॉफ्ट अगले दो वर्षों में भारत में 3 अरब डॉलर का निवेश करेगा, जो खास तौर पर क्लाउड और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में किया जाएगा। उनका कहना था कि इस निवेश से एआई का विकास और उपयोग तेजी से बढ़ेगा और भारत के तकनीकी क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने यह वादा भी किया कि अगले पांच वर्षों में माइक्रोसॉफ्ट एक करोड़ भारतीयों को एआई की ट्रेनिंग देने के लिए तैयार है, जिससे एक उच्च गुणवत्ता वाले तकनीकी कार्यबल की सृजन की योजना है। भारत में एसटीईएम (विज्ञान, तकनीकी, इंजीनियरिंग, गणित) स्नातकों की बड़ी संख्या को देखते हुए, नडेला ने भारत को एक प्रमुख वैश्विक तकनीकी केंद्र के रूप में देखा है। पश्चिमी देशों की जनसंख्या में कमी आ रही है, जिससे इन देशों को एआई और तकनीकी क्षेत्र में कुशल स्नातकों की जरूरत है। नडेला ने इस तथ्य को रेखांकित किया कि भारत में दुनिया के सबसे अधिक अंग्रेजी बोलने वाले एसटीईएम स्नातक तैयार होते हैं, और यह भारत को पूरी दुनिया के लिए एक बड़ा प्रतिभा स्रोत बना रहा है। पहले जहां भारतीय ज्यादा तकनीकी रूप से कम योग्यता वाले कार्यों में लगे थे, अब बड़ी वैश्विक कंपनियां भारत में ग्लोबल कैपबिलिटी सेंटर्स (जीसीसीएस) खोल रही हैं, जिससे भारत में उच्च स्तर के तकनीकी कार्यों का अवसर बढ़ा है। हालांकि एआई के प्रसार को लेकर कुछ आशंकाएं भी हैं। कुछ लोगों को डर है कि एआई लाखों नौकरियों को खत्म कर सकता है, और मशीनें इंसानों से ज्यादा बुद्धिमान हो सकती हैं। परंतु कई विशेषज्ञ मानते हैं कि हर नई तकनीक के साथ बेरोजगारी का डर होता है, जो अंततः गलत साबित होता है। जैसे पहले मशीनीकरण, व्यक्तिगत कंप्यूटर और इंटरनेट ने नई नौकरियों की सृजन की, वैसे ही एआई भी रोजगार के नए अवसर पैदा कर सकता है। नडेला ने इस बात पर जोर दिया कि एआई के कारण उत्पन्न होने वाली नौकरियों की कमी से निपटने के लिए सरकारों को उच्च कॉर्पोरेट मुनाफे और तकनीकी कर्मचारियों की उच्च आय पर टैक्स लगाकर बेरोजगारी मुआवजे की योजना बनानी होगी।

## आयकर विभाग 65 टीमों ने फिल्म प्रोड्यूसर दिल राजू के 8 ठिकानों पर मारे छापे

**हैदराबाद**। आयकर विभाग ने हैदराबाद में फिल्म प्रोड्यूसर दिल राजू के ऑफिस और घरों समेत उनकी संपत्तियों पर छापेमारी की है। सूत्रों के मुताबिक, छापेमारी उनके रिश्तेदारों के घरों समेत आठ अलग-अलग जगहों पर की गई है। दिल राजू, जिनका असली नाम वेलमकुचा वेंकट रमना रेड्डी है। दिल राजू एक तेलुगु फिल्म डिस्ट्रब्यूटर और प्रोड्यूसर हैं। वह श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स नामक एक प्रोडक्शन कंपनी के मालिक हैं। बता दें कि हाल ही में उन्हें राज्य सरकार द्वारा तेलंगाना फिल्म विकास निगम का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। दिल राजू के सभी परिसरों की तलाशी की जा रही है। जानकारी के मुताबिक आयकर विभाग की 65 टीमें छापे मार रही हैं। जनवरी में दिल राजू ने दो फ़िल्में बनाईं थीं। जहां पैन-इंडिया फिल्म गेम चेंजर ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं किया, वहीं उनकी दूसरी रिलीज़, संक्रांतिकी वस्तुन्नम, कई रिकॉर्ड तोड़ रही है और अच्छी कमाई कर रही है।

## श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी, बेहतर व्यवस्था के लिए पीएम मोदी, सीएम योगी का आभार जताया

**महाकुंभ नगर**। प्रयागराज में लगे महाकुंभ में गंगा और यमुना का संगम सिर्फ दो नदियों का नहीं, बल्कि सनातन धर्म को मानने वाले करोड़ों लोगों की आस्था का भी संगम है। देश-दुनिया से आने वाले लाखों-करोड़ों लोग यहां रोजाना संगम के तट और निर्मल गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य के भागीदार बन रहे हैं। वही संगम क्षेत्र में पहुंचे श्रद्धालुओं का कहना है कि इस बार पीएम मोदी और सीएम योगी ने जिस तरीके से यहां पर व्यवस्था की है, वह बहुत अच्छी है। सुरक्षा और स्वच्छता को लेकर सभी व्यवस्थाएं काफी अच्छी की गई हैं। 144 साल बाद आए इस महाकुंभ में स्नान करके हम धन्य महसूस कर रहे हैं। श्रद्धालु मनोज ने कहा कि यहां पर अच्छी व्यवस्थाएं देखने को मिल रही हैं। 144 साल बाद यह महाकुंभ आया है। इस महापर्व पर स्नान करके मैं खुद को धन्य महसूस कर रहा हूं। हम लोगों से भी यहां आने की अपील करते हैं। सरकार की ओर से सभी व्यवस्थाएं अच्छी की गई हैं। महिला श्रद्धालु करुणा ने कहा कि इस बार की व्यवस्था शानदार है।

## संक्षिप्त समाचार

### रांची के धुर्वा डैम से युवती का शव मिला

**एजेंसी । रांची ।** नगड़ी थाना पुलिस को धुर्वा डैम से मंगलवार को एक युवती का शव मिला। पुलिस ने स्थानीय गोताखोर के सहयोग से शव को पानी से बाहर निकाल लिया है। नगड़ी थाना प्रभारी अभिषेक राय ने बताया कि शव की शिनाख्त हटिया निवासी नरेश कच्छप की पुत्री एनी अनुष्का कच्छप के रूप में की गई है। युवती के परिजनों के अनुसार, पढ़ने के लिए कहने पर नाराज होकर वह घर से 16 जनवरी को निकली थी। इस संबंध में युवती के परिजनों ने जगन्नाथपुर थाने में उसके गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया था। थाना प्रभारी ने बताया कि युवती के शरीर पर किसी प्रकार के जख्म के निशान नहीं है। आशंका है कि युवती ने डैम में कुदकर आत्महत्या की है। शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है। घटना की जांच-पड़ताल की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पूरा मामला स्पष्ट हो सकेगा।

### जदयू प्रदेश कार्यसमिति की बैठक 25 को




**एजेंसी । रांची ।** जदयू प्रदेश कार्यसमिति की बैठक 25 जनवरी को होगी। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार ने मंगलवार को कहा कि प्रदेश कार्यालय में बैठक आहूत की गई है। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश जदयू अध्यक्ष व सांसद खीरू महतो करेंगे। बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, जिला, नगर अध्यक्ष एवं प्रकोष्ठों के अध्यक्ष शामिल होंगे।

### चाईबासा में 21 आईईडी और 55 पीस जिलेटिन बरामद



**एजेंसी । पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) में पुलिस और सुरक्षाबलों ने मंगलवार को नक्सलियों के खिलाफ सर्च अभियान के दौरान 21 आईईडी बम बरामद किया है। एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि पोड़ाहाट क्षेत्र में सूचना के आधार पर अभियान संचालित किया जा रहा था। इस दौरान कराईकेला थाना क्षेत्र के सेरेंगदा गांव के कुचा टोला के जंगली-पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से नक्सलियों के जरिये लगाए गए 21 आईईडी बरामद किया गया। एसपी ने बताया कि बम निरोधक दस्ता की सहायता से आईईडी को डिफ्यूज कर दिया गया। साथ ही एक पुराने नक्सली डम्प को सुरक्षा बलों के जरिये ध्वस्त किया गया। नक्सली डम्प से दो किलो के 12 आईईडी, एक किलो के नौ आईईडी और 55 पीस जिलेटिन की स्टीक बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि नक्सलियों के खिलाफ लगातार क्षेत्र में अभियान चलाया जा रहा है।

### आजसू पार्टी की केंद्रीय सभा धनबाद में 27 को




**एजेंसी । रांची।** ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) पार्टी की केंद्रीय सभा 27 जनवरी को धनबाद में आयोजित होगी। आजसू प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने मंगलवार को कहा कि 27 जनवरी को धनबाद जिले के पुटकी थाना क्षेत्र में स्थित भाटिंदा वॉटर फॉल के पास केंद्रीय सभा आयोजित की गई है। इसकी अध्यक्षता पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो करेंगे। बैठक में पार्टी की सालाना योजनाओं, भविष्य की रणनीति, कार्यक्रम और वर्तमान राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में केंद्रीय समिति, सभी केंद्रीय पदाधिकारी, जिला एवं प्रखंड समिति, जिले के सभी पदाधिकारी, प्रखंड सह नगर अध्यक्ष और सचिव, अनुसंगी इकाई के पदाधिकारी, जिला परिषद अध्यक्ष, जिला परिषद सदस्य, उपाध्यक्ष, प्रमुख, उप प्रमुख एवं विशेष आमंत्रित सदस्य शामिल होंगे।

## रामगढ़ में क्लासिक इंजिकॉम प्लांट में अवैध तरीके से हो रही थी स्टोन चिप्स की सप्लाई, विधायक ने पकड़ी छह गाड़ियां

**चितरपुर सीओ ने कार्रवाई का दिया निर्देश, माइनिंग इंस्पेक्टर ने दर्ज कराई प्राथमिकी**





**एजेंसी । रामगढ़।** जिले में क्लासिक इंजिकॉम प्लांट के द्वारा अवैध तरीके से स्टोन चिप्स खपाया जा रहा था। इस अवैध सप्लाई पर रामगढ़ विधायक ममता देवी ने ग्रहण लगा दिया। उन्होंने न सिर्फ स्टोन चिप्स से लदी छह गाड़ियां पकड़ी, बल्कि उनके दस्तावेज की जांच कराकर उन पर बड़ी कार्रवाई भी करा दी है। रजरप्पा थाने में मंगलवार को 6 स्टोन चिप्स लदे हाईवा पर खान निरीक्षक राहुल सिंह के बयान पर प्राथमिकी दर्ज हुई। इस मामले में चितरपुर अंचल अधिकारी दीपक मिंज ने भी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। जानकारी के अनुसार, रजरप्पा थाना क्षेत्र के लारी सुकरीगढ़ा गांव में सोमवार की रात जतराटूंगरी टोला के पास स्टोन चिप्स से लदे 10 हाईवा खड़े थे। ग्रामीणों ने इस अवैध सप्लाई और ओवरलोडिंग की शिकायत विधायक ममता देवी से की। विधायक जब वहां पहुंची तो वहां से चार गाड़ियां रफू चक्कर हो गई जबकि 6 गाड़ियों को उन्होंने पकड़ा और उनके ड्राइवर को बुलाकर चालान की मांग की। इस दौरान उन लोगों ने कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया। इसके बाद विधायक के निर्देश पर चितरपुर अंचल अधिकारी दीपक मिंज, रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे और अन्य अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी। हाईवा चालकों ने पुलिस को मोबाइल में चालान दिखाया लेकिन चालान निर्गत का समय रात 10:00 बजे के बाद था। वह चालान भी रांची के हरमू स्थित पते का था। ड्राइवर को या नहीं पता था कि चालान पर रांची जिला का एड्रेस लिखा हुआ है। पूछताछ के दौरान उन लोगों ने कहा कि वे लोग दुलमी प्रखंड के जरियो गांव से स्टोन चिप्स लादकर सिकनी में स्थित क्लासिक इंजिकॉम प्लांट में अनलोड करने जा रहे थे। इस मामले में विधायक ममता देवी ने रामगढ़ डीसी और माइनिंग विभाग को निर्देश दिया है कि एक टास्क फोर्स गठित कर इस पूरे अवैध कारोबार की जांच होनी चाहिए और इस पर प्रतिबंध लगना चाहिए। जो भी लोग दोषी पाए जाते हैं, उन पर सख्त कार्रवाई हो, तभी सरकार का राजस्व बच सकता है। इस मामले में जांच करने पहुंचे माइनिंग इंस्पेक्टर राहुल सिंह ने बताया कि स्टोन चिप्स का सप्लाई जिन गाड़ियों से किया जा रहा था उसमें ओवरलोड था। सभी हाईवा पर क्षमता से 400 सेफ्टी अधिक स्टोन चिप्स पाया गया है। इसके अलावा जो भी चालान प्रस्तुत किया गया है, वह रांची जिला का है। इस पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# रांची में पवन तिग्गा सहित सैकड़ों ने ली भाजपा की सदस्यता

**एजेंसी । रांची**






भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को मिलन समारोह सह सदस्यता कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने लोकहित अधिकार पार्टी के पवन तिग्गा के नेतृत्व में लोहरदगा से आए सैकड़ों लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। सदस्यता ग्रहण करने वालों में सुकरु उरांव, शशि नंदन भगत, तपेश्वर प्रजापति, एतवा उरांव, इलीशिबा मिंज, तारा भगत, सुरेशचंद्र साहू, लोलेन एक्का और बिमोला मिंज सहित लोकहित अधिकार पार्टी के लोहरदगा जिला के पदाधिकारी और सदस्य शामिल हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा एक विशाल परिवार है, जिसके 12.5 करोड़ से अधिक सदस्य हैं। पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है।उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अंत्योदय के साथ गांव, गरीब, किसान, दलित और आदिवासी की सेवा कर रही है। आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत का संकल्प हम सभी को मिलकर पूरा करना है। मरांडी ने हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य सरकार में रोज नए-नए भ्रष्टाचार के मामले उजागर हो रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया में वायरल एक वीडियो, जिसमें स्कूल के शिक्षक द्वारा साइकिल के लिए छात्र से 400 रुपये की मांग की जा रही है पर कहा कि भ्रष्टाचार से अब स्कूल के बच्चे भी अछूते नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार-2 को भ्रष्टाचार मिटाने के लिए गंभीर होना चाहिए नहीं तो भाजपा चुप नहीं बैठेगी। सदस्यता लेने के बाद पवन तिग्गा ने कहा कि वे पार्टी के नेतृत्व के आभारी हैं। आज भाजपा से ही जनता को उम्मीद है। भाजपा झारखंड अलग राज्य बनाने वाली पार्टी है और जितने विकास कार्य हुए हैं सब भाजपा सरकार की देन है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश का तेज गति से विकास हो रहा और कल्याणकारी योजनाओं से गरीबों को राहत मिल रही है। कार्यक्रम का संचालन शिवपूजन पाठक और धन्यवाद ज्ञापन सुनील फकीरा ने किया।

## रामलला की प्रथम वर्षगांठ पर पहाड़ी मंदिर में होगा बाबा का महारुद्राभिषेक



**एजेंसी । रांची**

पहाड़ी मंदिर में श्रृंगार परिवार के जरिये 22 जनवरी को रामलला की प्रथम वर्षगांठ मनाई जाएगी। मुख्य मंदिर में सुबह 10 बजे 151 लीटर दूध से बाबा का महारुद्राभिषेक से किया जाएगा। इसके मुख्य यजमान श्रृंगार परिवार के पंकज कुमार गुप्ता और राजेश कुमार गुप्ता होंगे। इस दौरान मंदिर में पूजा और दर्शन करने आए अन्य लोग भी महारुद्राभिषेक में भाग ले सकते हैं। दोपहर एक बजे से बाबा का भव्य श्रृंगार किया जाएगा। भजन-कीर्तन और आरती कर छप्पन भोग लगाया जाएगा। दोपहर दो बजे से भंडारा का आयोजन किया गया है।

## भूमि सुधार मंत्री ने फर्जी डीड पर लगाम लगाने के लिए सॉफ्टवेयर में सुधार के दिए निर्देश

**एजेंसी । रांची**



राजस्व और भूमि सुधार मंत्री दीपक बिरुआ ने मंगलवार को भू-राजस्व विभाग को फर्जी डीड पर लगाम लगाने के लिए एनआईसी के सॉफ्टवेयर में सुधार करने का निर्देश दिया है। मंत्री ने फर्जी डीड से किए जाने वाले भ्रष्टाचार पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि जब कोई व्यक्ति डीड अप्लाई करता है, तो संबंधित व्यक्ति को डीड का यूनिक नंबर मिलता है लेकिन उसमें छोटी-मोटी खामियां निकालकर उसके डीड को कैंसिल कर दिया जाता है। इसके कुछ ही दिन बाद दोबारा संबंधित व्यक्ति के उसी डीड नंबर को उसके आगे पीछे यूनिक नंबर लगाकर दोबारा डीड अप्लाई करवाया जाता है। इससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। इसी चक्कर में लंबित म्यूटेशन के मामले भी बढ़ते ही जा रहे हैं। इसलिए विभाग एक ही जमीन के लिए दोबारा डीड अप्लाई करने पर पूरी तरह से लगाम लगाए, जिससे फर्जी डीड बनाकर गलत तरीके से म्यूटेशन करने पर भी रोक लगेगी। मंत्री ने एनआईसी को निर्देश देते हुए कहा कि एनआईसी उम्दा सॉफ्टवेयर बनाए। दोबारा डीड अप्लाई करने पर तत्काल उस पर रोक लगाने की दिशा में काम करें। इससे विभिन्न अंचलों में लंबित म्यूटेशन के मामले घटेंगे। मंत्री ने कहा कि झारखंड में आदिवासियों-मूलवासियों को कई मायने में जमीन के संबंध में ज्यादा जानकारी नहीं होती है। अपनी ही जमीन की रसीद कटवाने या अन्य छोटे कार्यों के लिए बार–बार अंचल और यहां-वहां जाना पड़ता है। इसका बिचौलिए गलत लाभ उठाते हैं। किसी भी हाल में जमीन संबंधित विवाद पर फर्जीवाड़ा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुरखों की जमीन पर कुछ अंचलाधिकारी और कर्मी किसी खास व्यक्ति के इशारे पर जमीन अपने नाम या किसी चहेते के नाम कराने का धंधा चला रहे हैं। ऐसे पदाधिकारियों को चिह्नित कर उन पर कार्रवाई की जाएगी।

## मधुबन कांड को लोकसभा में उठाऊंगा : सीपी चौधरी

**एजेंसी । धनबाद**



धनबाद के बाघमारा स्थित मधुबन थाना क्षेत्र के हिलटॉप आउटसोर्सिंग में हुए हिंसक झड़प मामले को लेकर गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी धनबाद समाहरणालय पहुंच कर उपायुक्त से मंगलवार को मुलाकात की। इसके बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि हिलटॉप आउटसोर्सिंग की घटना बीसीसीएल एरिया 3 के प्रबंधन की देन है। यहां न सिर्फ स्थानीय रैयतों की मांग को अनदेखा किया गया, बल्कि फॉरेस्ट सहित कई अन्य क्लियरेंस भी नहीं ली गई और वहां कार्य शुरू कर दिया गया। जिससे झड़प हुई और उसमें एसडीपीओ सहित अन्य लोग घायल हुए। इस दौरान मेरे कार्यालय को भी जला दिया गया। उन्होंने कहा कि घटना से दो दिन पूर्व ही हमारी एरिया जीएम के साथ स्थानीय रैयतों की समस्या को लेकर वार्ता हुई थी। इसमें साफ कहा गया था कि स्थानीय रैयतों की मांग पूरी होने के बाद ही वहां काम चालू किया जाएगा, लेकिन दो दिन बाद ही काम चालू कर दिया गया। उन्होंने कहा कि जिस कारू यादव पर दर्जनों मामले दर्ज है वैसे व्यक्ति को बीसीसीएल और हिलटॉप आउटसोर्सिंग कंपनी ने कैसे ठेका दे दिया यह जांच का विषय है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि बीसीसीएल और प्रशासन के सहयोग से ही कारू यादव क्षेत्र का दबंग बना। पुलिस ने उसके इलाके में छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध कोयले का भंडार और हथियार बरामद किया गया। उन्होंने कहा कि झड़प में मेरा कोई हाथ नहीं है। उस दौरान मैं रेलवे की मीटिंग में दिल्ली में था। फिर भी मुझपर मामला दर्ज किया गया। उन्होंने कहा कि जिस तरह से आपराधिक तत्वों के सहयोग से यहां माहौल बिगाड़ा गया इसकी पूरी जांच होनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने इस मामले को संसद में भी उठाने की बात कही। उल्लेखनीय है कि गत नौ जनवरी को हिलटॉप आउटसोर्सिंग में हिंसक झड़प थी। इस दौरान दर्जनों राउंड गोलीबारी और बमबारी की गई थी। इस घटना में क्षेत्र के एसडीपीओ पुरूषोतम सिंह सहित कई अन्य घायल हुए थे।

## केंद्र के 1300 करोड़ का हिसाब नहीं दे पा रही राज्य सरकार : अमित मंडल

**एजेंसी । रांची**




भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता और गोड्डा के पूर्व विधायक अमित मंडल ने कहा कि झारखंड सरकार वर्ष 2019 से अब तक राज्य आपदा मोचन निधि (एसडीआरएफ) से खर्च हुए 1300 करोड़ रुपये का हिसाब नहीं दे पा रही है। मंडल भाजपा प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में अमित मंडल ने कहा कि 15वें आयोग की सिफारिश राज्य सरकार को विभिन्न क्षेत्रों में स्वास्थ्य क्षेत्र में 2370 करोड़, ग्रामीण स्थानीय निकायों (पंचायत) को 6585 करोड़, नगर निकायों को 3367 करोड़ और आपदा प्रबंधन विभाग को 3138 करोड़ रुपये की राशि 2026 तक मिलेगी। मंडल ने कहा कि 15वें वित्त (2021-2026) आयोग का कार्यकाल समाप्त होने वाला है और 16वें वित्त आयोग के गठन से पहले केंद्र सरकार ने सभी राज्यों को निर्देश दिया है कि वे पोर्टल पर अपना डाटा अपडेट करें। उन्होंने कहा कि विभागों के जरिये डाटा न देने के कारण पोर्टल अपडेट नहीं हो पा रहा है। मंडल ने कहा कि कृषि विभाग ने सूखा राहत के लिए आपदा फंड का इस्तेमाल किया लेकिन इसका हिसाब अभी भी लंबित है। स्वास्थ्य विभाग का अकेले 700 करोड़ का हिसाब बाकी है। इसमें कोरोना महामारी के दौरान जिलों को भेजी गई राशि भी शामिल है। उन्होंने कहा कि भविष्य में आपदा प्रबंधन से जुड़े कुछ प्रमुख निकाय राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण अपना काम करने में सक्षम नहीं हो पाएगी। फंड न मिलने से राज्य भर में जल और जलवायु परिवर्तन, भूवैज्ञानिक आपदा, औद्योगिक आपदा और मानव निर्मित आपदाएं प्रभावित हो जाएगी। मंडल ने कहा कि सरकार को बताना चाहिए कि स्वस्थ विभाग के 700 करोड़ और कृषि विभाग के 600 करोड़ रुपये कहां गए। इसका हिसाब नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार को बताना चाहिए कि आपदा से लड़ने के लिए कितनी राशि सरकार के पास है और भविष्य में यदि आपदा जैसी परिस्थिति आती है तो सरकार कैसे लड़ेगी। इस मौके पर भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाईक उपस्थित रहे।

## मधुबन झड़प मामले में हथियार के साथ शेख मोबिन गिरफ्तार



**एजेंसी । धनबाद**

मधुबन घटना मामले में पुलिस को एक और कामयाबी मिली है। नामजद आरोपित शेख मोबिन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शेख मोबिन हथियार के साथ रंगे हाथों पकड़ा गया है। उसके पास से एक देसी पिस्टल और चार गोली बरामद हुआ है। ट्रैफिक डीएसपी अरविन्द कुमार सिंह ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेस में जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार शेख मोबिन शेख डब्लू गुट का सदस्य है। एसपी ने बताया कि अभी तक मधुबन घटना मामले में 19 आरोपितों की गिरफ्तारी हो चुकी है। 70 से 80 नामजद आरोपित एवं अप्राथमिक आरोपितों की पुलिस को अभी भी तलाश है और लगातार छापेमारी जारी है। मधुबन कांड में अबतक कुल 12 एफआइआर दर्ज हो चुके हैं। उल्लेखनीय है कि मधुबन की घटना नौ जनवरी की है। मधुबन थाना क्षेत्र में वर्चस्व को लेकर बमबाजी-गोलीबारी, आगजनी एवं बाघमारा एसडीपीओ पर पथराव किया गया था।

## अवैध खनन पर एसडीओ ने की कार्रवाई, चार ट्रैक्टर जब्त



**एजेंसी । पलामू**

पलामू जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र के पोची स्थित औरंगा नदी से अवैध रूप से बालू का उठाव करते चार ट्रैक्टर जब्त किये गये है। सदर एसडीओ सुलोचना मीणा ने गुप्त सूचना पर मेदिनीनगर से स्पेशल फोर्स ले जाकर सभी ट्रैक्टरों को पकड़ा। सतबरवा थाना में सारे ट्रैक्टरों को लगाया गया है। इस संबंध में खनन विभाग को कार्रवाई के लिए जानकारी दी गयी है। जब्त टैक्टरों में दो ट्रैक्टर डालटनगंज विधायक के सतबरवा प्रखंड प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा का है, जबकि एक ट्रैक्टर कांग्रेस कार्यकर्ता दीपक चन्द्रवंशी एवं एक वीरेन्द्र कुशवाहा का बताया गया है। कार्रवाई के क्रम में विधायक प्रतिनिधि के जरिये एसडीओ की बात विधायक से कराने का प्रयास करने पर अनुमंडल पदाधिकारी काफी नाराज हुई। सदर एसडीओ ने मंगलवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि पोची स्थित औरंगा नदी से हर दिन बड़े पैमाने पर बालू का उठाव करके तस्करी की जाती है। इसी सूचना पर मेदिनीनगर से स्पेशल टीम ले जाकर मंगलवार सुबह करीब पांच बजे अचानक छापेमारी की गयी। एसडीओ जब पोची पहुंची तो उन्हें औरंगा नदी से चार ट्रैक्टर बालू लेकर आते दिखे। एसडीओ ने सभी ट्रैक्टरों को पकड़ा और थाने में लगा दिया। एसडीओ की इस कार्रवाई से बालू माफिया में हड़कंप मच गया है। इसके साथ ही विधायक प्रतिनिधि और कांग्रेस नेता की काली कमाई का भी खुलासा हुआ है।



# बोकारो पुलिस की तत्परताः 48 घंटे में सुलझाई हत्या की गुत्थी, पति निकला हत्यारा

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो** : बोकारो पुलिस ने एक अज्ञात महिला की हत्या के मामले को महज 48 घंटे के अंदर सुलझाकर अपराधी को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। इस केस ने न केवल पुलिस की त्वरित कार्रवाई को उजागर किया बल्कि एक प्रेम कहानी का ऐसा काला अध्याय भी सामने लाया, जो तमिलनाडु से शुरू होकर बोकारो में जघन्य हत्या पर खत्म हुआ।

बोकारो में रेलवे स्टेशन के पास केंद्रीय विद्यालय के बगल के खंडहर में मिली 20 वर्षीय महिला लक्ष्मी कुमारी के मर्डर मिस्ट्री को पुलिस ने सुलझा दिया। पुलिस ने 48 घंटे के भीतर हत्या का खुलासा करते हुए आरोपी रोहित महतो नामक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिसिया जांच में पता चला कि दोनों तमिलनाडु में काम करते थे और शादीशुदा थे। मृतका द्वारा घर ले जाने के दबाव में आरोपी ने हत्या को अंजाम दिया। पुलिस ने घटना से जुड़े सभी साक्ष्य जुटाकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।



बोकारो पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी ने कहा कि 19 जनवरी 2025 को दोपहर में बोकारो पुलिस को सूचना मिली थी कि रेलवे स्टेशन के पास सेंट्रल स्कूल के बगल में एक खंडहरनुमा भवन के शौचालय में महिला का शव पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि महिला की निर्ममता से हत्या कर शव को कंबल से ढककर फेंका गया है। युवती के शव की स्थिति बेहद भयावह है। दोनों हाथ पीछे बंधे हुए हैं, चेहरे को किसी भारी चीज से कुचला गया है, और गले पर गहरे दबाव के निशान पाए गए मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनास्थल पर जांच टीम भेजी।

**एसआईटी का गठन और वैज्ञानिक जांच**- घटना की जांच के लिए पुलिस उपाधीक्षक अनिमेष कुमार गुप्ता के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन किया गया। फॉरेंसिक वि और फिंगरप्रिंट टीम ने घटनास्थल से कई अहम जुटाए। तकनीकी शाखा ने भी स्थान का निरीक्षण कर कार्रवाई तेज की।

**48 घंटे में हत्या का खुलासा**- एसआईटी ने गहन अनुसंधान करते हुए 48 घंटे के भीतर महिला की पहचान और अपराधी की गिरफ्तारी की। मृतका लक्ष्मी कुमारी बिहार के गया जिले की निवासी थी, जबकि आरोपी रोहित महतो बोकारो के काशीटांड़ का रहने वाला है। दोनों तमिलनाडु की सुप्राजीत फैक्ट्री में काम करते थे, जहां उनकी मुलाकात हुई और प्यार परवान चढ़ा। सितंबर 2024 में दोनों ने शादी कर ली, लेकिन मृतका के ससुराल जाने के दबाव से रोहित तनाव में था। इसी तनाव में रोहित ने 17 जनवरी को रेलवे स्टेशन के पास खंडहर में ले जाकर गला घोटकर हत्या कर दी।

**साक्ष्य और जब्ती**- पुलिस ने आरोपी से मृतका का मोबाइल, कपड़े, आधार कार्ड, शादी का माला, खून लगे कपड़े और अन्य सामान जब्त किया। आरोपी ने मृतका का फर्जी आधार कार्ड भी बनवाया था।

**न्याय के लिए स्पीडी ट्रायल का प्रयास**- पुलिस ने मामले को सुलझाने में सफलता प्राप्त की है। मृतका के परिजनों ने शव की पहचान कर ली है। पुलिस ने कहा है कि आरोपी को स्पीडी ट्रायल के जरिए कठोर सजा दिलाई जाएगी।

**एसपी ने दी जानकारी**- बोकारो के एसपी ने बताया कि हत्या की गुत्थी को सुलझाते हुए पुलिस ने महिला का आधार कार्ड और अन्य सामान भी बरामद कर लिया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में पुलिस टीम ने अत्यंत कुशलता और तत्परता से कार्रवाई की है।

बोकारो पुलिस की यह सफलता अपराधियों को यह संदेश देती है कि कानून की पकड़ से बचना असंभव है।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा की बैठक में सदस्यता अभियान को सफल बनाने का लिया संकल्प

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो** : भाजपा की सदस्यता अभियान को लेकर कसमार प्रखंड कमिटी के द्वारा मंगलवार को कसमार में बैठक हुई। अध्यक्षता भाजपा प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार महतो ने की। बैठक में कसमार, गर्री, तेलमुंगा, धधकिया, सुरजुडीह सहित अन्य गांवो के भाजपाई शामिल हुए। बैठक के दौरान बताया गया कि सभी कार्यकर्ताओं को समय के अंदर अपने लक्ष्य को प्राप्त करना है। इस दौरान सभी सदस्यों को सदस्य बनने के बाद सक्रिय सदस्यता की प्रक्रिया को प्रेक्टिकल करते भाजपा के संगठन पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र महतो ने कहा कि 31 जनवरी तक भाजपा के सदस्य बन सकते हैं। साथ ही 25 जनवरी तक संविधान गौरव दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। बताया गया कि कसमार में संगठन महापर्व सदस्यता अभियान जारी है। उन्होंने कहा कि 50 प्राथमिक सदस्य बनने वाले भाजपा सदस्य बनने वाले भाजपा के सक्रिय सदस्य बनाए जाएंगे। बैठक में भाजपा नेता यदुनंदन जायसवाल, भवानी प्रसाद मुखर्जी, प्रताप सिंह, अशोक कुमार महतो, महेश प्रसाद स्वर्णकार, राहुल मुखर्जी, सुरेंद्र महतो, अजय ठाकुर सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### गणतंत्र दिवस की झांकी के थीम पर डीडीसी ने की चर्चा



**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो** : समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उप विकास आयुक्त (डीडीसी) गिरिजा शंकर प्रसाद ने आगामी 76 वें गणतंत्र दिवस पर विभिन्न विभागों द्वारा निकाले जाने वाली झांकी के थीम पर मंगलवार को चर्चा की। मौके पर डीआरडीए निदेशक मेनका, सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक पियूष, जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालखो, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, जिला पशु पालन पदाधिकारी डा. मनोज मणि, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य विभागों के कर्मी उपस्थित उपस्थित थे।

उप विकास आयुक्त ने क्रमवार विभिन्न विभागों के झांकी की तैयारी और उसके थीम की जानकारी ली। इस क्रम में पुलिस विभाग द्वारा साइबर क्राइम/डिजीटल एरेस्ट, अग्निशामन विभाग द्वारा आग बुझाने की गतिविधि, नगर निगम चास द्वारा रेन वार्टर हार्वेस्टिंग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा जगरनाथ मंदिर, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान भारत- डिजीटल मिशन, मत्स्य विभाग द्वारा केज फिसिंग, गव्य एवं पशुपालन विभाग द्वारा पेट क्लिनिक - मुख्यमंत्री पशुधन योजना, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा ग्रे वाटर मैनेजमेंट, कृषि- नाबार्ड - अग्रणी बैंक द्वारा कृषक पाठशाला/एफपीओ, जेएसएलपीएस द्वारा आर्थिक गतिविधि/लखपति दीदी, जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा माडल आंगनबाड़ी केंद्र, सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा मंईयां सम्मान योजना एवं परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा से संबंधित थीम की जानकारी दी गई। उप विकास आयुक्त ने सभी को झांकियों को ससमय तैयार करने, झांकी के लिए वाहन हेतु सभी विभागों को परिवहन विभाग से संपर्क स्थापित करने का निर्देश दिया। बैठक में कई पदाधिकारियों को उन्होंने थीम पर सुधार को लेकर सुझाव दिया।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ मना आरआर नृत्यशाला एंड आर्ट्स स्कूल का वार्षिकोत्सव



**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो** : वास्तु विहार-4 स्थित आर आर नृत्यशाला एंड आर्ट्स स्कूल का द्वितीय वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। स्कूल की प्राचार्या रजनी पाढ़ी की अध्यक्षता में आयोजित इस वार्षिकोत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि बोकारो विधायक श्वेता सिंह ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कला-संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डाला और लोगों से नृत्य, संगीत व ललित कलाओं से जुड़ने का आह्वान किया। इस दिशा में स्कूल द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। प्राचार्या रजनी पाढ़ी सहित कमेटी सदस्यों उमेश ठाकुर, राकेश चक्रवर्ती, मन्टू सिंह, संतोष, मैत्री मुखर्जी, सशीला सिंह और सभी कॉलनी निवासियों ने विधायक का स्वागत व अभिनंदन किया। इस अवसर पर बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुति से सभी को आनंदित किया। प्राचार्या रजनी पाढ़ी ने बताया कि इस संस्था में अनेक कलाओं नृत्य, संगीत, वाद्य, चित्रकला, ताइक्वान्डो और औरतों के लिए जुम्बा डांस का प्रशिक्षण दिया जाता है। इस अवसर पर संस्कार भारती बोकारो जिला के मंत्री स्वरूप शेखर पांडेय सहित राजेश चौधरी, धर्मवीर सिंह, रमानन्द पाढ़ी, आचार्य सुभाश, सुभम, राहुल प्रताप, आनंद, क्रिश, राजकुमारी मिश्रा, संजली तिवारी आदि उपस्थित थे।

## बोकारो के तीरंदाज दीपक कुमार एवं गोल्डी मिश्रा राष्ट्रीय खेल में करेंगे प्रतिनिधित्व

**पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने दीपक को किया सम्मानित**

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो** :उत्तराखंड में आगामी 28 जनवरी से 14 फरवरी तक आयोजित होनेवाले 38वें राष्ट्रीय खेल में बोकारो के दीपक कुमार कम्पाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा एवं गोल्डी मिश्रा रिकर्व टीम स्पर्धा में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। दीपक कुमार का 38 वें राष्ट्रीय खेल में चयन होने पर गोमिया के पूर्व विधायक सह बोकारो जिला तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष डॉ लंबोदर महतो ने मंगलवार को रांची स्थित अपने आवास पर शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। साथ हीं उनके उज्जवल भविष्य की कमाना की। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खेलों की तैयारी करने हेतु दीपक कुमार के पास आधुनिक उपकरण नहीं था, जिसके कारण अभ्यास में प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था। दीपक की प्रतिभा को देखते हुए डॉ लंबोदर महतो ने साढ़े तीन लाख की लागत की उच्च गुणवत्ता वाले आधुनिक उपकरण कम्पाउंड धनुष सेट उन्हें मुहैया कराई थी। पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने दीपक कुमार के अलावे बोकारो ज़िले के प्रतिभाशाली तीरंदाज गोल्डी मिश्रा, चितरंजन टुडू, आरती कुमारी, यावना यादव, रांची जिला की सावित्री कुमारी समेत जिले के दर्जनों खिलाड़ियों को उच्च गुणवत्ता के तीरंदाजी उपकरण एवं आर्थिक सहयोग मुहैया कराए हैं, जो सभी खिलाड़ी राज्य एवं देश का नाम रोशन कर रहे हैं । मौके पर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रशिक्षक करण कुमार कर्मकार, पवन करमाली एवं विक्की करमाली मौजूद थे।



## भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में तेजी लाने को लेकर शिविर का आयोजन

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो** :भारतमाला सड़क निर्माण परियोजना फेज टू एवं बरलंगा कसमार सड़क निर्माण कार्य को लेकर रैयतों के मुआवजे एवं भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया की अद्यतन स्थिति को लेकर मंगलवार को कसमार प्रखंड मुख्यालय के सभागार में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बोकारो के अपर समाहर्ता मो मुमताज आलम, जिला भू अर्जन पदाधिकारी द्वारिका बैठा एवं कसमार के अंचल अधिकारी प्रवीण कुमार मुख्य रूप से मौजूद थे। इस दौरान अपर समाहर्ता ने सड़क निर्माण परियोजनाओं को लेकर चल रहे कार्य की प्रगति की क्रमवार जानकारी ली। इस दौरान बचे हुए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक में भारत माला परियोजना के फेज वन व फेज टू तथा बरलांगा-कसमार पथ के लिए भूमि अधिग्रहण के एवज में भुगतान की प्रक्रिया को तेज करने को लेकर रैयतों की सुनवाई की गई। अपर समाहर्ता ने कहा कि मुआवजा भुगतान समय पर नहीं होने के कारण परियोजनाएं बाधित हो रही है। इसलिए इस दिशा में गंभीरता पूर्वक काम करने की जरूरत है। उन्होंने रैयतों से भी आग्रह किया कि वे आपसी विवादों को सुलझा कर जरूरी कागजात विभाग को उपलब्ध कराएं, ताकि मुआवजा भुगतान समय पर किया जा सके। मौके पर विभिन्न परियोजनाओं के संवेदक के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। मौके पर गंगा कंस्ट्रक्शन के नरेंद्र कुमार पांडेय, विकास कुमार, अमीन शरत कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।




## साहित्यलोक की रचनागोष्ठी में साहित्यकारों की प्रस्तुति से अभिभूत हुए श्रोता

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो** : बोकारो की साहित्यिक संस्था साहित्यलोक की मासिक रचनागोष्ठी कवि व गायक अरुण पाठक के सेक्टर 6 डी स्थित आवास पर आयोजित हुई। वरिष्ठ साहित्यकार रणधीर चन्द्र गोस्वामी की अध्यक्षता व साहित्यलोक के संयोजक अमन कुमार झा के संचालन में आयोजित इस रचनागोष्ठी में साहित्यकारों ने लोकजीवन, परंपरा, प्रेम, पर्व-त्योहार, मानवीय संवेदनाओं पर केंद्रित रचनाएं सुनाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा की अभिव्यक्ति से सभी को अभिभूत कर दिया। रचनागोष्ठी की शुरुआत जयंती पाठक द्वारा प्रस्तुत महाकवि विद्यापति रचित भगवती वंदना जय जय भैरवि.. से हुई। तत्पश्चात अमन कुमार झा ने अपनी रचना गुरु दक्षिणा मैथिली कहानी में विवाह के पारंपरिक रीति-रिवाजों व बदलते परिवेश में आए उनमें बदलाव की उहापोह को बहुत ही रोचक शैली में व्यक्त किया। राजेन्द्र कुमार ने मैथिली लघुकथा बिसरि जाइत छी में जीवन में भूल जाने की आवश्यकता को मार्मिक अंदाज में प्रस्तुत किया। शैलजा झा ने हिन्दी कविता स्त्री धन व मैथिली कविता ससम्मान एकटा प्रणाम, डॉ रणजीत कुमार झा ने जींस वाली कनिया, नीलम झा ने हिन्दी में रात के गहरे अंधेरे में जुगनू जगता रहा चुपचाप व मैथिली में कोना क पूछब अथक प्रश्न, वरिष्ठ साहित्यकार विजय शंकर मल्लिक सुधापति ने नव वर्ष पर बितलै चौबीस एलै पच्चीस, हे दाय नुनु करु अख्यास, अरुण पाठक ने मैथिली गीत, वरिष्ठ साहित्यकार बुद्धिनाथ झा ने अंग्रेजी नव वर्ष की जगह भारतीय नव वर्ष की वकालत करती मैथिली कविता व कुंभ पर एक बहुत ही मार्मिक कविता सुनाकर सबकी प्रशंसा पाई। अध्यक्षीय काव्य पाठ करते हुए रणधीर चन्द्र गोस्वामी ने हिन्दी कविता चलते ही रहेंगे हम व पापा सुनाकर सबकी दाद पाई। उन्होंने बोकारो में साहित्य के विकास में साहित्यलोक के योगदान की सराहना की। मैथिली में ॐ महाभारत महाकाव्य के रचयिता व साहित्यलोक के संस्थापक सदस्यों में से एक बुद्धिनाथ झा ने साहित्यलोक की स्थापना में तुला नंद मिश्र, गिरिजा नंद झा अर्धनारीश्वर, विजय शंकर मल्लिक सहित सक्रिय सदस्यों उदय कुमार झा, भुटकुन झा, कुमार मनीष अरविन्द, डॉ संतोष कुमार झा, अरुण कुमार पाठक, अमन कुमार झा आदि सहित स्व. महाकवि दया कांत झा व स्व. विनय कुमार मिश्र की रचनात्मक प्रतिभा व योगदान की प्रशंसा की। पठित रचनाओं पर समीक्षा टिप्पणी बुद्धिनाथ झा, सुधापति, संजय झा, राजेन्द्र कुमार, शंभु झा, गोस्वामी जी, विश्वनाथ झा ने दी। धन्यवाद ज्ञापन अरुण पाठक ने किया।



## डीवीसी आवास से जलापूर्ति पाइप की चोरी, होमगार्ड के जवानों ने एक को पकड़ा

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो थर्मल** : बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी की आवासीय कॉलोनी के आवासों में जलापूर्ति करने वाली पाइपों की चोरी से आवास में रहने वाले कर्मचारी काफी परेशानी का सामना करने को विवश हैं। सोमवार की रात्रि मुर्गी फ़ार्म कॉलोनी स्थित एचएमटी 13 नंबर बिल्डिंग में लगी वाटर सप्लाई की पाईप को चोरों ने खोलकर चोरी कर ली, जिसके कारण मंगलवार को पानी सप्लाई बाधित हो जाने से पूरे बिल्डिंग के कर्मचारी परेशानी उठाने को विवश रहे। इसके पूर्व भी एचएमटी कॉलोनी के तीन एवं चार नंबर बिल्डिंग, बैंक ऑफ इंडिया के मैनेजर के आवास में लगी वाटर सप्लाई वाली पाइप की चोरी कर ली गई है।



डीवीसी होमगार्ड के जवानों चंदन ठाकुर सहित अन्य ने मंगलवार की दोपहर लगभग एक बजे स्टेशन रोड स्थित एसडीटी एक नंबर में लगी वाटर सप्लाई वाली पाइप को खोलकर चोरी करते हुए अंबेडकर नगर निवासी दीपक कुमार को पाइप के साथ धर दबोचा। जबकि, एक अन्य चोर सन्नी भागने में कामयाब हो गया। जवानों ने पकड़े गए चोर दीपक कुमार को बरामद पाइप के साथ स्थानीय थाना के सुपुर्द कर दिया।

## प्रांतीय योजनानुसार सरस्वती विद्या मंदिर का निरीक्षण

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो** : प्रांतीय योजनानुसार मंगलवार को बोकारो के सेक्टर- 3 सी स्थित सरस्वती विद्या मंदिर का निरीक्षण किया गया। विद्या विकास समिति के निरीक्षक नीरज कुमार लाल के संयोजन में प्रधानाचार्य सरस्वती विद्या मंदिर, बाघमारा संतोष कुमार झा, प्रधानाचार्य सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, सेक्टर-2 ए बोकारो के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वंदना सभा में विभाग निरीक्षक व बाहर से आये प्रधानाचार्यों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं भारत माता, ओम तथा सरस्वती माता के चित्रों पर पुष्पार्चन कर किया। अपने आशीर्वचन में संतोष कुमार झा ने भैया बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों में आशा रहनी चाहिए, तभी वे आशा के बल पर ही अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने एक कहानी के माध्यम से कहा कि अगर आपके पास आशा हो तो प्रेम, शांति और विश्वास स्वयं अपने आप आ जाएंगे और आप अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे। वंदना संपन्न होने के पश्चात वंदना सभा, कार्यालय, पुस्तकालय प्रयोगशाला, संगणक कक्ष एवं सभी विभागों की पंजी इत्यादि का तीनों निरीक्षकों द्वारा गहन रूप से निरीक्षण किया गया। भैया बहनों के क्रियाकलाप एवं शैक्षिक गतिविधियों तथा आचार्य दीदी के पठन-पाठन का भी निरीक्षकों ने निरीक्षण किया। इस दौरान तीनों निरीक्षकों ने कन्या भारती, बल भारती तथा किशोर भारती के भैया बहनों के साथ एवं समिति सदस्य तथा आचार्यों के साथ भी बैठक की और सभी से शैक्षणिक व्यवस्था तथा अन्य व्यवस्थाओं में किस प्रकार सुधार लाया जाए, इस पर आपस में परिचर्चा हुई। इस अवसर पर विद्यालय के सचिव राजकुमार भी उपस्थित थे।



## नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुकरणीय अनुपालन को ले डीपीएस बोकारो को मिला सेवेन स्टार रैंकिंग अवार्ड

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो** : नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुपालन की दिशा में किए जा रहे अनुकरणीय प्रयासों के लिए दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) बोकारो को सेवेन स्टार रैंकिंग अवार्ड से नवाजा गया है। नई दिल्ली में सीईडी (सेंटर फॉर एजुकेशनल डेवलपमेंट) इंडिया इनिशिएटिव की ओर से स्कूल लीडर कांफ्रेंस के तहत स्टार रैंकिंग अवार्ड समारोह के दौरान विद्यालय को यह गरिमामयी उपलब्धि मिली। विद्यालय की ओर से उपप्राचार्य अंजनी भूषण ने कुमारमंगलम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. डॉ. दिनेश सिंह, एनसीईआरटी (राष्ट्रीय शैक्षणिक अनुसंधान परिषद) के संयुक्त निदेशक डॉ. श्रीधर श्रीवास्तव एवं सीबीएसई के उप सचिव (कौशल शिक्षा) सतीश पहल सहित अन्य शीर्ष शिक्षाविदों की उपस्थिति में यह सम्मान ग्रहण किया। देशभर से 1000 से अधिक प्रविष्टियों में 140 उक्त अवार्ड के लिए चुने गए। इनमें एनईपी कैटेगरी में डीपीएस बोकारो सेवन स्टार रैंकिंग पानेवाला झारखंड का एकमात्र स्कूल रहा।



नई दिल्ली से पुरस्कार प्राप्त कर लौटने के उपरांत मंगलवार को विद्यालय में आयोजित विशेष एसेंबली के दौरान उप प्राचार्य अंजनी भूषण ने उपप्राचार्या मनीषा शर्मा एवं शालिनी शर्मा के साथ प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार को यह अवार्ड सुपुर्द किया। इस दौरान पूरा वातावरण तालियों की गड़गड़ाहट से गुंजरित हो उठा। प्राचार्य डॉ. गंगवार ने विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को यह पुरस्कार समर्पित करते हुए बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसी उपलब्धियां हमें और कड़ी मेहनत के साथ काम करने की प्रेरणा देती हैं। उन्होंने आशा जताई कि सभी के सहयोग से विद्यालय आगे और भी ऐसे नए आयाम व कीर्तिमान स्थापित करता रहेगा।

प्राचार्य डॉ. गंगवार ने बताया कि डीपीएस बोकारो नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप अधिक से अधिक बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और विकास-उन्मुख शिक्षा प्रदान करने तथा उनके समग्र उत्थान के प्रति पूरी तरह से कटिबद्ध है। इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए हमने अपनी बुनियादी अवसंरचना को सुदृढ़ किया है और इस शैक्षणिक सत्र से ह्यूमैनिटीज (मानविकी) संकाय की शुरुआत की है। साथ ही, छात्रों को विविध नवीन संसाधनों के माध्यम से अनुभवात्मक शिक्षा के अवसर प्रदान किए जाते हैं। वर्चुअल रियलिटी, कॉमर्स लैब, एयरो लैब और रोबोटिक्स लैब जैसी सुविधाएं विद्यार्थियों को कक्षा में पढ़ाए गए सिद्धांतों को देखने, समझने और व्यावहारिक रूप से लागू करने में सक्षम बनाती हैं। शैक्षणिक भ्रमण उनके दृष्टिकोण को और विस्तारित करते हैं। विभिन्न व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम भी संचालित किए जाते हैं, ताकि हमारी नई पीढ़ी को अधिकाधिक स्वरोजगारोन्मुखी अवसर भी दिए जा सकें।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
RNI : JHAHIN/2014/54374
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, बुधवार, 22 जनवरी, 2025



# प्रहरी मेला की हिसीम पंचायत कमेटी का हुआ गठन

## नितेश करमाली अध्यक्ष बने व नितेश टुडु सचिव

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो** : कसमार प्रखंड के हिसीम पंचायत सचिवालय के निकट ग्रामीणों की एक बैठक मंगलवार को सुनील कुमार महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 10 से 17 मार्च तक प्रखंड के खैराचातर में भूतपूर्व सरपंच सुरेश जायसवाल की पुण्यतिथि पर सामाजिक सांस्कृतिक जागरूकता के लिए आयोजित होने वाले प्रहरी मेला को सफल बनाने के लिए हिसीम पंचायत स्तरीय प्रहरी मेला कमेटी का गठन किया गया। इसके तहत नितेश करमाली अध्यक्ष, वीरेंद्र महतो व धनीराम मुंडा उपाध्यक्ष, नितेश टुडु सचिव, रामधन महतो उपसचिव, देवलाल महतो कोषाध्यक्ष, संजीत महतो सोशल मीडिया प्रभारी तथा राजेश महतो, विक्की कुमार महतो, श्रीकांत सोरेन, संतोष टुडु, संजय कुमार महतो आदि कार्यकारिणी सदस्य चुने गये। बतौर पर्यवेक्षक आनंद कुमार महतो व दिलीप कुमार महतो की देखरेख में गठन किया गया। आनंद महतो ने बैठक में बताया कि इस बार प्रहरी मेला के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती समारोह का आयोजन होना है। इसे भव्य व सफल बनाने के लिए पंचायत कमेटियां बनायी जा रही है। मेला के संचालन में पंचायत कमेटियों की भी अहम भूमिका होगी। बैठक में दिलीप कुमार महतो, दिनेश महतो, राजेश महतो, रामकुमार महतो, नरेश कुमार महतो, अजित कुमार महतो, धनंजय महतो, धनुराम मुंडा, हाबु महतो, धर्मेंद्र कुमार, वीरेंद्र महतो, विमल महतो, मनोज मुर्मू, श्रीकांत सोरेन, संतोष टुडु, बालचंद टुडु, मंडल सोरेन, सरोज महतो, संदीप महतो आदि मौजूद थे।




## बेड़ो में मना मंगलवारी हनुमान चालीसा का वर्षगांठ



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बेड़ो**:- बेड़ो महादानी मन्दिर परिसर स्थित हनुमान मन्दिर में मंगलवारी हनुमान चालीसा का वर्षगांठ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस हनुमान चालीसा पाठ कार्यक्रम का शुभारंभ 7 साल पहले एकल अध्यक्ष रमेश प्रसाद गुप्ता,राजेश गोप एवं संस्कार प्रमुख मुकेश कु0 रॉय ने किया था। वहीं वर्षगांठ के अवसर पर पुजारी अशोक पंडा ने हनुमान जी का विधिवत धार्मिक अनुष्ठान व पूजा अर्चना कराया। साथ ही श्री हरी रथ सेवा योजना मण्डली द्वारा सभी रामभक्तों के बीच सुन्दरकाण्ड का पाठ और हनुमान चलीसा का संगीतमय पाठ किया गया। वहीं रामभक्तों के बीच भंडारा के दौरान भोग व प्रसाद का वितरण किया गया। इधर इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बेड़ो रौनियार वैश्य संघ इकाई बेड़ो के अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, एकल अभियान संच बेड़ो अध्यक्ष डॉ रमेश प्रसाद गुप्ता, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, मिडिया प्रभारी विकास बंटी रौनियार, कोषाध्यक्ष अमर गुप्ता, संदीप सोनी, धनंजय महतो, रोशन महतो,

नित्यानंद महतो,बोधन स्वांसी, दशरथ अहीर, मधुसूदन अहीर व कुश कुमार आदि ने सराहनीय योगदान दिया।

## बोकारो में पुलिस संबंधी जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन आज

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो** : पुलिस मुख्यालय झारखण्ड, रांची के निर्देशानुसार नागरिकों की शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निवारण तथा पुलिस एवं नागरिकों के बीच अविश्वास एवं दूरी को समाप्त करने के उद्देश्य से बुधवार को आमजनों की शिकायतों के निवारण हेतु जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। चंदनकियारी, पिण्ड्राजोरा, चास, महिला थाना-चास, बरमसिया ओपी, अमलाबाद ओपी, भोजूडीह ओपी, चन्द्रपुरा, बोकारो झरिया, दुग्धा, बालीडीह, बालीडीह ओपी, माराफारी, सिटी थाना, सेक्टर-4 थाना एवं सेक्टर-6 थाना क्षेत्र के आमजन को पुलिस से संबंधित कोई शिकायत एवं अन्य प्रकार की शिकायत हो तो, उसपर त्वरित निष्पादन/निवारण हेतु आइटीआइ कैम्पस पिण्ड्राजोरा, डीवीसी प्लस टू हाईस्कूल चन्द्रपुरा, सेक्टर-टू डी कला केन्द्र बोकारो एवं मध्य विद्यालय सिवनडीह माराफारी में उक्त निर्धारित तिथि पर आयोजित जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपनी बात रख सकते हैं। साथ ही, दूरभाष संख्या 9470947322 तथा ईमेल आईडी जनशिकायत-बोकारो-एट द रेट जेएचपुलिस डॉट इन के जरिये भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। मामले पर सुनवाई करते हुए विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक कार्यालय बोकारो द्वारा दी गई है।

## बेड़ो में टाटा मैजिक व मोपेड की टक्कर में तीन घायल, एक रेफर





राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बेड़ो**:- बेड़ो थाना क्षेत्र के तुको से नरकोपी व पहाड़कंडरिया जाने वाली पथ पर चचकोपी गांव के बजरंगबली मंदिर के समीप मंगलवार की पूर्वाह्न लगभग साढ़े ग्यारह बजे टाटा मैजिक व मोपेड की टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में मोपेड सवार बेड़ो मंदरी गांव निवासी 60 वर्षीय किसान बांदे उरांव व टाटा मैजिक चालक बेड़ो दिघिया गांव निवासी 19 वर्षीय जीवन लकड़ा और 17 वर्षीय मनीष खेस शामिल हैं। जिन्हें ग्रामीणों के सहयोग से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां डा मेघा भगत ने तीनों घायलों का प्राथमिक उपचार कर गंभीर रूप से घायल बांदे उरांव को बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया। बांदे उरांव के स्वजनों ने बताया कि बांदे बेड़ो सब्जी मंडी में मटर बेचकर अपने घर जा रहा था। वहीं टाटा मैजिक वाहन पहाड़ कंडरिया से दिघिया की ओर आ रही थी। इसी बीच यह हादसा हुआ।

## मूलवासी सदानों का मिलन समारोह 29 जनवरी को

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बेड़ो**:- बेड़ो प्रखंड के बारीडीह पड़हा मैदान में सोमवार को प्रखंड के मूलवासी सदान मोर्चा की एक आपात बैठक प्रखंड अध्यक्ष धनंजय कुमार राय के अध्यक्षता में किया गया। बैठक में विचार मंथन के बाद आगामी 29 जनवरी दिन बुधवार को बारीडीह गांव स्थित पड़हा मैदान में सदान मोर्चा का वृहत मिलन समारोह सह पिकनिक का आयोजन किया गया है। प्रखंड अध्यक्ष धनंजय कुमार राय ने कहा कि इस कार्यक्रम में गांव-गांव से सदानों का महाजुटान होगा। उन्होंने कहा कि इस मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सदानों में उत्साह भरेंगे। आज हम झारखंड के मूलवासियों को 1932 के ख़तियानी का क्या करना होगा ? उन्होंने कहा कि झारखंड में जिस तरह मूलवासी सदानों अनदेखी और उपेक्षा की जा रही है। इसको लेकर सदान समुदाय अपने बाल बच्चों की आने वाले भविष्य को लेकर बेहद चिंतित हैं। उन्होंने आगामी बैठक में राज्य में वर्तमान स्थिति पर राजनीतिक चर्चा करने और आगे की रणनीति पर विचार विमर्श किए जाने की बात कही। साथ ही उन्होंने सदानों से एकजुट होकर इसे सफल बनाने का आह्वान किया।

## पुवाल की ढेर में मिला महिला का शव, जाच में जुटी पुलिस



- कुछ ग्रामीण ने खेत की तरफ से उठते धुएं को देखा
- माल पहाड़ी थाना प्रभारी अंशु उपाध्याय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे पुलिस ने तत्काल आग को बुझाने का प्रयास किया और मामले की जांच में जुट गए

**पाकुड़**: घटना मालपहाड़ी थाना क्षेत्र के बिशनपुर भुषका स्थित बहियार में मंगलवार की दोपहर एक महिला का जला हुआ शव बरामद किया गया। घटना की जानकारी तब सामने आई जब कुछ ग्रामीण ने खेत की तरफ से उठते धुएं को देखा। जिसमे एक शव दिखाई दिया ,शव बुरी तरह जला हुआ था जिसके कारण महिला की पहचान नहीं हो पा रही है। घटना के सूचना मिलते ही माल पहाड़ी थाना प्रभारी अंशु उपाध्याय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे पुलिस ने तत्काल आग को बुझाने का प्रयास किया ।और मामले की जांच में जुट गए मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने महिला की पहचान से इनकार कर दिया । पाकुड़ एसडीपीओ डीएनए आजाद ने बताया कि पुलिस महिला की पहचान के लिए हर संभव प्रयास कर रही है । घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस कई तरह से जांच कर रही है।

यह भी पता है लगाया जा रहा है कि क्या यह हत्या का मामला है या फिर कोई अन्य कारण है स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है और आसपास के इलाकों में लापता महिलाओं की जानकारी जुटा जा रही है ताकि महिला का पहचान हो सके ।

## पोषण ट्रैकर का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन



**लिट्टीपाड़ा** : पोषण ट्रैकर का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन मंगलवार को प्रखंड के सभागार में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में पीरामाल फाउंडेशन के प्रशिक्षक मीना कुमारी, दुर्गेश दुबे, अरशद अली और एस्पिरेशन ब्लॉक से फैलो वंदना कुमारी के द्वारा पोषण ट्रैकर पे विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण सेविकाओं को दिया गया। साथ ही साथ एडब्लू डब्ल्यू को पोषण ट्रैकर में कार्य करने में आ रही समस्याओं के समाधान और पोषण ट्रैकर से संबंधित जानकारी ब्लॉक की 60 सेविकाओं को दिया गया। प्रशिक्षण में सेविकाओं को पोषण ट्रैकर अपडेट करना, नए लाभार्थी की फीडिंग करना, पूर्व शिक्षा के बच्चों की उपस्थिति भरने से संबंधित जानकारी प्रदान किया गया। पीरामल फाउंडेशन की टीम के द्वारा पोषण ट्रैकर पर प्रशिक्षण के साथ साथ मातृ, नवजात एवं बाल स्वास्थ्य एवं पोषण पर चर्चा करते हुए जीवन के 1000 प्रथम दिन और एनीमिया के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। मौके पर महिला पर्यवेक्षिका सहित सेविका उपस्थित थे।

# जिले के विभिन्न प्रखंड में आयोजित आयुष जांच शिविर में 295 लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया

## कैंप में 59 लोगों को योगाभ्यास भी कराया गया

**पाकुड़** : लिट्टीपाड़ा के रनबरिया हिरणपुर के देवापाड़ा, महेशपुर के लखीपुर एवं पाकुड़िया के मोंगलाबाध में आयुष विभाग की ओर से मंगलवार को आयुष कैंप लगाकर कुल 295 लोगों का स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवा दिया गया। डॉ राजेश कुमार, डॉ लवकुश यादव, डॉ अशोक मेहता एवं डॉ बिरेंद्र कुमार विश्वकर्मा ने बताया की इस कैंप में आज रक्तचाप, मधुमेह, जॉइंट पेन, गठिया, बच्चों से संबंधित आदि रोगों का जांच निशुल्क किया गया। साथ ही सभी को मुफ्त दवा भी दी गई। वहीं शिविर में आने वाले मरीजों को शुगर, ब्लड प्रेशर का भी जांच की गई। कैंप में योग प्रशिक्षक के द्वारा योगाभ्यास कराया गया। प्रशिक्षक ने बताया कि अगर मनुष्य अपनी जीवन शैली में सुधार कर लेता है तो वह रोगमुक्त जीवन यापन कर सकता है। अगर मनुष्य रोजाना 30 मिनट योग और संतुलित आहार का प्रयोग करें तो वह स्वस्थ रह सकता है। 22 जनवरी 2025 को पाकुड़ के ईलामी लिट्टीपाड़ा के धुंधपहारी एवं बड़ाघाघरी, हिरणपुर के बागशिशा, महेशपुर के रामनाथपुर एवं पाकुड़िया के फुलझिझरी में आयुष जांच शिविर लगाकर लोगों को स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी एवं जांच किया जाएगा।

**रक्तचाप, मधुमेह, जॉइंट पेन, गठिया, बच्चों से संबंधित आदि रोगों का जांच निशुल्क किया गया**



# मनोज कपरदार को मिलेगा जयशंकर प्रसाद स्मृति सम्मान

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो** : कसमार प्रखंड के बगदा निवासी कला समीक्षक मनोज कुमार कपरदार को वर्ष 2025 का जयशंकर प्रसाद स्मृति सम्मान प्रदान किया जायेगा। सम्मान देने का निर्णय जयशंकर प्रसाद विचार मंच, रांची के द्वारा लिया गया है। यह सम्मान इन्हें गोस्सनर कॉलेज, रांची के सेमिनार हॉल में आयोजित भव्य कार्यक्रम में 30 जनवरी को प्रदान किया जायेगा। यह जानकारी जयशंकर प्रसाद विचार मंच के संस्थापक सचिव सुरेश निराला ने दी। यह सम्मान विगत नौ वर्षो से लगातार झारखंड के ख्याति प्राप्त साहित्यकारों को दिया जाता है। मनोज कुमार कपरदार को यह सम्मान कला संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट लेखन कार्य के लिये प्रदान किया जायेगा। पुरस्कार के रूप में स्मृति चिन्ह, सम्मान पत्र, अंगवस्त्र और उपहार प्रदान किया जायेगा।

महाकवि जयशंकर प्रसाद की जयंती पर जयशंकर प्रसाद विचार मंच उत्कृष्ट रचनाकर्म के आधार पर हर वर्ष यह सम्मान देती है। मनोज कुमार कपरदार झारखंड के कलाकारों और कलाकृतियों पर निरंतर लेखन कार्य कर रहे है। इनके लेखन से झारखंड की कला को एक राष्ट्रीय पहचान मिली है। |



हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
RNI : JHAHIN/2014/54374
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, बुधवार, 22 जनवरी, 2025



## संक्षिप्त समाचार

### धन के पीछे मत भागो, नारायण को अपना लो लक्ष्मी स्वयं आयेंगी - साध्वी शिखा

**धनबाद, एजेंसी।** वृज मंडल में नंदोत्सव मनाया जा रहा है। सब खुशी से नाच रहे हैं। गोपियां भी सज धज कर वहां गयीं। सब कुछ न कुछ उपहार लेकर गयी हैं। सब भगवान का दर्शन करने गये हैं। लेकिन मईया रोहिणी उदास हैं। उनकी उदासी के दो कारण है, एक पति कारागार में हैं। दूसरा उनका एक वर्ष के पुत्र बलराम ने अभी तक आंखें नहीं खोली है। रोहिणी को उदास देख मइया यशोदा उन्हें साथ लेकर नंदोत्सव में जाती हैं। रोहिणी बलराम को बाल कान्हा के बगल में लिटा देती हैं। कान्हा का स्पर्श मिलते ही बलराम आंखें खोल देते हैं। यह बातें साध्वी शिखा चतुर्वेदी ने श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन कोयला नगर दुर्गा मंदिर में भक्तों से कही। दुर्गा पूजा समिति कोयला नगर द्वारा कथा आयोजित की गयी है। यह कथा का तीसरा साल है। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष बीके झा, सचिव अरुण प्रकाश पांडेय, राम खेलावन शर्मा, पवन चौधरी, राजीव बोस, कौशिक चटर्जी, अमृत लाल बाउरी, दारोगा महतो, जितेंद्र महतो, शांतनु बनर्जी, हरेंद्र महतो, बीके भट्ट, विजय मंडल, ऋषिकेश सिंह, रामसुजन सिंह, श्याम प्रकाश पांडेय, टीके तिवारी, अमित शरण, बीएन राणा, डीएन सिंह, गीता दुबे, मुन्नी देवी, अंजनीकांत शुक्ला आदि सक्रिय हैं।

### झारखंड में एक बार फिर शुरू होगा एकलव्य और आश्रम विद्यालय : चमरा लिंडा

**रामगढ़, एजेंसी।** झारखंड के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री चमरा लिंडा हजारीबाग जाने के दौरान रविवार को रामगढ़ के मांडू में रुके। यहां झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव फागू बेसरा ने उनका स्वागत किया। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए चमरा लिंडा ने कहा कि झारखंड में एक बार फिर एकलव्य विद्यालय और आश्रम विद्यालय की शुरुआत की जाएगी। जिन स्थानों पर पहले से इन विद्यालयों का निर्माण हो चुका है, वहां पढ़ाई अभी बंद है। लेकिन सरकार योजनाबद्ध तरीके से उन विद्यालयों में शिक्षा देने की शुरुआत करेगी। आदिवासी समाज के बच्चों को उच्च शिक्षा उपलब्ध हो, इसके लिए हेमंत सोरेन की सरकार ने पहले भी बड़े फैसले लिए हैं। यहां के बच्चों को पढ़ने के लिए इंग्लैंड भेजने का फैसला भी सरकार ने लिया है। कई बच्चे स्कॉलरशिप पर वहां पढ़ाई कर रहे हैं। लेकिन देश में भी झारखंड के बच्चे बेहतर सेवा दे सकें, इसलिए यूपीएससी, इंजीनियरिंग और मेडिकल की पढ़ाई के लिए भी सरकार योजना बना रही है। यूपीएससी की तैयारी करने के लिए दिल्ली में शिक्षा उपलब्ध कराया जाएगा। रांची में भी नीट, आईआईटी के तहत इंजीनियरिंग और मेडिकल की पढ़ाई छात्रों को कराई जाएगी। इन सभी मुद्दों पर विभाग अपनी योजना तैयार कर रहा है।

### एसएनएमएमसीएच समेत सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में रोटा वायरस वैक्सीन की कमी

**धनबाद, एजेंसी।** शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसएनएमएमसीएच) समेत जिला अस्पताल व विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में बने वैक्सीनेशन केंद्र में रोटा वायरस वैक्सीन की कमी हो गयी है। कई केंद्रों में वैक्सीन उपलब्ध नहीं होने के कारण बच्चे वैक्सीनेशन से वंचित हो रहे हैं। यह वैक्सीन नवजात बच्चों में कोल्ड डायरिया रोकने के लिए दी जाती है। नवजात को पहली खुराक 15 सप्ताह की उम्र से पहले देने का नियम है। जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉ रोहित गौतम ने बताया कि मुख्यालय से वैक्सीन की सप्लाई होती है। गत कुछ माह से सीमित संख्या में वैक्सीन पहुंच रही है। यही वजह है कि स्वास्थ्य केंद्रों में समय पर वैक्सीन मुहैया नहीं हो पा रही है। बताया कि दो दिन पूर्व मुख्यालय से रोटा वायरस की तीन हजार वैक्सीन की स्टॉक भेजी गयी है। इसे विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में वितरित कर दिया गया है। शिशुओं को दो से तीन माह की उम्र में रोटा वायरस वैक्सीन की पहली खुराक दी जाती है। दूसरी खुराक चार से आठ सप्ताह के अंतराल पर दी जाती है। वहीं तीसरी और अंतिम खुराक चार से आठ माह के अंतराल पर दी जाती है। रोटा वायरस वैक्सीन गंभीर दस्त और डिहाइड्रेशन से बचाव के लिए दी जाती है। यह वैक्सीन शिशुओं और बच्चों को दी जाती है जो रोटा वायरस से संक्रमित होने के उच्च जोखिम में होते है।

# अबुआ बजट में अल्पसंख्यकों के आर्थिक विकास की योजनाएं शामिल हो: आमया



**रांची, एजेंसी।** अबुआ बजट को लेकर आमया संगठन के तत्वावधान पर अंजुमन प्लाजा में सोमवार को बैठक हुई। जिसमें अल्पसंख्यकों के शैक्षणिक, आर्थिक, सामाजिक एवं मूलभूत सुविधाओं से जुड़े योजनाओं को लेकर परिचर्चा की गई। मौके पर आमया संगठन के केन्द्रीय अध्यक्ष एस अली ने मुख्यमंत्री और विभागीय मंत्रियों के नाम प्रस्ताव पत्र जारी किया। मौके पर आमया संगठन के जियाउद्दीन अंसारी, मो फुरकान, एकराम हुसैन, मौलान फजलूल कदीर, शाहिद अफरोज, औरंगजेब आलम, अलाउद्दीन अंसारी, जावेद अंसारी, अब्दुल बारी, सिद्दीक अंसारी, असलम अंसारी, हसन अंसारी, इमरान जिलानी आदि मौजूद थे।

**अल्पसंख्यक प्रभाग के बजट में बढ़ोतरी कर 500 करोड़ करने की मांग :** जारी प्रस्ताव में अल्पसंख्यक प्रभाग के बजट में बढ़ोतरी कर 500 करोड़ करने, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना में अल्पसंख्यक युवकों का बजट 200 करोड़ करने, अल्पसंख्यक प्री मैट्रिक स्कालरशिप योजना शुरू करने, जिला स्तर पर प्लस 2 अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय खोलने, अल्पसंख्यक विद्यालय एवं मदरसा में स्मार्ट क्लास रूम योजना करने, राजधानी में अल्पसंख्यक महिला छात्रावास का निर्माण कराने, अल्पसंख्यक युवक-युवती के रोजगारोन्मुखी स्किल्ड ट्रेनिंग योजना करने और अल्पसंख्यक बहुल प्रखंडों में लाइब्रेरी का निर्माण करना पारित किया गया।

**अल्पसंख्यक बहुल पंचायतों में कम्यूनिटी हॉल का निर्माण हो :** इसके अलावा अल्पसंख्यक बहुल पंचायतों में कम्यूनिटी हाल का निर्माण करने, अल्पसंख्यक लड़कियों के लिए शादी सहायता योजना शुरु करने, बिहार मौलाना मजहरुल हक अरबी फारसी युनिवर्सिटी के तर्ज पर झारखंड में मौलाना आजाद अरबी फारसी युनिवर्सिटी खोलने, एमएसडीपी योजना के तहत निर्मित आईटीआई,पोलीटेकनिक व अन्य तकनीकि संस्थान में अल्पसंख्यक छात्रों के लिए पढ़ाई शुरू करवाने, यूपीएससी एवं जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में पीटी उत्तीर्ण अल्पसंख्यक अभ्यर्थियों को निः शुल्क कोचिंग कराने अथवा छात्रवृत्ति देने, प्रत्येक निगम वार्ड में अल्पसंख्यक कम्यूनीटी हॉल का निर्माण करने व सावित्रीबाई फुले किशोर समृद्धि योजना के तर्ज पर अल्पसंख्यक महिलाओं व बच्चियों के लिए फातिमा शेख किशोरी समृद्धि योजना शुरू करने का प्रस्ताव पारित हुआ।

वहीं अबुआ बजट में फूलो झानो आशीर्वाद अभियान के तर्ज पर अल्पसंख्यक महिलाओ के लिए फातिमा शेख प्रोत्साहन अभियान शुरु करने, अल्पसंख्यक गांव/ पंचायतों में सड़क व पुल निर्माण योजना शुरू करने, अल्पसंख्यक किसानों के लिए डीप बोरिंग, सोलर पम्प, ट्रेक्टर, कृषि उपकरण वितरण योजना शुरू करने, अल्पसंख्यक के जीविकोपार्जन के लिए अल्पसंख्यक पशुधन योजनाए शुरु करने, अल्पसंख्यक बहुल गांव, पंचायत में पेयजल निर्माण योजना शुरू करने, अल्पसंख्यक समुदाय के भूमिहीन लोगों को 5डी भूमि बंदोबस्त करने, सरकारी भूमि पर 30 वर्ष या अधिक समय से अवस्थित अल्पसंख्यक धार्मिक स्थल/ सांस्कृतिक स्थल के लिए भूमि पट्टा निर्गत योजना शुरू करने, अल्पसंख्यक पंचायत/ निगम वार्ड में स्वास्थ्य केन्द्र शुरु करने, आदि योजनाओं को शामिल करने की मांग की गई।

### चैंबर उप समिति की प्रोफेशनल मैनेजमेंट विषय पर कार्यशाला

**रांची, एजेंसी।** झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स की महिला उद्यमिता उप समिति की ओर से सोमवार को चैंबर भवन में प्रोफेशनल ग्रूमिंग व कॉन्फ्लिक्ट मैनेजमेंट विषय पर कार्यशाला हुई। व्यापारिक संगठनों और व्यापारियों को व्यवसायिक गतिविधियों के दौरान आने वाली समस्याओं और उनके प्रभावी समाधान पर चर्चा की गई। कार्यशाला में बिजनेस एंटरप्रेन्योर डा। ख्याति मुंजाल और रिसर्च स्कॉलर एवं लेक्चरर वंदना साहू ने प्रोफेशनल ग्रूमिंग के महत्व को रेखांकित किया।

उन्होंने व्यापारियों व उद्यमियों को उनके आउटलुक को बेहतर बनाने और संघर्ष प्रबंधन (कॉन्फ्लिक्ट मैनेजमेंट) के व्यावहारिक टिप्स दिए, व्यापार और व्यक्तिगत जीवन में संतुलन बनाए रखने की तकनीकों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी व महिला उद्यमिता उप समिति की चेयरपर्सन आस्था किरण ने कहा कि फेडरेशन द्वारा भविष्य में भी ऐसे कार्यशालाओं का आयोजन किया जायेगा। कार्यशाला का उद्देश्य व्यापारिक कौशल को बढ़ावा देना और उद्यमियों को संघर्षों का प्रभावी प्रबंधन सिखाना था। यह आयोजन उपस्थित लोगों के लिए उपयोगी और प्रेरणादायक साबित हुआ।

व्यापारियों व विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। मौके पर उपाध्यक्ष राहुल साबू, ज्योति कुमारी, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल, सह सचिव विकास विजयवर्गीय, नवजोत अलंग, कार्यकारिणी सदस्य रोहित पोद्दार, महिला उद्यमिता उप समिति की चेयरपर्सन आस्था किरण और अन्य सदस्य, कोमल, अर्चना श्रीवास्तव, शालीनी अखौरी, नेहा, विशाल सहाय व अंजली साहा उपस्थित थे।

## सभी प्रतिष्ठानों को अनिवार्य रूप से लगाना होगा सीसीटीवी कैमरा



**धनबाद, एजेंसी।** जिले की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने को लेकर डीएसपी (सीसीआर) सुमित कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को बैठक की गयी। इसमें सभी थाना प्रभारी शामिल हुए। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा की गयी। सभी प्रतिष्ठानों में अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरा लगवाने के संबंध में थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया। डीएसपी सीसीआर सुमित कुमार ने कहा कि सीसीटीवी कैमरा लगाने का मुख्य उद्देश्य शहर में होने वाली आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखना है, ताकि अनुसंधान के दौरान पुलिस को मदद मिले। उन्होंने कहा कि शहर के सभी महत्वपूर्ण जगहों पर हाई रेजोल्यूशन वाले सीसीटीवी कैमरे लगाये जायेंगे। इसके अलावा सभी बैंक, एटीएम, मॉल, ज्वेलरी दुकान, पेट्रोल पंप, होटल, रेस्टोरेंट, वैद्य शराब दुकान, सभी अपार्टमेंट, मल्टी स्टोरी फ्लैट, हाउसिंग सोसाइटी, व्यावसायिक प्रतिष्ठान, बस स्टैंड-ऑटो स्टैंड, पार्किंग स्थल, हॉस्पिटल, मॉल, स्कूल, कॉलेज, कोचिंग समेत शिक्षण संस्थान, महत्वपूर्ण चौक-चौराहों, बाजार, सिनेमा घरों में कैमरा लगाना अनिवार्य है।सीसीटीवी कैमरा अच्छी गुणवत्ता के होने चाहिए, पर्याप्त संख्या में कैमरे लगाये, कैमरों में रिकार्डिंग सिस्टम अथवा लाइव फीड को क्लाउड पर भेजने की व्यवस्था होनी चाहिये। कैमरे की संख्या इतनी होनी चाहिए कि उक्त प्रतिष्ठान के आस-पास पड़ने वाले पब्लिक एरिया, आम जनता के आवागमन क्षेत्र को कवर किया जा सके। प्रतिष्ठानों की जवाबदेही होगी कि यदि उक्त क्षेत्र के स्थानीय पुलिस द्वारा लिखित रूप में किसी अवधि की कैमरे की रिकॉर्डिंग मांगी जाती है तो वह उसे अविलंब उपलब्ध करायेंगे।

## मन की आंखों से देखनेवाली निकिता यूपीएसई क्रैक कर बनना चाहती है बड़ा अफसर



**रांची, एजेंसी।** यह कविता कुमारी निकिता ने लिखी है। वह अपनी कविता में खुद की नजरों से प्यार करने की बात कह रही है, लेकिन वह जन्म से ही दृष्टिबाधित है। वह दुनिया की चकाचौंध को देखने से वंचित है, लेकिन मन की आंखों से ना सिर्फ वह देखती है, बल्कि पढ़ाई भी खूब करती है। वह यूपीएससी क्रैक करना चाहती है। लड़कियों के लिए काम करना चाहती है। किरण बेदी उनकी प्रेरणास्रोत हैं। वह अपनी पढ़ाई दृष्टिबाधित स्कूल या स्पेशल स्टूडेंट्स के साथ नहीं, बल्कि उन स्टूडेंट्स के साथ कर रही है, जिनकी आंखें हैं, जो हर तरह से संपन्न और सक्षम हैं।

कुमारी निकिता केरला पब्लिक स्कूल कदमा में 12वीं की छात्रा है। वह सामान्य बच्चों के साथ पढ़ाई करती है और उन बच्चों को पछाड़ भी रही है। दृष्टिबाधित होने के बाद भी उसके इरादे इतने फौलादी हैं कि वह यूपीएससी क्रैक करना चाहती है। यही कारण है कि उसने 11वीं में ह्यूमैनिटी विषय चुना है। निकिता कहती है कि वह यूपीएससी की परीक्षा पास करने के बाद गर्ल्स चाइल्ड पर विशेष रूप से काम करेगी। कुमारी निकिता ने बताया कि स्कूल में टीचर जब इंग्लिश, अर्थशास्त्र, पॉलिटिकल साइंस जैसे विषय पढ़ाते हैं, तो उसे वह ध्यान से सुनने के साथ ही उसे रिकॉर्ड भी कर लेती है। इसके बाद जब वह घर जाती है, तो उसे ब्रेल लिपि से पढ़ती है। उसे याद करती है और परीक्षा में अपने राइटर की मदद से उसे बखूबी लिखती है। उसने 10वीं तक की पढ़ाई एनआइओएस बोर्ड से की है। 10वीं में 73 प्रतिशत अंक से पास करने के बाद सामान्य बच्चों के साथ पढ़ाई करने की सोची। पूर्ण रूप से दृष्टिबाधित होने के बावजूद केरला पब्लिक स्कूल कदमा प्रबंधन ने उसे मौका दिया और आज वह सामान्य बच्चों के साथ कदमताल करते हुए बखूबी आगे बढ़ रही है।

निकिता फरवरी में शुरू हो रही 12वीं बोर्ड की परीक्षा में शामिल होगी।कुमारी निकिता के बारे में केरला पब्लिक स्कूल कदमा के प्रबंधन ने सीआईएससीई बोर्ड को बाकायदा लिखित रूप से जानकारी दे दी है। यही कारण है कि निकिता को उसकी जूनियर यशस्वी के रूप में राइटर अलॉट किया गया है। बोर्ड परीक्षा में निकिता प्रश्नों का जो उत्तर बताएगी, उसे यशस्वी लिखेगी। यह सारा कुछ एक शिक्षक की निगरानी में होगा।

### धनबाद के रेल यात्रियों को बड़ी राहत, 18 ट्रेनों में बढ़ेंगे जनरल डिब्बे

**धनबाद, एजेंसी।** जिले में जनरल डिब्बे से यात्रा करने वाले ट्रेन यात्रियों के लिए अच्छी खबर है।दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु समेत अन्य शहरों की ट्रेनों में धक्का-मुक्की से थोड़ी राहत मिलेगी। रेलवे ने स्लीपर, थर्ड एसी व इकोनामी कोच कम कर जनरल डिब्बे बढ़ाने की घोषणा की है। गोमो व बोकारो होकर चलने वाली हटिया-आनंदविहार झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस, रांची-लोकमान्य तिलक एलटीटी एक्सप्रेस समेत 18 ट्रेनों में मार्च के अंतिम सप्ताह व अप्रैल के पहले सप्ताह से बदलाव प्रभावी होगा।

इन ट्रेनों में अभी स्लीपर के सात और थर्ड एसी के पांच कोच हैं। जनरल श्रेणी के दो कोच जुड़े हैं। मार्च में कोच संयोजन में बदलाव प्रभावी होते ही स्लीपर के छह तथा थर्ड एसी के चार कोच जुड़ेंगे। इनके बदले जनरल के दो अतिरिक्त जोड़े जाएंगे।इन ट्रेनों में अभी स्लीपर श्रेणी के 10 कोच हैं। मार्च से स्लीपर श्रेणी के आठ कोच ही जुड़ेंगे। दो स्लीपर कोच कम कर दो जनरल कोच जोड़े जाएंगे। इससे जनरल श्रेणी के चार डिब्बे हो जाएंगे।

इस ट्रेन में थर्ड एसी के सात कोच जुड़े हैं। दो कोच कम किए जाएंगे जिससे ट्रेन थर्ड एसी के पांच कोच के साथ चलेगी। जनरल के मौजूदा दो कोच के साथ दो और जुड़ेंगे।

इस ट्रेन के रैक से इस्लामपुर-नई दिल्ली एक्सप्रेस भी चलती है। इस कारण 20801 इस्लामपुर-नई दिल्ली मगध एक्सप्रेस में एक अप्रैल तथा 20802 नई दिल्ली-इस्लामपुर मगध एक्सप्रेस में दो अप्रैल से नई व्यवस्था प्रभावी होगी।इस ट्रेन में अभी इकोनामी श्रेणी के तीन कोच जुड़े हैं। इसमें एक कोच कम किया जाएगा।

## आदिवासी संस्कृति से रू-ब-रू कराने के लिए हेमंत सरकार का बड़ा कदम, झारखंड में जल्द शुरू होगा ट्राइबल टूरिज्म



**रांची, एजेंसी।** झारखंड में लोगों को आदिवासी संस्कृति से रू-ब-रू कराने के लिए हेमंत सरकार बड़ा पहल करने जा रही है। इसके तहत जल्द ही ट्राइबल टूरिज्म शुरू होगा। पहला ट्राइबल टूरिज्म तमाड़ के अड़की से उलिहातू होते हुए विकसित किया जायेगा। यहां पर्यटक भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली के साथ आदिवासियों के रहन-सहन और खान-पान को जान सकेंगे। ये बातें पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कही है।

मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू नेपाल हाउस स्थित अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पहले भी कह चुके हैं, 'अब राज्य की पहचान खनन से नहीं, बल्कि पर्यटन से होनी चाहिए।' मंत्री ने बताया कि राज्य में 'माइंस टूरिज्म' भी विकसित किया जायेगा। यहां सीसीएल, बीसीसीएल की कई कोयला खदाने हैं, जहां पर्यटक 'ओपन कास्ट माइंस' देख सकेंगे।

झारखंड में टूरिज्म और धार्मिक स्थलों का सर्किट भी बनाया जा रहा है, जहां हर 25 किमी पर एक रेस्ट प्वॉइंट बनेगा, जिसमें मूलभूत सुविधाएं और अलावा खान-पान की व्यवस्था होगी। राज्य के फॉरेस्ट लैंड, वाटर फॉल और अन्य दर्शनीय स्थलों पर पर्यटन से जुड़ी सुविधाएं व संरचनाएं भी विकसित की जा रही है।

मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा है कि पलामू का ऐतिहासिक किला खस्ताहाल है। इसके संरक्षण के लिए आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (एएसआइ) को पत्र लिखा जायेगा। वहीं, हजारीबाग के मेगालिथ को भी विकसित किया जायेगा। दशम फॉल, जोन्हा फॉल, नेतरहाट स्थित मैगनोलिया प्वाइंट व पतरातू वैली के सेल्फी प्वाइंट पर ग्लास ब्रिज बनाये जायेंगे। वहीं, नेतरहाट के कोयल व्यू प्वाइंट पर ग्लास टावर का निर्माण किया जायेगा। मसानजोर, गेतलसूद, पतरातू, चांडिल, तेनुघाट, तिलैया डैम में पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं और संसाधन उपलब्ध कराने की दिशा में भी काम हो रहा है।

झारखंड में पर्यटन को बढ़ावा देने और पर्यटन उद्योग के नये व्यापारिक दृष्टिकोण को समझने के लिए झारखंड की एक टीम सोमवार को दिल्ली होते हुए स्पेन के लिए रवाना हुई। विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, सचिव मनोज कुमार, निदेशक अंजलि यादव और उपनिदेशक राजीव कुमार सिंह शामिल हैं।

सभी स्पेन की राजधानी मैड्रिड में 22 से 26 जनवरी तक चलनेवाले इंटरनेशनल टूरिज्म ट्रेड फेयर (फितूर) के 45वें वैश्विक पर्यटन बाजार में हिस्सा लेंगे। गणतंत्र दिवस समारोह के मद्देनजर मंत्री 24-25 जनवरी को रांची लौट आयेंगे, जबकि सचिव और अन्य अधिकारी 28 जनवरी को रांची लौटेंगे।

### पीजी सेमेस्टर तीन की परीक्षा आठ से प्रस्तावित, इकोनॉमिक्स का सिलेबस अधूरा

**धनबाद, एजेंसी।** बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय ने पीजी सेमेस्टर-तीन (सत्र 2023-25) की परीक्षा के संभावित कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। परीक्षा आठ फरवरी 2025 से शुरू होने की संभावना है। परीक्षा फॉर्म भरने की प्रक्रिया 24 जनवरी से शुरू होगी। छात्रों को विलंब शुल्क के बिना 28 जनवरी तक फॉर्म भरने का मौका मिलेगा। वहीं 500 रुपये विलंब शुल्क के साथ 29 से 31 जनवरी और 1000 रुपये विलंब शुल्क के साथ एक और दो फरवरी को परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं।

इस परीक्षा के ऐलान के बाद पीजी इकोनॉमिक्स के छात्रों में निराशा और बेचैनी का माहौल है। उनका कहना है कि विभाग में केवल आधा सिलेबस ही पूरा हुआ है। शिक्षक न होने के कारण बचे हुए पाठ्यक्रम को पूरा करने की उम्मीद भी नहीं है। ऐसे में छात्रों ने विश्वविद्यालय आना बंद कर दिया है और यूट्यूब का सहारे पढ़ाई कर रहे हैं। सोमवार को इकोनॉमिक्स विभाग में सिर्फ पांच छात्र उपस्थिति थे। उनका कहना है कि वे लंबे समय से शिक्षकों की कमी की शिकायत कर रहे हैं, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया। इकोनॉमिक्स विभाग सेमेस्टर तीन में करीब 110 विद्यार्थी हैं।

# गढ़वा उपायुक्त ने अनियमितता के तीन अलग-अलग मामलों में की सख्त कार्रवाई

**गढ़वा, एजेंसी।** उपायुक्त शेखर जमुआर ने अनियमितता के तीन अलग-अलग मामलों में सख्त कार्रवाई की है। ये मामले मझिआंव के रामपुर पैक्स एवं खरौंधी प्रखण्ड में अबुआ आवास तथा मंईयां सम्मान योजना से संबंधित हैं। रामपुर पैक्स में धान क्रय में गड़बड़ी पर अध्यक्ष रवीन्द्र सिंह पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

गढ़वा जिले के मझिआंव प्रखण्ड अंतर्गत रामपुर पैक्स में धान क्रय में कालाबाजारी की शिकायत मिलने पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं जिला सहकारिता पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से जांच कराई। जांच में धान अधिप्राप्ति विपणण मौसम 2024-25 अंतर्गत उपार्जन पोर्टल में प्रदर्शित 5375 क्विंटल के विरुद्ध उनके गोदाम में मात्र 2693 क्विंटल धान पाया गया। निरीक्षण के समय लगभग 2300 क्विंटल धान गोदाम में नहीं पाया गया।इस अनियमितता के लिए रामपुर पैक्स के अध्यक्ष रवीन्द्र सिंह से स्पष्टीकरण मांगी गई। अध्यक्ष से प्राप्त स्पष्टीकरण स्वीकार्य योग्य नहीं होने पर अस्वीकृत कर दिया गया। साथ ही जिला सहकारिता पदाधिकारी ने रामपुर पैक्स अध्यक्ष रवीन्द्र सिंह के विरुद्ध मझिआंव थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया।

खरौंधी प्रखण्ड के ग्राम पंचायत, खरौंधी में अयोग्य लाभुकों को अबुआ आवास का लाभ दिए जाने संबंधी प्राप्त शिकायत की जांच में पाया गया है कि खरौंधी पंचायत में कुल नौ अयोग्य लाभुकों को आवास की स्वीकृति कराया गया है, जिसमें सात लाभुकों के खातों में प्रथम किस्त की राशि भी विमुक्त किया गया है। जांच का पता चलने के बाद शेष दो लाभुकों के खाता में राशि अंतरित नहीं की गई है। निर्देश देने के बाद सभी सात लाभुकों से खाता में राशि वापस लिया गया है। जांचोपरांत यह स्पष्ट हो रहा है कि लाभुकों का ग्राम सभा से चयन, निबंधन एवं जियोटैग में लापरवाही एवं अनियमितता बरती गई है।उपायुक्त शेखर जमुआर ने इस मामले में खरौंधी ग्राम पंचायत सचिव शशि कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही खरौंधी पंचायत की मुखिया मंजु देवी को निलंबित करने की अनुशंसा राज्य निर्वाचन आयोग से की है।खरौंधी प्रखण्ड के कुपा पंचायत के सीएससी संचालक नवनीत कुमार पटेल, सत्यनारायण गुप्ता एवं अजित प्रजापति के जरिये जान-बूझकर मंईयां सम्मान योजना के कुछ लाभुकों के खाता संख्या एवं आईएफएससी कोड के स्थान पर अपने सगे संबंधी/रिश्तेदार का संख्या एवं आईएफएससी कोड पोर्टल पर प्रविष्टि करने का मामला प्रकाश में आया था। मामला संज्ञान में आने के बाद अंचल अधिकारी, खरौंधी से जांच करायी गई।जांच में स्पष्ट हुआ कि ग्राम कूपा के सात लाभुकों का राशि सीएससी संचालक नवनीत पटेल के पत्नी रेशमी देवी के खाता में अंतरित हुआ है। पांच लाभुकों का पैसा सीएससी संचालक सत्यनारायण गुप्ता के अपने खाता में तथा 09 लाभुकों का राशि सीएससी संचालक अजीत प्रजापति की माता लालती देवी के खाता में गया है।

## दाखिल-खारिज के लंबित मामलों से नाराज आयुक्त ने चास सीओ पर लगाया जुर्माना




**बोकारो, एजेंसी।** उत्तरी छोटानागपुर के आयुक्त पवन कुमार ने सोमवार को बोकारो जिला समाहरणालय में राजस्व से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक की। उन्होंने जिले में दाखिल-खारिज के मामलों की समीक्षा की। चास अंचल में दाखिल-खारिज के रद्द आवेदनों की संख्या 3824 व 2123 मामले लंबित रहने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। चास सीओ पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाते हुए बैठक में मौजूद डीसी विजया जाधव को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। इसे सीओ की सेवा पुस्तिका में दर्ज करने के लिए कार्मिक विभाग को अनुशंसा करने की बात कही।

बैठक के दौरान आयुक्त ने जिले के सभी अंचलों के सीओ को दाखिल-खारिज के मामलों के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया। कहा कि आवेदन रद्द करने का कारण स्पष्ट होना चाहिए। उन्होंने कई उदाहरण देकर कहा कि वाजिब कारण नहीं होने के बावजूद दाखिल-खारिज के आवेदनों को कुछ सीओ ने रद्द कर दिया है, जो सही नहीं है। यह कार्य प्रणाली जल्द बंद होनी चाहिए। उन्होंने एक माह में ऑनलाइन पंजी टू को अपडेट करने का निर्देश दिया। वहीं, पंजी टू अंचलाधिकारी के कस्टडी में सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में अंचल कार्यालय में रखना सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में अपर समाहर्ता मो। मुमताज अंसारी, चास एसडीओ प्रांजल ढांडा, चास डीसीएलआर प्रभाष दत्ता, बेरमो डीसीएलआर मुकेश मछुआ, जिला भू अर्जन पदाधिकारी द्वारिका बैठा, सभी सीओ व राजस्व कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

## भारत-बांग्लादेश संबंधों में कड़वाहट जारी

बांग्लादेश में शेख हसीना के अपदस्थ होने के बाद से दोनों देशों के संबंधों में कड़वाहट जारी है। ताजा मसला सीमा पर तारबंदी को लेकर उपजा है। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने रविवार को भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को जिस वजह से तलब किया, वह इस छोटे से मुल्क की भारत के प्रति कटुता को जाहिर करने के लिए काफी है। आरोप लगाया गया कि भारत द्विपक्षीय समझौते का उल्लंघन करते हुए सीमा पर पांच स्थानों पर तारबंदी की कोशिश कर रहा है। दरअसल, बांग्लादेश हमेशा से सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की कार्रवाई का विरोधी रहा है। हमेशा से सीमा पर बीएसएफ की बीजीबी (बार्डर गार्ड बांग्लादेश) से भिड़ंत होती रही है। कई बार बांग्लादेशी नागरिक अवैध तरीके से सीमा पार कर भारत घुसने की कोशिश करते हैं। स्वाभाविक है, बीएसएफ उन लोगों को रोकने की कोशिश करती है और न मानने पर उन्हें मार गिराती है। बांग्लादेश के हुक्मरान को इसी बात से चिढ़ है। वैसे भी मोहम्मद युनूस के कार्यवाहक राष्ट्रपति बनने के बाद से जिस तरह पड़ोसी देश भारत के प्रति आक्रामक रुख अख्तियार किए हुए है, वह वाकई बहुत कुछ सोचने पर विवश करती है। शेख हसीना सरकार के हटने के बाद से जिस तरह वहां हिन्दू समुदाय के साथ लोमहषर्क घटना को अंजाम दिया गया, वह तथ्य की पुष्टि करने के लिए काफी है कि अब बांग्लादेश किसी और देश द्वारा निर्देशित हो रहा है। वहां वर्षो से रहने वाले अल्पसंख्यक हिन्दुओं के साथ अब तक का सबसे बुरा व्यवहार हुआ है। कई लोग मारे गए, कइयों से लूटपाट की गई और सबकुछ छीन लिया गया। यह सब कुकर्म उस देश में और उस समुदाय के साथ किया गया जिसने इस देश को बनाने के लिए हर तरह की कुर्बानियां दीं। इस बात में शक नहीं कि पाकिस्तान और चीन के बाद बांग्लादेश ही ऐसा पड़ोसी है, जिसने भारत को चोट पहुंचाई। लिहाजा, भारत को अब नये सिरे से इस बारे में मंथन करने की दरकार है। भारत जानता है कि सीमा पर गड़बड़ी को नजरअंदाज करना उसके लिए बड़ी मुसीबत बन सकता है। इसलिए उस मोर्चे पर सख्ती जरूरी है। बांग्लादेश छोटी सी बात का बतंगड़ बनाकर माहौल को खराब करने की साजिश में जुटा है। भारत भी इस बात को समझता है। इसलिए वह भी फूंक-फूंक कर कदम आगे बढ़ा रहा है। बहरहाल, ज्यादा नरमी से पेश आने के कारण ही बांग्लादेश का निजाम बदमिजाजी पर आतुर है। चुनांचे, भारत को अपने हित के लिए अंगुली टेढ़ी करनी चाहिए।

## स्वदेशी जलयान निर्माण में भारत की अद्वितीय प्रगति

हिन्द महासागर में चालाक चीन की चुनौती का जवाब देने और शक्तिशाली 'ब्लू वाटर नेवीÓ बनने की दिशा में भारतीय नौसेना न केवल आत्मनिर्भरता के साथ आधुनिकीकरण की दिशा में कदम बढ़ाए हैं, बल्कि जलयानों की संख्या में भारी वृद्धि करने का निर्णय लिया है। यही कारण कि आज अग्रिम पंक्ति के दो अत्याधुनिक युद्धपोत नीलगिरि और सूरत के साथ ही वाग्शीर नामक एक सशक्त पनडुब्बी नौ सेना के बाड़े में शामिल हो रही है। भारतीय नौ सेना के इतिहास में पहली बार एक साथ दो युद्धपोत एवं एक पनडुब्बी को साथ शामिल किया जा रहा है। उनके शामिल हो जाने से भारतीय नौ सेना की परिचालन क्षमता एवं युद्ध तत्परता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। नीलगिरि प्रोजेक्ट, 17 ए. स्टील्थ फ्रिगेट का पहला युद्धक जलयान है जो, सेवा में सक्रिय शिवालिक श्रेणी 1 प्रोजेक्ट 17 स्टील्थ फ्रिगेट का पहला जलयान है, जो सेवा में सक्रिय शिवालिक श्रेणी (प्रोजेक्ट 17) फ्रिगेट का अनुवर्ती है। नीलगिरि एम डी एल, मुम्बई और जीआरएस ई, कोलकाता द्वारा निर्माणाधीन सात पी 17 ए फ्रिगेट्स में पहला है। ये बहुउद्देशीयीय युद्धपोत भारत के समुद्री हितों के क्षेत्र में पारम्परिक तथा गैरपारम्परिक दोनों प्रकार के संकट से निपटने के लिए 'गहरे समुद्रीÓ वातावरण में कार्य करने में सक्षम है। नवीनतम तकनीकी से युक्त इन जलयानों का निर्माण भी 'एकीकृत निर्माणÓ दर्शन का उपयोग करके किया गया है। यह जलयान संयुक्त रूप से डीजल या गैस (सीओडीओजी) मेन प्रोपल्शन द्वारा संचालित होता है। इसमें सुपरसोनिक सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, 76 मिमी. उन्नत तोप और तीव्रगति प्रहारक नजदीकी हथियार पण्रालियों से सुसज्जित है। आत्मनिर्भरता के साथ राष्ट्र निर्माण को विशेष रूप से दृष्टि में रखते हुए इस जलयान में 75 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री का उपयोग हुआ है। नीलगिरि के निर्माण कार्य की आधारशिला 28 दिसम्बर 2017 को रखी गई और निर्मित इस पोत को पहली बार 28 सितम्बर 2019 को समुद्र में उतारा गया। यह जलपोत 24 अगस्त को अपने पहले समुद्री परीक्षण के लिए रवाना किया गया और तब से बंदरगाह व समुद्र में इसके व्यापक परीक्षण किए गए हैं। अब इसे भारतीय नौ सेना को सौंप दिया गया है। स्टील्थ तकनीक युक्त यह जलपोत कई प्रकार के हेलीकॉप्टर संचालित करने की क्षमता के साथ अत्याधुनिक हथियार और सेंसरयुक्त है। 'सूरतÓ जलपोत गाइडेड मिसाइल युक्त विध्वंसक जंगी जलपोत भी भारतीय नौ सेना को मिलने जा रहा है। विशाखापट्टनम क्लास मिसाइल विध्वंसक जलयान के नौ सेना में शामिल होने से भारत की समुद्री शक्ति और अधिक बढ़ जाएगी, क्योंकि इसके साथ बराक और ब्रहमोस मिसाइलें लगी हुई हैं। सूरत प्रोजेक्ट 15 की स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक श्रेणी का चौथा और अंतिम जलपोत है, जो विगत तीन वर्षो में शामिल किए गए अपने पूर्ववर्ती भारतीय नौ सेना के जलयानों विशाखापट्टनम, मोरमुगाओ तथा इम्फाल के बाद आया है। यार्ड 12707 सूरत को भारतीय नौ सेना को सौंपा जाना, उस प्रतिष्ठित स्वदेशी विध्वसंक निर्माण परियोजना का समाधन है, जो प्रोजेक्ट 15 (तीन दिल्ली श्रेणी) के साथ शुरू हुई थी। यह 7400 टन भार विस्थापित करने वाला तथा 164 मीटर लम्बा व एक निर्देशित मिसाइल युक्त विध्वसंक श्रेणी का जलपोत है। नौ सेना के विवसंक पोत 'सूरतÓ में सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों, जलयान रोधी मिसाइलों तथा तारपीडो सहित अत्याधुनिक हथियारों व सेंसरों से सुसज्जित है। यह स्वदेशी रूप से विकसित आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस समाधान का उपयोग करने वाला भारतीय नौ सेना का पहला एआई सक्षम युद्धपोत होगा। यह जलपोत समुद्र के भीतर युद्ध करने के लिए स्वदेशी रूप से विकसित पनडुब्बी रोधी हथियारों और सेंसर से लैस है।

# नेताजी सुभाष चन्द्र बोसः एक पराक्रमी योद्धा



रमेश सर्राफ धमोरा

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वारा दिया गया 'जय हिन्द' का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया। 'तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा' का उनका नारा भी उस समय अत्यधिक प्रचलन में आया। आजादी की जंग में प्रमुख भूमिका निभाने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 23 जनवरी को 127 वीं जयंती मनाई जा रही है। उनकी जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनका पूरा जीवन ही साहस व पराक्रम का उदाहरण है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को उड़ीसा में कटक के एक संपन्न बंगाली परिवार में हुआ था। बोस के पिता का नाम जानकीनाथ बोस और मां का नाम प्रभावती था। जानकीनाथ बोस कटक शहर के मशहूर वकील थे। प्रभावती और जानकीनाथ बोस की कुल मिलाकर 14 संतानें थी, जिसमें 6 बेटियां और 8 बेटे थे। सुभाष चंद्र उनकी नौवीं संतान और पांचवें बेटे थे। नेताजी ने अपनी प्रारंभिक पढ़ाई कटक के रेवेंशॉव कॉलेजिएट स्कूल में हुई। उसके बाद उनकी शिक्षा कलकत्ता के प्रेजिडेंसी कॉलेज और स्कॉटिश चर्च कॉलेज से हुई। उन्होंने इंग्लैंड के केंब्रिज विश्वविद्यालय से सिविल सर्विस की परीक्षा में चौथा स्थान प्राप्त किया था। 1921 में भारत में बढ़ती राजनीतिक गतिविधियों का समाचार पाकर बोस सिविल सर्विस की सरकारी नौकरी छोड़ कर कांग्रेस से जुड़ गए। 1928 में जब साइमन कमीशन भारत आया तब कांग्रेस ने उसे काले झण्डे दिखाये। कोलकाता में नेताजी ने इस आन्दोलन का नेतृत्व किया। साइमन कमीशन को जवाब देने के लिये कांग्रेस ने भारत का भावी संविधान बनाने का काम आठ सदस्यीय आयोग को सौंपा। मोतीलाल नेहरू इस आयोग के अध्यक्ष और सुभाषचंद्र बोस उसके सदस्य थे। 26 जनवरी 1931 को कोलकाता में राष्ट्र ध्वज फहराकर सुभाष विशाल मोर्चे का नेतृत्व कर रहे थे तभी पुलिस ने उनको जेल भेज दिया। जब सुभाष चंद्र बोस जेल में थे तब गांधीजी ने अंग्रेज सरकार से समझौता किया और सब कैदियों को रिहा करवा दिया। लेकिन अंग्रेज सरकार ने सरदार भगत सिंह जैसे क्रान्तिकारियों को रिहा करने से साफ इन्कार कर दिया। भगत सिंह की फांसी माफ कराने के लिये गांधीजी ने सरकार से बात तो की परन्तु नरमी के साथ। सुभाष चाहते थे कि इस विषय पर गांधीजी अंग्रेज सरकार के साथ किया गया समझौता तोड़ दें लेकिन गांधीजी अपना वचन तोड़ने को राजी नहीं थे। अंग्रेज सरकार द्वारा भगत सिंह व उनके साथियों को फांसी दे दी गयी। भगत सिंह को बचा नहीं पाने पर सुभाष बोस, गांधीजी और कांग्रेस से बहुत नाराज हो गये। 1930 में सुभाष के कारावास में रहते हुये ही कोलकाता महापौर का चुनाव जीतने पर सरकार उन्हें रिहा करने पर मजबूर हो गयी। 1932 में सुभाष को फिर से कारावास हुआ। इस बार उन्हें अल्मोड़ा जेल में रखा गया। अल्मोड़ा जेल में उनकी तबीयत फिर से खराब होने पर सुभाष इलाज के लिये यूरोप चले गये। सन् 1933 से लेकर 1936 तक सुभाष यूरोप में रहे। यूरोप में सुभाष इटली के नेता मुसोलिनी से मिले। जिन्होंने उन्हें भारत के स्वतन्त्रता संग्राम में सहायता करने का वचन दिया। 1938 में गांधीजी ने कांग्रेस के हरिपुरा वार्षिक अधिवेशन में अध्यक्ष पद के लिए सुभाष को चुना तो था मगर उन्हें उनकी कार्यपद्धति पसन्द नहीं आयी। इसी दौरान यूरोप में द्वितीय विश्वयुद्ध के बादल छा गए थे। सुभाष चाहते थे कि इंग्लैंड की इस कठिनाई का लाभ उठाकर भारत का स्वतन्त्रता संग्राम अधिक तीव्र किया जाये। उन्होंने अपने अध्यक्षीय कार्यकाल में इस ओर कदम उठाना भी शुरू कर दिया था। परन्तु गांधीजी इससे सहमत नहीं थे। 1939 में जब नया कांग्रेस अध्यक्ष चुनने का वक्त आया तब सुभाष चाहते थे कि कोई ऐसा व्यक्ति अध्यक्ष बनाया जाये जो इस मामले में किसी दबाव के आगे बिल्कुल न झुके। ऐसा किसी दूसरे व्यक्ति के सामने न आने पर सुभाष ने स्वयं कांग्रेस अध्यक्ष बने रहना चाहा। लेकिन गांधीजी उन्हें अध्यक्ष पद से हटाना चाहते थे। गांधीजी ने अध्यक्ष पद के लिये पट्टाभि सीतारमैया को चुना। बहुत बरसों बाद कांग्रेस पार्टी में अध्यक्ष पद के लिये चुनाव हुआ। चुनाव में नेताजी सुभाष को 1580 मत व सीतारमैय्या को 1377 मत मिले। गांधीजी के विरोध के बावजूद सुभाष बाबू 203 मतों से चुनाव जीत गये। गांधीजी ने पट्टाभि सीतारमैय्या की हार को अपनी हार बताया। इसके बाद कांग्रेस कार्यकारिणी के 14 में से 12 सदस्यों ने इस्तीफा दे दिया। 3 मई 1939 को सुभाष ने फॉरवर्ड ब्लॉक के नाम से अपनी पार्टी की स्थापना की। सुभाष चंद्र बोस ने 1937 में अपनी सेक्रेटरी और ऑस्ट्रियन युवती एमिली से शादी की। उन दोनों की अनीता नाम की एक बेटी भी हुई। जर्मनी जाकर नेताजी हिटलर से मिले। 1943 में उन्होंने जर्मनी छोड़ दिया। वहां से वह जापान पहुंचे। जापान से वह सिंगापुर पहुंचे। जहां उन्होंने कैप्टन मोहन सिंह द्वारा स्थापित आजाद हिंद फौज की कमान अपने हाथों में ले ली। उस वक्त रास बिहारी बोस आजाद हिंद फौज के नेता थे। उन्होंने आजाद हिंद फौज का पुनर्गठन किया। महिलाओं के लिए रानी झांसी रेजिमेंट का भी गठन किया लक्ष्मी सहगल जिसकी कैप्टन बनीं। नेताजी के नाम से प्रसिद्ध सुभाष चन्द्र ने सशक्त क्रान्ति द्वारा भारत को स्वतंत्र कराने के उद्देश्य से 21 अक्टूबर 1943 को आजाद हिन्द सरकार की स्थापना की जिसे जर्मनी, जापान, फिलीपींस, कोरिया, चीन, इटली, मान्चुको और आयरलैंड ने मान्यता दी। आजाद हिन्द फौज के प्रतीक चिह्न पर एक झंडे पर दहाड़ते हुए बाघ का चित्र बना होता था। नेताजी अपनी आजाद हिंद फौज के साथ 4 जुलाई 1944 को बर्मा पहुँचे। यहीं पर उन्होंने अपना प्रसिद्ध नारा दिया- तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा। खून भी एक-दो बूँद नहीं इतना कि खून का एक महासागर तैयार हो जाये और उसमें मैं ब्रिटिश साम्राज्य को डूबो सकूं। 1944 को आजाद हिन्द फौज ने अंग्रेजों पर दोबारा आक्रमण किया और कुछ भारतीय प्रदेशों को अंग्रेजों से मुक्त भी करा लिया। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान आजाद हिन्द फौज ने जापानी सेना के सहयोग से भारत पर आक्रमण किया। अपनी फौज को प्रेरित करने के लिये नेताजी ने दिल्ली चलो का नारा दिया। दोनों फौजों ने अंग्रेजों से अंदमान और निकोबार द्वीप जीत लिये। यह द्वीप आजाद-हिन्द सरकार के नियंत्रण में रहे। नेताजी ने इन द्वीपों को शहीद द्वीप और स्वराज द्वीप का नया नाम दिया। दोनों फौजों ने मिलकर इम्फाल और कोहिमा पर आक्रमण किया। लेकिन बाद में अंग्रेजों का पलड़ा भारी पड़ा और दोनों फौजों को पीछे हटना पड़ा। 6 जुलाई 1944 को आजाद हिन्द रेडियो पर अपने भाषण के माध्यम से नेताजी ने गांधीजी को पहली बार राष्ट्रपिता बुलाकर अपनी जंग के लिये उनका आशीर्वाद भी मांगा। आजाद हिन्द फौज के माध्यम से भारत को अंग्रेजों के चंगुल से आजाद करने का नेताजी का प्रयास प्रत्यक्ष रूप में सफल नहीं हो सका। किन्तु उसका दूरगामी परिणाम हुआ। सन् 1946 का नौसेना विद्रोह इसका उदाहरण है। नौसेना विद्रोह के बाद ही ब्रिटेन को विश्वास हो गया कि अब भारत में सेना के बल पर शासन नहीं किया जा सकता और भारत को स्वतन्त्र करने के अलावा उनके पास कोई दूसरा विकल्प नहीं बचा। विश्व इतिहास में आजाद हिंद फौज जैसा कोई दूसरा उदाहरण नहीं मिलता। जहां 30-35 हजार युद्ध बंदियों को संगठित, प्रशिक्षित कर अंग्रेजों को पराजित किया। पूर्व एशिया और जापान पहुंच कर उन्होंने आजाद हिन्द फौज का विस्तार करना शुरू किया। रंगून के जुबली हॉल में सुभाष चंद्र बोस द्वारा दिया गया भाषण सदैव के लिए इतिहास के पत्रों में अंकित हो गया। 18 अगस्त 1945 को नेताजी की मृत्यु के संबध में विवाद अबतक अनसुलझा है।



# भयावह आग की चपेट में हॉलीवुड इलाका

विनीत नारायण

आज से 50 साल पहले इस्कॉन के संस्थापक आचार्य स्वामी प्रभुपाद कार में कैलिफोर्निया हाईवे पर जा रहे थे। खिड़की के बाहर दूर से बहुमंजली अट्टालिकाओं की कतार दिखाई दे रही थी। श्री प्रभुपाद के मुंह से अचानक निकला कि इन लोगों ने रावण की सोने की लंका बना कर खड़ी कर दी है, जो एक दिन खाक हो जाएगी। जिस तेजी से लॉस एंजेलिस का हॉलीवुड इलाका भयावह आग की चपेट में हर क्षण खाक हो रहा है, उससे 50 वर्ष पूर्व की गई एक सिद्ध संत की भविष्यवाणी सत्य हो रही है। कैलिफोर्निया राज्य के शहर लॉस एंजेलिस के जंगलों में फैली आग भयावह रूप लेती जा रही है। अब तक इस आग की चपेट में छह जंगल आ चुके हैं, और इसका दायरा निरंतर बढ़ता जा रहा है। आग की वजह से अब तक दस लोगों की मौत हो चुकी है, और लगभग दो लाख से अधिक लोगों को अपना घर छोडऩे पर मजबूर होना पड़ रहा है। तेज हवा राहत कार्य में बाधक बन रही है। चार लाख से अधिक घरों की बिजली कटी हुई है। कैलिफोर्निया के इतिहास में इसे सबसे विनाशकारी हादसा बताया जा रहा है। शुरू में महज 10 एकड़ के इलाके में लगी यह आग कुछ ही दिनों..एकड़ में फैल गई। पूरे शहर में धुएं के बादल छाए हुए हैं। इस भयावह आग से अभी तक अनुमानित लगभग 135-150 अरब डॉलर (12 हजार अरब रु पयों) का नुकसान हो चुका है। हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री पेरिस हिल्टन के मकान की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। मालिबू नगर में समुद्र के किनारे बने फिल्मी सितारों के खूबसूरत घर अब मलबे में तब्दील हो चुके हैं, और इनके केवल जले हुए अवशेष ही बचे हैं। अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस का घर भी खतरे में है। इसके चलते उनके घर को भी खाली कराया गया है। राजनीति, उद्योग और सिने जगत की कई जानी-मानी हस्तियों के आलीशान मकानों को भी खाली करने के आदेश जारी हुए हैं। उल्लेखनीय है कि लॉस एंजेलिस अमेरिका की सबसे ज्यादा आबादी वाली काउंटी है। यहां 1 करोड़ से ज्यादा लोग रहते हैं। कैलिफोर्निया में कई सालों से सूखे के हालात हैं। इलाके में नमी की कमी है। इसके अलावा, यह राज्य अमेरिका के दूसरे इलाकों की तुलना में काफी गर्म है। यही वजह है कि यहां पर गर्मी के मौसम में अक्सर जंगलों में आग लग जाती है। यह सिलसिला बारिश का मौसम आने तक जारी रहता है। बीते कुछ सालों से हर मौसम में आग लगने की घटनाएं बढ़ी हैं। पिछले 50 सालों में कैलिफोर्निया के जंगलों में 78 से ज्यादा बार आग लग चुकी है। कैलिफोर्निया में जंगलों के पास रिहायशी इलाके बढ़े हैं। ऐसे में आग लगने पर नुकसान ज्यादा होता है। 1933 में लॉस एंजेलिस के ग्रिफिथ पार्क में लगी आग कैलिफोर्निया की सबसे बड़ी आग थी। इसने करीब 83 हजार एकड़ के इलाके को अपनी चपेट में ले लिया था। करीब 3 लाख लोगों को अपना घर छोड़कर दूसरे शहरों जाना पड़ा था। मौसम के हालात और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव की वजह से आने वाले दिनों में इस आग के और भड़कने की आशंका जताई जा रही है। अमेरिकी की बीमा कंपनियों को डर है कि यह अमेरिका के इतिहास में जंगलों में लगी सबसे महंगी आग साबित होगी क्योंकि आग के दायरे में आने वाली संपत्तियों की कीमत बहुत ज्यादा है।



यदि आग के कारणों की बात करें तो अमेरिकी सरकार के रिसर्च में स्पष्ट रूप से यह कहा गया है कि पश्चिमी अमेरिका में बड़े पैमाने पर जंगलों में लगी भीषण आग का संबंध जलवायु परिवर्तन से भी है। पर्यावरण विशेषज्ञों का मानना है कि बढ़ती गर्मी, लंबे समय तक सूखा और प्यासे वायुमंडल सहित जलवायु परिवर्तन पश्चिमी अमेरिका के जंगलों आग के खतरे और इसके फैलने की प्रमुख वजह रहे हैं। अमेरिका में दक्षिणी कैलिफोर्निया में आग लगने का मौसम आम तौर पर मई से अक्टूबर तक माना जाता है। परंतु राज्य के गवर्नर गैविन न्यूसम ने मीडिया को बताया कि आग लगना पूरे साल की एक समस्या बन गई है। इसके साथ ही इस आग को फैलाने का एक बड़ा कारण 'सेंटा एनाÓ हवाएं भी हैं, जो जमीन से समुद्र तट की ओर बहती हैं। माना जाता है कि करीब 100 किलोमीटर प्रति घंटे से ज्यादा की गति से चलने वाली इन हवाओं ने आग को अधिक भड़काया। ये हवाएं साल में कई बार बहती हैं। अमेरिका हो, भारत हो या विश्व का कोई भी देश, चिंता की बात यह है कि यहां के नेता कभी पर्यावरणवादियों की सलाह को महत्त्व नहीं देती। पर्यावरण के नाम पर मंत्रालय, विभाग और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन सब कागजी खानापूरी करने के लिए हैं। कॉरपोरेट घरानों के प्रभाव में और उनकी हवस को पूरा करने के लिए सारे नियम और कानून ताक पर रख दिए जाते हैं। पहाड़ हों, जंगल हों, नदी हो या समुद्र का तटीय प्रदेश, हर ओर विनाश का ऐसा ही तांडव जारी है। विकास के नाम पर होने वाले विनाश यदि ऐसे ही चलते रहेंगे तो भविष्य में इससे भी भयंकर त्रासदी आएंगी। अमेरिका जैसे संपन्न और विकसित देश में जब ऐसे हादसे बार-बार होते हैं, तो लगता है कि वहां भी जाने-माने पर्यावरणविद्, इंजीनियर और वैज्ञानिकों के अनुभवों और सलाहों को खास तवज्जो नहीं दी जाती। यदि इनकी सलाहों को गंभीरता से लिया जाए तो शायद आनेवाले समय में ऐसा न हो। एक शोध के अनुसार जलवायु परिवर्तन पर नजर रखने वाले यूएन के वैज्ञानिकों ने अक्टूबर, 2018 में चेतावनी दी थी कि अगर पर्यावरण को बचाने के लिए कड़े कदम नहीं उठाए गए तो बढ़ते तापमान की वजह से 2040 तक भयंकर बाढ़, सूखा, अकाल और जंगल की आग का सामना करना पड़ सकता है। दुनिया का कोई भी देश हो, क्या कोई इन वैज्ञानिक शोधकर्ताओं और विशेषज्ञों की सलाह को कभी सुनेगा?




**मेष राशि-** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। किसी समस्या का समाधान मिलने से आप राहत महसूस करेंगे और आप पूरे आत्मविश्वास के साथ अपने अन्य कार्य पर भी ध्यान केंद्रित कर पाएंगे। बच्चों के विवाह संबंधी कार्यों की योजना बनेगी, और नजदीकी लोगों का भी सहयोग मिलेगा। अपने गुस्से व इगो पर काबू रखेंगे और शांतिपूर्ण रवैया अपनाने से आपके स्वभाव से सुधार आएगा।

**वृष राशि-** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। अच्छी खबर मिलने से आपके अंदर आत्मविश्वास और नई ऊर्जा का प्रवाह रहेगा। घर के वरिष्ठ सदस्यों की सलाह पर जरूर अमल करें। स्वभाव में सहजता बनाकर रखें। अति आत्मविश्वास और जल्दबाजी होने की वजह से आपके बनते कार्यों में रुकावट आ सकती हैं।

**मिथुन राशि-** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ किसी धार्मिक कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। अपने संतान के भविष्य को लेकर आप नई योजना बना सकते हैं। यदि आप अपने व्यापार में किसी प्रकार का नया काम बढ़ाना चाहते हैं, तो आप किसी विशेष सलाहकार से सलाह लेकर ही नया काम शुरू करेंगे तो जल्द ही आपको ज्यादा से ज्यादा लाभ मिलेगा।

**कर्क राशि-** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। राजनीति में हाथ आजमा रहे लोगों को सावधान रहने की आवश्यकता है, नहीं तो विरोधी उनकी छवि खराब करने की कोशिश कर सकते हैं। आपके धन में वृद्धि होने से आप प्रसन्न रहेंगे। आज आप अपने बिजनेस के कार्यों पर पूरी नजर रखेंगे।

**सिंह राशि-** आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। अनुभवी लोगों के सानिध्य का अवसर मिलेगा और विशेष मुद्दों पर लाभदायक विचार विमर्श भी होगा। मानसिक सुकून पाने के लिए धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में समय बिताएंगे। उधार दिए हुए पैसे की वापसी भी संभव है। नकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों और गतिविधियों से खुद को दूर रखें।

**कन्या राशि-** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। यदि आप घर मकान या दुकान, खरीदने की कोशिश कर रहे हैं, तो आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। परंतु बहुत अधिक प्रयास करने के बाद ही आपको सफलता मिल सकती हैं। प्रॉपर्टी से संबंधित किसी भी काम को करने में बहुत ध्यानपूर्वक काम करें। आज आपका कोई महत्वपूर्ण कार्य संपन्न होने वाला है।

**तुला राशि-** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज नई-नई जानकारियां हासिल करना और उन्हें अपनी दिनचर्या में शामिल करना आपके व्यवहार में आश्चर्यजनक सकारात्मक परिवर्तन लाएगी। अपरिचित लोगों पर बिना सोचे-समझे विश्वास न करें। आज भविष्य संबंधी बनाई गई योजनाओं पर काम करने का अनुकूल समय है। ये योजनाएं आपके लिए बेहद तरक्की दायक रहेंगी।

**वृश्चिक राशि-** आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। अपने माता-पिता की सेहत को लेकर आप सजग रहेंगे। आपके माता-पिता, आपके करियर को लेकर, विचार विमर्श करेंगे। जीवनसाथी के साथ आज आप किसी धार्मिक स्थल पर घूमने जाएंगे। आपको भाई व बहनों का भरपूर प्यार मिलेगा।


**धनु राशि-** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। किसी भी विपरीत परिस्थिति में खास मित्र अथवा रिश्तेदारों के सहयोग से आपका हिम्मत और हौसला बना रहेगा। फोन और मेल द्वारा नई जानकारियां और समाचार मिल सकते हैं। आज बातचीत द्वारा आप अपने काम करवाने में सक्षम रहेंगे। आय के साधन बढ़ने के साथ-साथ खर्चे भी बढ़ेंगे।

**मकर राशि-** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। किसी खास व्यक्ति से मुलाकात आपके लिए लाभदायक साबित हो सकती हैं। इसलिए उनकी बातों और मार्गदर्शन पर जरूर ध्यान दें। आज आपके अंदर बड़ा फैसला लेने की हिम्मत आएगी। खर्चों को सीमित रखें नहीं तो आपका बजट बिगड़ सकता है।

**कुंभ राशि-** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। नौकरी करने वालों को आज किसी प्रकार की उलझन लेने से बचना चाहिए। व्यापार करने वाले लोगों के लिए आज का दिन व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आपके व्यापार में बढ़ोत्तरी होगी। अपने परिवार के किसी सदस्य की सेहत को लेकर आप किसी अच्छे डॉक्टर को दिखायेंगे। ईश्वर आपकी सभी मनोकामनाएं पूरी करेंगे संतान की ओर से मन संतोष रहेगा।

**मीन राशि-** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपकी मकान, दुकान सम्बन्धी परेशानी हल हो सकती है। अपने घर के बुजुर्गों की सेहत का विशेष ध्यान रखेंगे।

## शब्द पहेली - 8380




**बाएँ से दाएँ**

1. उचित, गलत का विलोम-2
4. अधिकार-2
6. परछाई-2
7. सम्मान, प्रसिद्धि-2
9. उल्टी, कै, वमन-3
12. रंग (अंग्रेजी-3)
14. चंचल, फुर्तीला-3
16. भयभीत होना-4
17. फुर्तीलापन-4
18. बसंत काल-3
20. श्रम, वहम-3
22. आश्रय, शरण-3
24. राजनीतिक पार्टी-2
26. शारीरिक ऊंचाई-2
27. गन्ना-2
28. शाखा, टहनी-2

**ऊपर से नीचे**

1. नमस्ते, आदाब-3
2. देह, बदन, तन-2
3. शराब, मदिरा-2
5. डोली उठानेवाले-3
6. पत्नी की छोटी बहन -2
8. वहम, संदेह-2
10. जरुरतमंद-5
11. नाग, सर्प-2
13. आनंदित होना -5
14. भारत से निकलने वाली नदी जो पाकिस्तान में खत्म होती है-3
15. ढीला, सुस्त-3
19. नुकसान, घाटा-2
20. सद्कार्य-3
21. नशा, सरुर, खुमार-2
22. ओहदा -2
23. भवन, कोठी-3
25. क्षण, पल-2
26. कलिका, फूल खिलने से पहले की स्थिति-2

**शब्द पहेली -8379 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | क | हा | नी | ■ | प | ती | ला | ■ |
| मा | ला | ■ | र | ■ | र | ■ | बा | दा |
| म | ■ | ■ | व | र | दा | न | ■ | ला |
| ला | य | क | ■ | न | ■ | म | न | न |
| ■ | ■ | र | मी | ■ | गॅ | की | ■ | ■ |
| सू | र | त | ■ | आ | ■ | न | प्त | र |
| री | ■ | ब | ह | का | ना | ■ | ■ | की |
| ला | ख | ■ | टा | ■ | ह | ■ | र | ब |
| ■ | र | वा | ना | ■ | क | ल | म | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

'पुष्पेश पब्लिकेशन', श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013 के लिए स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'** द्वारा प्रकाशित तथा 'गोपीन्दु इंटरप्राइजेज' प्रेस, चास, बोकारो में मुद्रित।पंजीकृत कार्यालय– गोपीन्दु भवन, श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013. झारखंड।
संपादक : **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'**❋; प्रबंध संपादक : **राजेश मोहन सहाय**; बिहार प्रभारी : **संतोष श्रीवास्तव।** **रांची –** 93, मेजर कोठी, इटकी रोड, हेहल, झारखंड।
**फोन– 9142412511/9102251947; WhatsApp- 9142412511; Website :** www.rashtriyamukhyadhara.com
❋समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। ° यहाँ प्रकाशित लेखों–आलेखों में व्यक्त सत्य, तथ्य और विचार लेखकों के सर्वथा निजी हैं।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
RNI : JHAHIN/2014/54374
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, बुधवार, 22 जनवरी, 2025



संक्षिप्त समाचार

## बांस काटने के दौरान हुई हत्या में तीन अभियुक्त दोषी करार

**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर, वरीय संवाददाता बांस काटने को लेकर हुए विवाद के बाद हत्या मामले में कोर्ट ने तीन अभियुक्तों को दोषी करार दिया है। एडीजे-पांच की अदालत ने कांड के अभियुक्तों पवन, बाबूलाल और सदानंद को दोषी करार दिया है। सजा के बिंदु पर 25 जनवरी को बहस होगी। घटना 13 अक्टूबर 2021 को एकचारी थाना क्षेत्र में घटित हुई थी। घटना को लेकर मृतक विनोदी मंडल के भाई शिवनारायण सिंह ने केस दर्ज कराया था। उन्होंने पुलिस को बताया था कि उनका भाई अपनी जमीन पर बांस काट रहा था। अचानक वहां पर पवन अपने अन्य साथियों के साथ आया और बोला कि इन लोगों को जान से मार दो। इतना कहते ही उन लोगों ने भाई को डंडे से मारा जिसके बाद उनका भाई नीचे गिर पड़ा। गिरते ही मौके पर उनके भाई की मौत हो गई।

## एक पखवाड़े बाद स्कूलों में टूटी खामोशी, बच्चों को ले जाने-लाने को भीड़

**भागलपुर, एजेंसी।** करीब एक पखवाड़े तक लगातार बंद रहने के बाद सोमवार से बच्चों के लिए भी प्रारंभिक स्कूल खुल गए। हालांकि पंद्रह दिनों की लगातार छुट्टी के बाद स्कूल खुलने के पहले दिन स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति कम रही। इस बीच जिलेभर के अलग-अलग स्कूलों में कक्षा एक से लेकर आठवीं तक के बच्चों के आने पर स्कूल गुलजार हो उठा। इस क्रम में जिले के सरकारी प्रारंभिक विद्यालयों समेत सभी अंग्रेजी मीडियम के स्कूलों में भी बच्चों की उपस्थिति रही। जिला प्रारंभिक माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. शेखर गुप्ता ने बताया कि बीते छह जनवरी से ही अलग-अलग 19 जनवरी तक लगातार बढ़ रही ठंड के कारण स्कूलों में बच्चों की छुट्टियां कर दी गई थीं। हालांकि इस बीच शिक्षक लगातार उपस्थित रहे। इधर, जिले के माउंट असीसि, कार्मेल समेत अन्य स्कूलों में भी बच्चों को ले जाने और लाने के लिए अभिभावकों की भीड़ उमड़ी।

## सीएम के संभावित दौरे को लेकर तैयारी तेज :भागलपुर में डीडीसी एसपी ने किया स्थलों का निरीक्षण



**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर में सीएम नीतीश कुमार के संभावित प्रगति यात्रा की तैयारियों को लेकर उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार सिंह, सिटी एसपी शुभांक मिश्रा ने विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री के दौरे से संबंधित तैयारियों की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उप विकास आयुक्त और सिटी स्क्ने उन स्थानों का गहन निरीक्षण किया, जहां मुख्यमंत्री के आगमन की संभावना है। उन्होंने सुनिश्चित किया कि सभी स्थानों पर आवश्यक सुविधाओं और सुरक्षा इंतजामों की पूरी तैयारी की जा रही है।

**अधिकारियों को उनके कर्तव्यों के बारे में दी जानकारी :** सभी संबंधित अधिकारियों को उनके कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी गई और सुनिश्चित किया गया कि कोई भी पहलू छूट न जाए। विशेष रूप से, उन स्थानों पर जहां बड़ी संख्या में जनता की उपस्थिति की संभावना है, वहां मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की तैनाती की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए आवश्यक इंतजाम किए जा रहे हैं। सभी संबंधित अधिकारी इस कार्य में पूरी तत्परता से जुटे हुए हैं और सभी तैयारियां तीव्र गति से चल रही हैं। यह सुनिश्चित किया गया कि मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान सुरक्षा और व्यवस्थाएं उच्चतम स्तर की होंगी। ताकि आम जनता को कोई परेशानी न हो।

## भवन निर्माण विभाग को मिला नया अधीक्षण अभियंता

**भागलपुर, एजेंसी।** भवन निर्माण विभाग के प्रभारी अधीक्षण अभियंता मनोज कुमार सिंह को मुख्य अभियंता (दक्षिण) के पद पर प्रोन्नत किया गया है। वे मुंगेर में पदस्थापित थे। उनकी जगह बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड में उप महाप्रबंधक (तकनीकी) रहे नवल किशोर प्रसाद को अधीक्षण अभियंता (असैनिक) के रूप में तैनात किया गया है।

# शहर में एएनपीआर कैमरा से होगी निगरानी:आरा में ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों का कटेगा ऑटोमैटिक चलान

### 10 जगहों को किया गया चिह्नित

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** आरा में ट्रैफिक व्यवस्था को और बेहतर करने के लिए अब शहर में एएनपीआर कैमरा का इस्तेमाल किया जायेगा। इस कैमरा के लगने के बाद ट्रैफिक व्यवस्था को और दुरुस्त किया जा सकता है। दरअसल, एएनपीआर कैमरा, स्वचालित नंबर प्लेट पहचान का काम करता है। कैमरा वाहन पर लगे नंबर को स्कैन कर उसकी पूरी जानकारी कंप्यूटर को देता है। एएनपीआर कैमरा लगने से ट्रैफिक पुलिस को भी अवैध वाहन चालक, बिना कागजात और बिना हेलमेट जाने वाले चालकों पर निगरानी रखें में सहूलियत मिलेगी। एएनपीआर कैमरा के साथ-साथ यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए शहर के दस जगहों पर ट्रैफिक सिग्नल और सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे। जिसका प्रस्ताव पुलिस मुख्यालय यातायात विभाग, पटना को भेज दिया गया है। आरा में इस नई व्यवस्था लागू होने के बाद बिना हेलमेट और यातायात नियमों के उल्लंघन पर ऑटोमैटिक चलान कट जाएगा। सीसीटीवी कैमरा, ट्रैफिक सिग्नल और एएनपीआर कैमरा लगाने के लिए राज्य सरकार से मंजूरी भी मिल गई है।



### एएनपीआर कैमरे की खासियत

ये कैमरे, वाहनों की लाइसेंस प्लेट को पहचानते हैं। वाहन से जुड़ी जानकारी को डेटाबेस में स्टोर करते हैं। आपराधिक गतिविधि और चोरी हुए वाहनों का पता लगाते हैं। बिना लाइसेंस वाले ड्राइवरों और बिना जांचे गए वाहनों का पता लगाते हैं। गति सीमा लागू करने में मदद करते हैं। पार्किंग प्रबंधन में मदद करते हैं। ईंधन चोरी को रोकने में मदद करते हैं। उपभोक्ता विश्लेषण में मदद करते हैं। भोजपुर के एसपी राज के अनुसार सीसीटीवी कैमरा, ट्रैफिक सिग्नल और एएनपीआर कैमरा शहर के पकड़ी चौक, चंदवा मोड़, कतीरा मोड़, जज कोठी मोड़, सपना सिनेमा मोड़, धोबी घाट मोड़, जीरो माइल मोड़, मठिया मोड़, धरहरा पुल और सिंडीकेट के पास कैमरा लगाने का प्रस्ताव भेजा गया है।

### क्राइम को लेकर भी होगी मदद

मॉडर्न कैमरा व ट्रैफिक सिग्नल लगने से ट्रैफिक और क्राइम को लेकर भी काफी मदद मिलेगी। कानून व्यवस्था बिगाड़ने वाले लोग को भी चिह्नित किए जाएंगे। ट्रैफिक सिग्नल सीसीटीवी और एएनपीआर आदि कैमरे लगाए जाने के बाद पुलिस कार्यालय में ही अलग से कंट्रोल रूम बनेगा। सीसीटीवी कैमरा से न केवल ट्रैफिक तोड़ने वालों की पहचान की जाएगी, बल्कि कानून व्यवस्था तोड़ने वाले लोग को भी चिह्नित किए जाएंगे, जिससे संबधित शहर की सुरक्षा भी मजबूत होगा। आरा से पहले से बिहार के चार बड़े शहरों पटना, बिहारशरीफ, मुजफ्फरपुर और भागलपुर में इस योजना के तहत कैमरे लगाए गए है।

### कानून व्यवस्था में भी होगा सुधार

आरा शहर के शहरवासी संजय कुमार सिंह ने कहा कि इस प्रकार के कैमरा लगने से आरा शहर में ट्रैफिक व्यवस्था और कानून व्यवस्था में भी सुधार होगा। क्योंकि, आरा शहर में ज्यादातर लोग बिना हेलमेट के ही वाहन चलाते हैं। ऐसे में अगर दुर्घटना होती है तो जान का खतरा होता है। तो हेलमेट पहन कर के चलेंगे तो सेफ्टी बनी रहेगी। वैसे वाहन चालक हैं जो 18 साल से कम के हैं, वैसे बच्चे भी बाइक चलाने से पहले सोचेंगे। 18 साल से पहले की उम्र के बच्चों को बाइक चलाने नहीं देना चाहिए। ट्रैफिक व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से किया गया है पहल अच्छा है। ट्रैफिक थाना में पदस्थापित अरविंद कुमार ने पकड़ी चौक पर ड्यूटी के दौरान बताया कि जो भी व्यक्ति बिना हेलमेट के बाइक चला रहे हैं उन्हें रोक कर समझ रहे हैं कि हेलमेट नहीं पहनने से कितना नुकसान है। पहले तो सुरक्षा का दृष्टिकोण से बहुत जरूरी है उसके बाद पुलिस फाइन काट देगी। जो लोग ट्रैफिक रूल का पालन नहीं करते हैं सख्त हिदायत देकर छोड़ दिया जाता है। आगे यह भी बताया जाता है कि आगे से गलती करने पर उनका चालान भी कट सकता है।

## 23 को सहरसा आएंगे सीएम, कई योजनाओं का करेंगे शिलान्यास

### 35 करोड़ की बालिका छात्रावास सहित तिलावे नदी का लेंगे जायजा



**सहरसा, एजेंसी।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 23 जनवरी को प्रगति यात्रा के तहत सहरसा का दौरा करेंगे। इस दौरान वे जिले में कई महत्वपूर्ण योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। महिषी विधानसभा क्षेत्र के जदयू विधायक गूंजेश्वर साह के अनुसार, सीएम सबसे पहले तेलवा पश्चिमी पंचायत पहुंचकर तिलावे नदी के उड़ाही का निरीक्षण करेंगे।

सत्तर कटैया प्रखंड के मेनहा गांव में 35 करोड़ की लागत से निर्मित तीन मंजिला बालिका छात्रावास का उद्घाटन किया जाएगा। साथ ही विशनपुर पंचायत में स्कूलों का उद्घाटन और निरीक्षण भी होगा। महिषी प्रखंड क्षेत्र के महंथ दाहौर दास कबीर उच्च विद्यालय और तेलवा मैदान में भी मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियां चल रही हैं।

मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। कोसी प्रक्षेत्र के डीआईजी मनोज कुमार, सहरसा डीएम वैभव चौधरी और एसपी हिमांशु की देखरेख में हवाई अड्डा, सर्किट हाउस, अस्पताल और हेलीपैड का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। स्थानीय लोगों में मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर उत्साह है और उम्मीद है कि इस दौरे से जिले के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी।

## गया जंक्शन के प्लेटफॉर्म नंबर 4-5 पर ब्लॉक रेल सेवा 45 दिनों के लिए होगी प्रभावित

### पटना-बनारस इंटरसिटी का बदला रास्ता

**गया, एजेंसी।** गया जंक्शन पर रेलवे प्रशासन ने प्लेटफॉर्म नंबर 4 और 5 पर 21 जनवरी से 6 मार्च तक 45 दिनों का ब्लॉक का ऐलान किया है। यह निर्णय रेलवे के सक्षम प्राधिकरण की ओर से लिया गया है। इस दौरान कई यात्री और मेमू ट्रेनें रद्द रहेंगी। कुछ ट्रेनों का रास्ता परिवर्तित किया जाएगा।

इस अवधि में कई ट्रेनों को पूरी तरह रद्द किया गया है। इनमें प्रमुख रूप से पटना-गया पैसेंजर (53213/53214), गया-दशरथ नगर (63289/63290), और गया-जमालपुर पैसेंजर (53616) शामिल हैं। इन ट्रेनों के अलावा गया-किऊल और गया-जसीडीह रूट की भी कई अन्य लोकल ट्रेनों का संचालन बंद रहेगा।

### पटना–बनारस इंटरसिटी का बदला रास्ता

गया जंक्शन से होकर गुजरने वाली पटना-बनारस इंटरसिटी (13243/13244) समेत अन्य ट्रेनों का रास्ता बदला गया है। ये ट्रेनें अब गया के बजाय आरा के रास्ते संचालित होगी। कुछ ट्रेनों को गया जंक्शन के बजाय दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन या अन्य नजदीकी स्टेशनों पर आंशिक रूप से टर्मिनेट किया जाएगा। इनमें गया-आनंद विहार (22409/22410) और गया-लखनऊ एकात्मता एक्सप्रेस (14259/14260) शामिल हैं। इस अवधि में गया जंक्शन से किसी भी प्रकार की विशेष ट्रेनें जैसे भारत गौरव, परीक्षा विशेष या ओएमएस स्पेशल ट्रेनें संचालित नहीं होंगी।




### रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से सहयोग की अपील की

गया और आसपास के यात्रियों के लिए यह अवधि चुनौतीपूर्ण हो सकती है। मेमू ट्रेनों का संचालन भी सीमित कर दिया गया है। रेलवे ने गया पर प्लेटफॉर्म उपयोग को लेकर नए नियम लागू किए हैं। वंदे भारत और अन्य प्रमुख ट्रेनों को प्लेटफॉर्म नंबर 1-सी से संचालित किया जाएगा। इस स्थिति में रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से सहयोग की अपील की है। इस दौरान यात्री यात्रा से पहले अपने ट्रेन का स्टेटस अवश्य जांच लें।

# समस्तीपुर रेलवे स्टेशन पर बेहोशी की हालत में मिले दंपती, जहर खाने की आशंका



### समस्तीपुर से दोनों डीएमसीएच रेफर, साथ में है दो बच्चे

**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर जंक्शन पर मंगलवार सुबह एक दंपती बेहोशी की स्थिति में मिले है। शक है कि उन्होंने जहर खाया है। हालांकि, चर्चा यह भी है कि वो नशाखुरानी गिरोह का शिकार हो सकते है। क्योंकि उसके पास कोई सामान आदि नहीं मिला है। उसके पास मिले आधार कार्ड के अनुसार उसकी पहचान विभूतिपुर थाना क्षेत्र के टभका गांव के रहने वाले गणेश पासवान व उनकी पत्नी के रूप में की गई है। समस्तीपुर जंक्शन के कारखाना की ओर मंदिर के पास सुबह दोनों बेहोश मिले थे। रेलवे कर्मी और जीआरपी की ओर से उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यहां से उन्हें डीएमसीएच रेफर कर दिया गया है। उसके साथ दो बच्चे भी हैं। बच्चों का कहना है कि झगड़ा हुआ था। घटना की सूचना पर जीआरपी थाना अध्यक्ष बीपी आलोक के नेतृत्व में पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुटी हुई है। घटना के संबंध में रेलवे कर्मियों का कहना है कि सुबह दोनों को कारखाना की ओर देखा गया था। दोनों के मुंह से झाग निकल रहा था। पास में ही उसके दो बच्चे भी बैठे हुए थे। तत्काल रेलवे अस्पताल को सूचना देते हुए उसे सदर अस्पताल लाया गया। शक है कि दंपती ने जहरीली पदार्थ खाया है।

### दो जगह के अलग–अलग मिले हैं टिकट

बेहोश गणेश पासवान के पॉकेट से ग्वालियर से नई दिल्ली और झांसी से मुजफ्फरपुर तक के दो टिकट मिले हैं। एक टिकट 18 जनवरी तो दूसरा 19 जनवरी की तिथि का है।

### परिजनों को दी गई है सूचना

घटना के संबंध में रेलवे पुलिस पदाधिकारी की ओर से दंपती के परिजनों को सूचना दी गई है। जीआरपी इंस्पेक्टर बीपी आलोक ने बताया कि दंपती के होश में आने के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि उसने खुद जहर खाया है या नशा खुरानी गिरोह का वह शिकार हुए है। पूरे मामले की जांच अभी की जा रही है। दोनों बच्चे काफी छोटे-छोटे हैं। वैसा कुछ बता नहीं पा रहे हैं, जिससे कोई नतीजे पर पहुंचा जा सके।

## राहुल गांधी के बयान से सदमे में आया युवक बाल्टी से गिर गया 5 लीटर दूध, केस दर्ज

**समस्तीपुर , एजेंसी।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ बिहार के समस्तीपुर में एक अजीबोगरीब केस दर्ज हुआ है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि राहुल गांधी के भारत राज्य के खिलाफ लड़ाई वाला बयान सुनकर उसे झटका लगा। इससे दूध से भरी बाल्टी उसके हाथ से खिसक गई और उसमें रखा 5 लीटर दूध नीचे गिर गया। दूध की कीमत 50 रुपये प्रति लीटर थी। उसे कुल 250 रुपये का नुकसान हुआ है।

शिकायतकर्ता का नाम मुकेश चौधरी है। वह रोसरा के सोनूपुर गांव के रहने वाले हैं। मुकेश ने सिविल कोर्ट में याचिका दायर कर राहुल गांधी के खिलाफ देशद्रोह से संबंधित भारतीय न्याय संहिता की धारा 152 के तहत मुकदमा चलाने की मांग की। चौधरी ने दावा किया कि पिछले सप्ताह राहूल गांधी का बयान सुनकर उन्हें सदमा लगा,



कांग्रेस सांसद देश की संप्रभुता को खतरे में डाल रहे हैं। हालांकि, अभी यह नहीं पता चल पाया है कि अदालत ने याचिका स्वीकार की है या नहीं।

बता दें कि 15 जनवरी को दिल्ली में कांग्रेस के नए कार्यालय के उद्घाटन के दौरान राहुल गांधी ने एक बयान दिया था, जिस पर विवाद छिड़ गया। उन्होंने कहा कि उनकी लड़ाई भाजपा और आरएसएस जैसे संगठनों से ही नहीं, बल्कि भारतीय राज्य यानी इंडियन स्टेट से भी है। बीजेपी और आरएसएस ने देश के हर संस्थान पर कब्जा कर लिया है। इस मामले में राहुल गांधी के खिलाफ असम में भी एफआईआर दर्ज हुई है।

# रेलवे ट्रैक के पास बेहोश मिला युवक: ट्रेन से गिरकर जख्मी होने की आशंका, पहचान में जुटी पुलिस



**दरभंगा, एजेंसी।** दरभंगा-सीतामढ़ी रेलखंड पर दरभंगा के लाधा और मोहम्मदपुर रेलवे लाइन के बीच रेलवे ट्रैक किनारे सोमवार की देर शाम एक अज्ञात युवक घायल और अचेत अवस्था में मिला। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना डायल-112 की पुलिस को दी। मौके पर पहुंची डायल-112 की पुलिस टीम में शामिल एएसआई मनीष कुमार और चौकीदार नंदकिशोर पासवान ने घायल युवक को बेहोशी की हालत में ही इलाज के लिए डीएमसीएच दरभंगा में भर्ती कराया है। संबंध में एएसआई मनीष कुमार ने बताया कि सोमवार की शाम लगभग 6:30 बजे वह पेट्रोलिंग कर रहे थे। तभी सूचना मिली कि एक अज्ञात युवक जख्मी अवस्था में रेलवे लाइन के किनारे लाधा और मोहम्मदपुर के बीच काफी समय से पड़ा हुआ है।

### युवक की नहीं हुई है पहचान

सूचना के बाद पुलिस जब वहां पहुंची, तो युवक की पहचान नहीं हो सकी। ना ही उसके पास से कोई आइडेंटी कार्ड बरामद हुआ। फिलहाल युवक का इलाज डीएमसीएच के इमरजेंसी वार्ड में चल रहा है। वहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। युवक के सिर में और चेहरे पर गंभीर जख्म है। घटनास्थल के आसपास के किसी भी व्यक्ति ने युवक को जख्मी होते हुए नहीं देखा। संजय सिंह, राहुल पासवान अंबुज झा आदि लोगों का मानना है कि वह ट्रेन से गिरकर जख्मी हुआ होगा। लोगो ने स्ढ्ढ मनीष कुमार और चौकीदार नन्दकिशोर की काफी प्रशंसा की। स्थानीय लोगो ने बताया कि एएसआई और चौकीदार ने लहूलुहान युवक को तुरंत ही लेकर अस्पताल पहुंचे, इससे उसकी जान बच सकी है। आसपास के इलाके से युवक का संबंध नहीं है, जिससे अब तक उसकी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस और सामाजिक संगठन युवक के परिजनों को ढूंढने में जुटी है।

## हम 40 सीटों पर लड़ने की कर रहे तैयारी, कई योजनाओं को फिर से करेंगे लागू : जीतन राम मांझी



**लखीसराय, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने लखीसराय के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचकर विधानसभा चुनाव को लेकर महत्वपूर्ण बयान दिया। अतिथि गृह में कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत के बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि एनडीए गठबंधन पूरी तरह एकजुट है। मांझी ने स्पष्ट किया कि एनडीए में सीट बंटवारे को लेकर अभी कोई निर्णय नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि सभी घटक दल अपने-अपने स्तर पर गठबंधन को मजबूत करने में जुटे हैं। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) प्रखंड, विधानसभा और जिला स्तर पर लगातार सम्मेलन कर रहा है और अपने वोट बैंक को मजबूत कर रहा है।

### 40 सीट देने की मांग की

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं की मांग है कि पार्टी को 40 सीटें मिलनी चाहिए, जिन पर वे पहले से तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अगर विधानसभा में उन्हें ताकत मिलती है, तो वे अपने पिछले मुख्यमंत्री कार्यकाल में शुरू की गई योजनाओं को फिर से लागू करेंगे।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, बुधवार, 22 जनवरी, 2025



## संक्षिप्त समाचार

### यमुना एक्सप्रेसवे पर हादसा: आपस में टकराईं डबल डेकर बस, 15 यात्री घायल

**आगरा , एजेंसी।** आगरा के खंदौली क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस-वे पर दो डबल डेकर बस आपस में टकरा गईं। एक बस दिल्ली से बिधूना, तो वहीं दूसरी बस दिल्ली से बनारस जा रही थी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बसें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। हादसे के बाद चीख पुकार मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। सभी घायलों को उपचार के लिए सीएचसी एत्मादपुर भेज गया। यमुना एक्सप्रेस-वे पर रात तीन बजे ये हादसा हुआ। बताया गया है कि टक्कर इतनी भयंकर थी कि दोनों डबल डेकर बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। हादसे में 15 यात्री घायल हुए हैं। यमुना एक्सप्रेस वे किलो मीटर 160 पर हुए इस हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। घायलों को तत्काल ही उपचार के लिए सीएचसी एत्मादपुर भेज गया। तीन यात्रियों की हालत गंभीर बताई जा रही है। इसके बाद क्षतिग्रस्त बसों को हाईवे से किनारे कराने के बाद यातायात भी सुचारू कराया गया।

### संभल में वारदात: राज्यमंत्री गुलाब देवी की गाड़ी पर युवक ने फेंके पत्थर

**चंदौसी (संभल) , एजेंसी।** चंदौसी में सोमवार की रात करीब सवा आठ बजे रेलवे स्टेशन परिसर में खड़ीं माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी की दो गाड़ियों समेत तीन गाड़ियों पर एक युवक ने पत्थर फेंके। राज्यमंत्री की एक गाड़ी का अगला शीशा चटक गया।

गनीमत रही घटना के वक्त राज्यमंत्री प्रयागराज जाने के लिए ट्रेन में सवार हो गई थीं। आरपीएफ ने युवक को हिरासत में लेकर जीआरपी के सुपुर्द कर दिया। युवक नशे की हालत में बताया जा रहा है। इस दौरान कुछ देर के लिए अफरातफरी का माहौल हो गया।

आरपीएफ के मुताबिक माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी सोमवार की रात करीब आठ बजे दो इनोवा गाड़ी से लिंक एक्सप्रेस से प्रयागराज जाने के लिए रेलवे स्टेशन पर पहुंची थीं। उनके साथ दो इनोवा गाड़ी थीं। स्टेशन पहुंचने पर राज्यमंत्री अपने समर्थकों के साथ स्टेशन के अंदर चली गईं।

जबकि उनकी दोनों इनोवा गाड़ी स्टेशन परिसर में खड़ी थी। जहां एक अन्य गाड़ी भी खड़ी थी। उसी समय एक युवक वहां पहुंचा और तीनों गाड़ियों पर पत्थर फेंकने लगा। जिससे अफरातफरी मच गई। पता लगने पर आरपीएफ तत्काल मौके पर पहुंची। आरपीएफ ने युवक को हिरासत में ले लिया और जीआरपी के सुपुर्द कर दिया। जीआरपी युवक को नशे में बता रही है।

### सीएम योगी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले सपा नेता को पुलिस ने उठाया

**सीतापुर , एजेंसी।** सीतापुर में पुलिस ने मंगलवार की सुबह सपा नेता श्याम यादव को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन्हें सोशल मीडिया पर सीएम योगी के खिलाफ अपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। श्याम यादव बिसवां कोतवाली क्षेत्र के मझिगवां गांव के रहने वाले हैं। समाजवादी पार्टी के नेता श्याम यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सपा मुखिया अखिलेश यादव और सीएम योगी की फोटो के साथ एक पोस्ट की थी। इसमें सीएम योगी के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया था। पुलिस के मुताबिक सोशल मीडिया पर श्याम यादव की सैकड़ों शिकायतों का संज्ञान लिया गया है। इसी के चलते गिरफ्तारी हुई है।

### कांग्रेस सांसद पर रेप का आरोप: ...अब मीडिया के सामने आईं पत्नी, आरोपों पर कही बड़ी बात

**सीतापुर , एजेंसी।** यूपी के सीतापुर से कांग्रेस सांसद राकेश राठौर पर युवती ने दुष्कर्म का आरोप लगाया है। इस पर मंगलवार को उनकी पत्नी मीडिया के सामने आईं। उन्होंने सांसद पति पर लगे आरोपों पर अपनी बात रखी। कहा कि सभी आरोप निराधार हैं। कोर्ट हमें न्याय जरूर देगी। सांसद की पत्नी नीलम राठौर ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि यह समय हमारे लिए बहुत कठिन है। जो हमारे पति पर आरोप लगाये गए हैं, वह सब निराधार हैं। मुझे अपने पति पर पूरा भरोसा है।

# विश्व हिंदू परिषद के संत सम्मेलन में उठेगी आवाज

## अब मथुरा-काशी की बारी; वक्फ बोर्ड पर भी होगी चर्चा

**महाकुंभ नगर (प्रयागराज) , एजेंसी।** पिछले कई कुंभ में विश्व हिंदू परिषद के शिविर में संत सम्मेलन के प्रमुख मुद्दों में शामिल था कि अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर बने। 2019 के कुंभ में भी राम मंदिर निर्माण का संकल्प लिया गया था। अयोध्या में भव्य राम मंदिर बन चुका है। अब महाकुंभ-2025 शुरू हो चुका है। विहिप के शिविर में इस बार भी संत सम्मेलन होगा। हालांकि, इस बार इसमें जिन मुद्दों पर संत चर्चा कर आपसी सहमति बनाएंगे, उसमें वक्फ बोर्ड को खत्म करने का मामला सबसे ऊपर है।

सम्मेलन से पहले विहिप की केंद्रीय मार्गदर्शक कमेटी की बैठक में भी वक्फ बोर्ड मामले पर चर्चा होगी। विहिप के कुंभ और महाकुंभ में हर बार सनातनी हितों से जुड़े अनेक मुद्दों पर चर्चा होती है। विहिप के केंद्रीय मार्गदर्शक कमेटी की बैठक में ही संत सम्मेलन के एजेंडे तय होते हैं। फिर संत सम्मेलन में उन विषयों पर चर्चा कर आपसी सहमति बनाई जाती है।

बैठक के माध्यम से ही सनातनी हित में किए जाने वाले कार्यों के संकल्प लिए जाते हैं। इस बार भी जिन मुद्दों पर चर्चा होनी है, उसमें धर्मांतरण, मंदिरों पर कब्जे और ज्ञानवापी-मथुरा जैसे कई राष्ट्रीय मुद्दे उठेंगे। वहीं, वक्फ बोर्ड के विरोध में भी पिछले कुछ समय से संतों-महंतों ने हुंकार भरनी शुरू कर दी है। यह विषय गर्माने लगा है।

अयोध्या में राम मंदिर बन चुका है तो अब विहिप वक्फ बोर्ड को खत्म करने की लगातार वकालत कर रहा है। इतना ही नहीं, विहिप के महाकुंभ नगर स्थित शिविर में अनेक पदाधिकारी इस बात की भी चर्चा कर रहे हैं कि अयोध्या के बाद अब मथुरा एवं काशी की बारी है। संत सम्मेलन में मंदिरों के अधिग्रहण को समाप्त करने का भी मुद्दा उठ सकता है।




### योगी ने कहा था... यह वक्फ बोर्ड है या भू-माफिया बोर्ड

महाकुंभ शुरू होने के पहले मौलाना शहाबुद्दीन रज़वी बरेलवी ने कहा था कि महाकुंभ का आयोजन वक्फ बोर्ड की जमीन पर हो रहा है। इस दावे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि ऐसी बातें कोई भू-माफिया ही कर सकता है। वक्फ बोर्ड को भू-माफिया बोर्ड मत बनाइए। उसे वक्फ बोर्ड ही रहने दीजिए। योगी ने कहा कि ऐसी टिप्पणी करके लोग माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं।

# तालाब पर बना दिए मंदिर और मस्जिद...; पड़ताल में सामने आई हकीकत

**आगरा , एजेंसी।** आगरा में तालाब की भूमि पर मंदिर, मस्जिद बन गए। तब अफसरों ने ध्यान नहीं दिया। सोमवार को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने तालाब की 49,979 वर्ग मीटर भूमि पर अतिक्रमण ध्वस्त करने का आदेश डीएम अरविंद मल्लप्पा बंगारी को दिया है। एक महीने में कोर्ट ने अनुपालन आख्या मांगी है। क्या-क्या ध्वस्त होगा, इस पर प्रशासन उलझन में पड़ गया है।

मामला बिचपुरी ब्लॉक अंगूठी गांव का है। गांव में रहने वाले पर्यावरण प्रेमी भूरी सिंह ने एनजीटी में पिछले साल याचिका दायर करते हुए तालाब भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग की थी। 17 जनवरी को एनजीटी ने डीएम को कार्रवाई के निर्देश दिए। सोमवार को आदेश अपलोड हुआ।

बाकी भूमि पर एक तरफ करीब 350 वर्ग मीटर में अहमद रजा मस्जिद है। जिसके बराबर से कुछ मजार हैं। तालाब की दूसरी तरफ करीब एक बीघा में हनुमान मंदिर बगीची है। इसके अलावा एक अन्य मंदिर भी बना है। शिव परिवार, काली व दुर्गा प्रतिमा स्थापित हैं। वहीं, दो मजार व मलिकपुर वाले बाबा की दरगाह है। याचिकाकर्ता भूरी सिंह ने बताया कि उन्होंने अवैध मस्जिद निर्माण की शिकायत दर्ज कराई थी। यह मस्जिद करीब 30 साल पुरानी होगी। एनजीटी ने तालाब की भूमि से अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए हैं।



**शुरू हो गया मंथन:** एनजीटी ने डीएम से एक महीने में कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी है। एसडीएम सदर सचिन राजपूत का कहना है कि मंगलवार को टीम भेजकर नक्शा नजरी बनवाई जाएगी। मंदिर और मस्जिद दोनों अतिक्रमण में शामिल हैं। डीएम को रिपोर्ट भेजी जाएगी। ऐसे में अब प्रशासनिक अफसर उलझन में फंस गए हैं। क्या ध्वस्त किया जाए और क्या नहीं, इसे लेकर मंथन शुरू हो गया है।


**दो बीघा में बनाया अमृत सरोवर:** जिला पंचायत ने 15वें वित्त आयोग से करीब 2 करोड़ की लागत से वर्ष 2022-23 में 20 बीघा भूमि में से 2 बीघा पर अमृत सरोवर का निर्माण कराया था। जिसका लोकार्पण जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. मंजू भदौरिया ने किया। अमृत सरोवर के शिलापट्टिका पर सांसद राजकुमार चाहर, कैबिनेट मंत्री बेबीरानी मौर्य, एमएलसी विजय शिवहरे व जिला पंचायत सदस्य शशीबाला का नाम लिखा है।

## बरेली में मुठभेड़: रिटायर्ड लेखपाल का लापता पुत्र और दोस्त बरामद, पुलिस ने सात बदमाश दबोचे, तीन को लगी गोली

**बरेली, एजेंसी।** बरेली के सेवानिवृत्त लेखपाल के बेटे अनूप कटियार और बांदा से लापता उसके दोस्त हरीश कटियार को बारादरी थाना पुलिस ने भोजीपुरा थाना क्षेत्र में मुठभेड़ के बाद छुड़ा लिया। तीन बदमाशों के पैर में गोली लगी है, वहीं एसएसआई समेत दो पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं। अनूप की पत्नी के पास आई पांच लाख रुपये की फिरौती वाली कॉल के बाद रिपोर्ट दर्ज कराकर एसएसपी के आदेश पर टीमें कांबिंग में जुटी थीं। रात 11 बजे सफलता मिल गई। पुलिस ने इस मामले में चार और आरोपी पकड़े हैं। कुल सात आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। पुलिस के मुताबिक सूचना पर भोजीपुरा थाना क्षेत्र में धौराटांडा से मियांपुर गांव के बीच घेराबंदी की गई। दूसरी ओर से बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की तो मियांपुर निवासी अंकित कटियार, शाहिद व देवरनिया के पिपरा नानकार निवासी वीरू उर्फ वीरपाल को पैर में गोली लगी। बदमाशों की फायरिंग में बारादरी थाने के एसएसआई रोहित शर्मा और हेड कांस्टेबल असलम घायल हुए। रात में ही एसपी सिटी मानुष पारीक, एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्रा भी मौके पर पहुंच गए। बदमाशों से बारादरी थाना क्षेत्र के गणेशपुरम कॉलोनी निवासी अनूप कटियार व बांदा जिले के मोहल्ला अंडा गोदाम बाबा तालाब निवासी हरीश कटियार को पुलिस ने छुड़ा लिया। तीनों बदमाशों के पास से तीन तमंचे व कारतूस बरामद किए गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# जनवरी में धूप की तपिश ने तोड़ा रिकॉर्ड, एक ही दिन में 9 डिग्री चढ़ा पारा

**लखनऊ, एजेंसी।** राजधानी में तीखी धूप ने जनवरी में गर्मी का पिछले चार वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया। इससे पहले साल 2021 की जनवरी की सर्दियों में ऐसी तपिश देखने को मिली थी। गर्मी की वजह ऊनी कपड़ों में लोग असहज होते दिखे। जबकि जनवरी में अभी 10 दिन बाकी हैं।



बृहस्पतिवार से सोमवार के बीच 72 घंटों में दिन के पारे में 9.2 डिग्री का उछाल आया है। बृहस्पतिवार को दिन का तापमान 17.4 डिग्री था जबकि सोमवार को यह 26.6 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा। वहीं लखनऊ में सोमवार को दिन में 35 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से पछुआ हवाएं चलीं, इससे यहां की हवा की गुणवत्ता में भी थोड़ा सुधार दिखा। कुकरैल और बीबीएयू की हवा की गुणवत्ता हरे यानी अच्छे श्रेणी में दर्ज हुई। मौसम विभाग का कहना है कि यह पछुआ हवाएं न होतीं तो दिन के तापमान में और उछाल आता।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है 40 किमी प्रति घंटे की तेज रफ्तार पछुआ से कोहरा छंटा। कोहरे की नामौजूदगी से तपिश भरी धूप सीधे जमीन तक पहुंची और पारे में उछाल दिखा। 23 जनवरी तक मौसम ऐसे ही रहने वाला है। 24 से कोहरे की मौजूदगी से पारे में गिरावट की संभावना है।

सोमवार को लखनऊ में दिन का तापमान 4.2 डिग्री सेल्सियस की उछाल के साथ 26.6 डिग्री सेल्सियस और 2.7 डिग्री की उछाल के साथ रात का पारा 11.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### पछुआ से सुधरी लखनऊ की हवा

राजधानी में सोमवार को 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली पछुआ की वजह से यहां की हवा गुणवत्ता में सुधार दिखा। कुकरैल और बीबीएयू की हवा की गुणवत्ता हरे यानी अच्छे श्रेणी में दर्ज हुई। वहीं गोमतीनगर और तालकटोरा की हवा पीली यानी मध्यम श्रेणी में रही। अलीगंज और लालबाग की हवा नारंगी यानी खराब श्रेणी में देखने को मिली।

# गो तस्करी में आठ गिरफ्तार, आठ गोवंश छुड़वाए

**तिर्वा।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से इटावा से बिहार ले जाए जा रहे गोवंशों से भरे ट्रक को पुलिस ने पकड़ा। पुलिस ने आठ गो तस्करों को गिरफ्तार करने के साथ ही वाहन से आठ गोवंशों आरोपियों के चंगुल से छुड़वाया। गोवंशों को गोशाला पहुंचवाया गया।

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से बिहार ले जा रहे ट्रक में गोवंश भरे हुए थे। तिर्वा पुलिस को इसकी जानकारी मिली और फगुहा कट पर पुलिस ने ट्रक को रोकने का प्रयास किया, लेकिन तस्करों ने भागने की कोशिश की। पुलिस ने वाहन का पीछा कर घेर लिया। ट्रक से आठ गोवंश बरामद किए। पुलिस को पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम इटावा के बकेवर थाना क्षेत्र के अहेरीपुर गांव निवासी तीन सगे भाई साकिर, अल्ताफ, अनीश व ट्रक मालिक सुरेंद्र सिंह, चालक प्रांशु, इटावा के इकदिल थाना क्षेत्र के नगला पूठ निवासी राघवेंद्र, इटावा के थाना चौबिया क्षेत्र के नगला खेमी गांव निवासी कुंवरपाल व बिहार के मुंगेर जिले के पतीला गांव निवासी अनूप यादव बताया है। तस्करों ने बताया कि गोवंशों को इटावा से बिहार में बेचने के लिए ले जा रहे थे। पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है और संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है। वहीं, गोवंशों को नगर पंचायत की गोशाला में भेजा है। कोतवाल जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पकड़े गए तस्करों में राघवेंद्र गिरोह का सरगना है। राघवेंद्र पर तीन गोकशी, दो गैंगस्टर समेत पुलिस के साथ मुठभेड़ के मुकदमे दर्ज हैं। अन्य आरोपियों पर भी गोकशी समेत अन्य धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। पूछताछ में अन्य लोगों के शामिल होने की बात भी प्रकाश में आई है।

# कानपुर में पुलिस अभिरक्षा में भागा हिस्ट्रीशीटर माठा मुठभेड़ में गिरफ्तार, दो सिपाही सस्पेंड

सुनील बाजपेई

## शातिर अपराधी के हिरासत से भागने पर दो सिपाही सस्पेंड

**कानपुर।** यहां जिला जेल से कोर्ट में पेशी पर आने के दौरान पुलिस को चकमा देकर हिरासत से भागा शातिर लुटेरा आरिफ उर्फ माठा पनकी की थाना क्षेत्र में मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से तमंचा और मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। पैर में गोली लगने की वजह से उसे इलाज के लिए अस्पताल में भी भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

जानकारी के मुताबिक पुलिस कर्मियों को चकमा देकर फरार होने के बाद दिनभर पुलिस की कई टीमें अलग-अलग जगहों पर उसकी तलाश करती रहीं थी। इसी बीच मिली सटीक सूचना के आधार पर देर रात पनकी पुलिस ने कपली अंडरपास के पास मुठभेड़ के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान उसके बाएं पैर में गोली लग गई।

आरोपी के पास से चोरी की एक बाइक और तमंचा बरामद हुआ है। उसे प्राथमिक उपचार के लिए हैलट में भर्ती कराया गया है।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए पनकी के गंगागंज निवासी माठा पर पनकी के अलावा शहर के कई थानों में लूट, एनडीपीएस समेत विभिन्न धाराओं में 16 मामले दर्ज हैं। वह लूट के मामले में जिला जेल में बंद था।

पुलिस के अनुसार एनडीपीएस के मामले में कोर्ट ने उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर रखा था।

इसी मामले में उसकी जेल से एडीजे 11 के कोर्ट में सोमवार को पेशी होनी थी। पुलिस लाइन में सिपाही सत्यम सिंह और सन्नी चौधरी माठा को कोर्ट में पेशी के लिए ले जा रहे थे। शातिर ने मौका देखकर सिपाहियों को धक्का दिया और भीड़ का फायदा उठाते हुए परिसर से भाग गया।

इस बीच कोतवाली पुलिस ने माठा व दोनों सिपाहियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली। इसके बाद पुलिस कमिश्नर ने दोनों सिपाहियों को निलंबित भी कर दिया।

# जल जीवन मिशन के स्वच्छ सुजल गांव में मलखाम ग्रुप की परफॉर्मेंस, देखने लोगों की भारी भीड़ उमड़ी

**प्रयागराज, एजेंसी।** जल जीवन मिशन के स्वच्छ सुजल गांव में सोमवार को विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्वच्छ सुजल गांव की प्रदर्शनी देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। इंडियाज गॉट टैलेंट में परफॉर्म कर चुके मलखाम ग्रुप का परफॉरमेंस सबसे बड़ा आकर्षण का केन्द्र रहा। जिसे देखने बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ पंडाल में उमड़ी। इसके अलावा स्वच्छ सुजल गांव की प्रदर्शनी में राजस्थानी कथक का मंचन कलाकारों द्वारा किया गया। इस मौके पर पंडाल में आए विभिन्न श्रद्धालुओं ने सांस्कृतिक समागम मंच पर विभिन्न प्रस्तुतियां भी दीं। स्वच्छ सुजल गांव का सांस्कृतिक समागम मंच पंडाल में आने वाले लोगों को प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करता है।



# मुरादाबाद एयरपोर्ट के भीतर घुसा तेंदुआ: सुरक्षा प्रबंधों पर उठे सवाल



**मुरादाबाद, एजेंसी।** मूंढापांडे स्थित एयरपोर्ट परिसर में सोमवार को अचानक तेंदुआ घुस गया। वहां मौजूद सीआईएसएफ के सुरक्षाकर्मी सचेत हो गए। उन्होंने फौरन वन विभाग की टीम को सूचना दी। वन विभाग ने पिंजरा लगाकर रनवे के पास घूम रहे तेंदुए को पकड़ लिया। इस घटना से एयरपोर्ट के सुरक्षा इंतजामों पर सवाल उठ रहे हैं।

वर्तमान में कोहरे के कारण एयरपोर्ट से उड़ानें रद्द हैं। इसके कारण यात्रियों की आवाजाही नहीं है। निजी कंपनी का स्टाफ भी कहीं और तैनात किया गया है। एयरपोर्ट पर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अधिकारी, कर्मचारी व सुरक्षा व्यवस्था संभालने वाले जवान तैनात हैं। यह घटना पहली बार नहीं हुई है।

15-20 दिन पहले भी एयरपोर्ट परिसर में तेंदुआ घुस आया था। उस समय भी वन विभाग की टीम ने पिंजरा लगाकर उसे पकड़ा था। रनवे पर जंगली जानवरों की आवाजाही आसपास के ग्रामीणों में चर्चा का विषय बनी हुई है। लोगों का कहना है कि उड़ान शुरू होने पर जंगली जानवर अंदर प्रवेश कर गए तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

इससे लोगों की सुरक्षा को खतरा है। वहीं एयरपोर्ट अथॉरिटी की टीम इस पर कोई जवाब नहीं दे रही है। एयरपोर्ट परिसर में जंगली जानवर प्रवेश न करें, इसके लिए बाउंड्री ऊंची की गई थी। गेटों के कई फीट नीचे तक लोहे की ग्रिल लगाई गई थी। एक टीम लगातार रनवे पर निरीक्षण भी करती रहती है।

इसके बावजूद जंगली जानवरों का प्रवेश एयरपोर्ट के अंदर नहीं रुक रहा है। यह डीजीसीए के मानकों के भी खिलाफ है। एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारियों का कहना है कि जंगल के पास होने के कारण जंगली जानवरों के प्रवेश का खतरा बना रहता है। इसके लिए पुख्ता इंतजाम एयरपोर्ट पर हैं।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, बुधवार, 22 जनवरी, 2025



## संक्षिप्त समाचार

### महाकुंभ में नकली शेख को साधु ने पीटा

**प्रयागराज।** उद्योगपति गौतम अडाणी मंगलवार को महाकुंभ आएंगे। इस दौरान वह इस्कॉन पंडाल में भंडारा करेंगे। साथ ही त्रिवेणी में पूजा-अर्चना के बाद बड़े हनुमान जी के दर्शन करेंगे। मेले में एक युवक सऊदी अरब के शेख का रूप धारण कर महाकुंभ में घूम रहा था। नकली शेख को एक साधु ने जमकर पीट दिया। इसका वीडियो भी सामने आया है। वहीं, राज्यसभा सांसद सुधा मूर्ति भी महाकुंभ मेले में पहुंचीं। उन्होंने कहा- मैं बहुत उत्साहित हूं। 144 साल बाद ये महाकुंभ लग रहा है। मैं यहां 3 दिन रहूंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भतीजे सचिन ने अपने दोस्तों के साथ महाकुंभ में भजन गाए। उनके पिता और प्रधानमंत्री के भाई पंकज मोदी भी वहां खड़े दिखे। मोरारी बापू की कथा में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, पत्नी और बेटी के साथ शामिल हुए। कोविंद ने कहा- हम श्रीराम को मानते हैं तो उनकी बातों को मानने में झिझक क्यों होती है। स्वामी चिदानंद ने कहा- अब समय आ गया है कि हम न बंटेंगे, न बांटेंगे, न डरेंगे, न डराएंगे, न कटेंगे, न लड़ेंगे, न लड़ाएंगे। महाकुंभ का आज 8वां दिन है। दोपहर 2 बजे तक 44.62 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने स्नान किया। अब तक कुल 8.5 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने ट्रैफिक प्लान बदला है।

### यूपी STF ने एक साथ 4 बदमाश मार गिराए, शामली में 3 बदमाश कार में ढेर हुए

**शामली।** यूपी के शामली में STF ने 4 बदमाशों को मुठभेड़ में मार गिराया। सोमवार देर रात 2 बजे STF ने मुखबिर की सूचना पर कार से जा रहे चार बदमाशों को घेर लिया, बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में STF ने भी फायरिंग शुरू कर दी। दोनों तरफ से 30 राउंड फायरिंग हुई। 40 मिनट तक मुठभेड़ चली। इस दौरान STF टीम को लीड कर रहे इंस्पेक्टर सुनील के पेट में तीन गोलियां लगीं। इसके बाद STF ने 1 लाख के इनामी अरशद समेत चारों बदमाशों को गोली मार दी। STF घायल बदमाशों और इंस्पेक्टर को करनाल के अमृतधारा अस्पताल ले गई। जहां डॉक्टरों ने चारों बदमाशों को मृत घोषित कर दिया। वहीं, इंस्पेक्टर की हालत को गंभीर देखते हुए गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल रेफर कर दिया। मुठभेड़ हरियाणा बॉर्डर पर स्थित थाना झिंझाना क्षेत्र में हुई। चारों बदमाश मुस्तफा कग्गा गैंग के थे। पुलिस अफसरों ने बताया कि पिछले 15 सालों में यूपी की यह सबसे बड़ी मुठभेड़ है। इससे पहले, 2004 में जौनपुर में बावरिया गिरोह के 8 बदमाश मुठभेड़ में ढेर हुए थे। STF सूत्रों के मुताबिक, टीम को मुखबिर से अरशद की लोकेशन मिली थी। इसके बाद 12 पुलिसकर्मियों की टीम ने बदमाशों की कार का पीछा किया। टीम ने बदमाशों की कार को ओवरटेक कर घेर लिया। बदमाश STF को देखते ही अंधाधुंध फायरिंग करने लगे। इसके बाद टीम ने फायरिंग की। 3 बदमाश कार में ही मारे गए, जबकि 1 को कुछ दूरी पर मार गिराया। STF एसपी बृजेश कुमार सिंह ने बताया- इंस्पेक्टर सुनील की हालत नाजुक है। डॉक्टर ऑपरेशन कर रहे हैं। सुनील कुमार मेरठ के मसूरी गांव के रहने वाले हैं। करनाल SP गंगाराम पूनिया ने भी इंस्पेक्टर के साथ जिला पुलिस की टीम गुरुग्राम भेजी है।

### अमृतसर की सड़कों पर यमराज उतरे, ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों को समझाया

**अमृतसर।** मंगलवार को अमृतसर की सड़कों पर अचानक यमराज उतर आए। इस यमराज ने उन सभी लोगों को पकड़ा जो नियमों का पालन नहीं कर रहे थे। यह एक नया प्रयास था, जो नेहरू युवा केंद्र और ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से किया गया। दरअसल, ट्रैफिक पुलिस की ओर से साप्ताहिक जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसमें लोगों को नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी प्रयास के बीच आज मंगलवार को यमराज की वेशभूषा में एक युवा कलाकार सड़कों पर घूमता नजर आया। वह हेलमेट न पहनने वाले



दोपहिया ड्राइवर, सीट बेल्ट न लगाने वाले कार ड्राइवर, जेब्रा क्रॉसिंग नियम का पालन न करने वाले आदि की गाड़ियों पर आकर बैठ गया। उसने सभी से एक ही बात कही, अगर यहां नियमों का पालन नहीं करोगे तो मैं तुम्हें उठाकर ले जाऊंगा और समझा दूंगा। पुलिस का मकसद सिर्फ लोगों को यह समझाना था कि नियमों का पालन न करने से दुर्घटनाएं होती हैं और इसका खामियाजा जान गंवाने वाले के परिवार को भुगतना पड़ता है। यमराज बने परमजीत सिंह ने बताया कि हर साल हजारों जानें सिर्फ सड़क नियमों की पालना ना करने के कारण होती हैं। उसका मकसद मात्र इन दुर्घटनाओं को रोकना है। ये योगदान नेहरू युवा केंद्र और ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से आयोजित किया गया है। इंस्पेक्टर दलजीत सिंह ने बताया कि पंजाब पुलिस की गट्टू के खिलाफ भी मुहीम सफल रही थी और लोगों ने उसे सराहा था। ये मुहीम भी लोगों को जागरूक करने के मकसद से शुरू की गई है। पूरी आशा है कि इसमें जरूर सफल रहेंगे।

### पंजाब के पूर्व CM के हत्यारे पर सुनवाई आज

**चंडीगढ़।** पंजाब के पूर्व सीएम बेअंत सिंह की हत्या के मामले में दोषी ठहराए गए आतंकी जगतार हवारा की ओर से दिल्ली की तिहाड़ जेल से पंजाब की जेल में ट्रांसफर करने की मांग वाली याचिका पर आज (21 अक्टूबर) सुनवाई होगी। इस दौरान केंद्र, दिल्ली और पंजाब सरकार की ओर से कोर्ट में जवाब दाखिल किया जाएगा। पिछली सुनवाई में सरकार ने तीनों पक्षों से जवाब मांगा था। ट्रायल कोर्ट ने 27 मार्च, 2007 को हवारा को दोषी ठहराया और उसे मृत्युदंड की सजा सुनाई। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने 12 अक्टूबर, 2010 को



एक आदेश जारी करके उसकी सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया। 22 जनवरी 2004 को वह अपने साथियों के साथ सुरंग खोदकर चंडीगढ़ बुड़ेल जेल से फरार हो गया था। भागने के एक साल बाद उसे पकड़ लिया गया। वह 2005 से जेल में है। आज उसकी उम्र 54 साल है। याचिकाकर्ता की जेल से भागने के बाद दोबारा गिरफ्तारी से लेकर आज तक 19 साल बीत चुके हैं। याचिका में कहा गया है कि याचिकाकर्ता ने जेल अधिकारियों से दिल्ली जेल में उसके आचरण पर रिपोर्ट मांगी है। जो उसे अभी तक नहीं दी गई है। वहीं, देशद्रोह के एक मामले में उसे बरी किया जा चुका है। याचिका में दलील दी गई कि वह तिहाड़ जेल में बंद एक सजायाफ्ता कैदी है और उसके खिलाफ दिल्ली में कोई मामला दर्ज नहीं है। वर्तमान में वह पंजाब में दर्ज एक मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। वह पंजाब राज्य के फतेहगढ़ साहिब जिले का मूल निवासी है। उसे पंजाब की जेल में ही रखा जाना चाहिए। हवारा को 21 सितंबर 1995 को गिरफ्तार किया गया था। उसके बाद उस पर पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या का मुकदमा चला और उसे दोषी ठहराया गया। वह अपनी गिरफ्तारी की तारीख से लेकर आज तक जेल में है। वह 28 साल से ज़्यादा समय से जेल में है।

### 1984 सिख विरोधी दंगे- फैसले की तारीख बढ़ी

**नई दिल्ली।** 1984 के सिख विरोधी दंगा मामले में दिल्ली का राउज एवेन्यू कोर्ट 31 जनवरी को फैसला सुनाएगा। मामला कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार से जुड़ा है। उन पर दंगों के दौरान पिता-पुत्र की हत्या का आरोप है। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद 1984 में हुए सिख विरोधी दंगे शुरू हुए थे। इसी दौरान 1 नवंबर को पश्चिमी दिल्ली के राज नगर पार्ट-1 में सरदार जसवंत सिंह और उनके बेटे तरुण दीप सिंह की हत्या कर दी गई। शाम करीब 4.30 बजे दंगाइयों भीड़ ने उनके घर इलाके में हमला किया था। आरोप है कि भीड़ का नेतृत्व सज्जन कुमार कर रहे थे। सज्जन कुमार पर मृतकों के परिवार से साथ मारपीट का भी आरोप है। दिल्ली के सरस्वती विहार थाने में इस मामले में केस दर्ज किया गया था। सज्जन कुमार के खिलाफ दंगा, हत्या और डकैती के आरोप में IPC की धारा 147, 149, 148, 302, 308, 323, 395, 397, 427, 436, 440 के तहत केस दर्ज किया गया था। 16 दिसंबर, 2024 को हुई सुनवाई में राउज एवेन्यू कोर्ट ने सज्जन कुमार पर फैसला टाल दिया था। फैसले की तारीख 8 जनवरी रखी गई थी।

# तुर्किये के होटल में आग लगने से 10 की मौत, 32 लोग घायल

**❒ जान बचाने के लिए 11 मंजिला इमारत से कूदे लोग**

एजेंसी, अंकारा



उत्तर-पश्चिमी तुर्किये में बोलू राज्य के स्की रिसॉर्ट के एक होटल में आग लगने से 10 लोगों की मौत हो गई और 32 घायल हो गए। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक बोलू के कार्तलकाया रिसॉर्ट में आग लगने से भगदड़ मच गई। घबराहट के चलते दो लोग इमारत से कूद गए, जिसमें उनकी मौत गई। अधिकारियों के मुताबिक होटल में स्थानीय समयानुसार रात में करीब 3:30 बजे लगी थी। इसने 11 मंजिला इमारत को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे का पता चलते ही फायर फाइटर्स और रेस्क्यू वर्कर्स की टीम तुरंत मौके पर पहुंच गई।


**आग लगने के बाद मची भगदड़:** बोलू के गवर्नर अब्दुलअजीज आयडिन ने बताया कि इस होटल में 234 मेहमान ठहरे हुए थे। आग लगने की वजह के यहां भगदड़ मच गई। कुछ लोगों ने हड़बड़ी में चादर के जरिए खिड़की से उतरने की कोशिश की। अभी तक आग लगने की वजह पता नहीं चल पाई है। मामले की जांच जारी है। गवर्नर ऑफिस के मुताबिक 30 दमकल गाड़ियां और 28 एंबुलेंस मौके पर भेजी गईं। अधिकारियों ने आग पर काबू पाने के लिए 267 इमरजेंसी वर्कर्स को भी तैनात किया है। रिपोर्ट के मुताबिक तुर्किये के पर्यटन और स्वास्थ्य मंत्री हादसे वाली जगह के लिए रवाना हो चुके हैं।

**तुर्किये में स्कूल की छुट्टियां चल रहीं:** कार्तलकाया इस्तांबुल शहर से लगभग 300 किलोमीटर पूर्व में कोरोग्लू पहाड़ों पर स्थित एक लोकप्रिय स्की रिसॉर्ट है। इस वक्त तुर्किये में स्कूल सेमेस्टर की छुट्टियां चल रही है। इस वजह से यहां मौजूद सभी होटलों में काफी ज्यादा भीड़ है। एहतियात के तौर पर इस इलाके के अन्य होटलों को खाली करा लिया गया है।

## ट्रम्प अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति

**◆ पहले भाषण में कहा- भगवान ने अमेरिका को महान बनाने के लिए मुझे बचाया, जेडी वेंस उपराष्ट्रपति बने**

एजेंसी, वॉशिंगटन




डोनाल्ड ट्रम्प अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति बन गए हैं। उन्होंने भारतीय समयानुसार सोमवार रात 10:30 बजे अमेरिकी संसद कैपिटल हिल में पद की शपथ ली। सुप्रीम कोर्ट के जज जॉन रॉबर्ट्स ने उन्हें शपथ दिलाई। यह उनका दूसरा टर्म है। वे 2017 से 2021 तक अमेरिका के 45वें राष्ट्रपति रह चुके हैं। ट्रम्प की शपथ के दौरान पत्नी मेलानिया बाइबिल लेकर खड़ी रहीं। शपथ के बाद कुछ देर तक संसद का कैपिटल रोटुंडा हॉल तालियों से गूंजता रहा। अपनी स्पीच में ट्रम्प ने कहा कि भगवान ने अमेरिका को महान बनाने के लिए उन्हें बचाया। इससे पहले जेडी वेंस ने अमेरिका के 50वें उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ ली।

**ट्रम्प बोले-** अमेरिका को फिर महान बनाएंगे शपथ के बाद ट्रम्प ने 30 मिनट तक देश को संबोधित किया। अपने पहले भाषण में उन्होंने कहा, 'अमेरिका का स्वर्ण युग अभी शुरू हो रहा है। इस दिन से हमारा देश फिर समृद्ध होगा और पूरी दुनिया में इसका सम्मान किया जाएगा। मैं बहुत ही सरलता से अमेरिका को सबसे पहले रखूंगा। हमारी सुरक्षा बहाल होगी। न्याय के तराजू को फिर संतुलित किया जाएगा। हम फिर से अमेरिका को महान बनाएंगे।' पहले भाषण में ट्रांसजेंडर की मान्यता खत्म करने की बात कही ट्रम्प ने शपथ के बाद की स्पीच में कहा- मैं सभी सरकारी सेंसरशिप को तुरंत रोकने और अमेरिका में अभिव्यक्ति की आजादी को वापस लाने के लिए एक एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर साइन करूंगा।

## सैफ 5 दिन बाद लीलावती अस्पताल से डिस्चार्ज

**कुछ देर में घर के लिए निकलेंगे, मां शर्मिला और बेटी सारा साथ मौजूद**



एजेंसी, मुंबई

एक्टर सैफ अली खान को 5 दिन बाद मंगलवार को लीलावती अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। 15 जनवरी की रात करीब ढाई बजे उन पर चाकू से हमला किया गया था। सैफ के गले और रीढ़ में गंभीर चोटें आई थीं। इसके बाद सैफ ऑटो से लीलावती अस्पताल पहुंचे थे। सैफ अभी अस्पताल से बाहर नहीं आए हैं। बेटी सारा अली खान और मां शर्मिला टैगोर सैफ के साथ मौजूद हैं। करीना भी कुछ देर पहले अस्पताल पहुंचीं थीं, वे मुलाकात के बाद सदगुरु शरण अपार्टमेंट स्थित घर रवाना हो गईं। शर्मिला और सारा सैफ के साथ हैं। सूत्रों ने बताया कि सैफ अब गुरुशरण अपार्टमेंट में नहीं रहेंगे, जहां उन पर हमला किया गया। पास ही फॉर्च्यून हाइट्स इमारत में उनका सामान शिफ्ट किया गया है, ये एक्टर का दफ्तर है। सैफ के सदगुरु शरण अपार्टमेंट स्थित घर पर करीना की बड़ी बहन करिश्मा मौजूद हैं। सैफ के सदगुरु शरण अपार्टमेंट स्थित घर पर करीना की बड़ी बहन करिश्मा मौजूद हैं।

**तड़के 3 बजे क्राइम सीन रीक्रिएट:** मुंबई पुलिस ने मंगलवार तड़के क्राइम सीन रीक्रिएट किया। इसके लिए आरोपी शरीफुल को पुलिस सोमवार रात 1 बजकर 15 मिनट पर लॉकअप से निकालकर सबसे पहले बांद्रा स्टेशन पहुंची। तड़के 3-4 बजे के बीच उसे सैफ की सोसाइटी में ले जाया गया। आरोपी को ठीक उसी तरह से एक बैग पैक भी पहनाया गया था, जैसा उसने घटना के समय पहना था। फोरेंसिक टीम ने 19 फिंगरप्रिंट कलेक्ट किए।

## ट्रम्प 150 साल पुराना जन्मजात नागरिकता कानून खत्म करेंगे, अवैध प्रवासियों की एंट्री बंद

**बाइडेन के 78 फैसले पलटे, अमेरिकी राष्ट्रपति के 15 ऐलान**

एजेंसी, वॉशिंगटन



डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार, 20 जनवरी को अमेरिकी संसद कैपिटल हिल में 47वें राष्ट्रपति के तौर पर शपथ ली। ट्रम्प ने सत्ता संभालते ही देश से लेकर विदेश तक अमेरिकी नीतियों में कई बड़े बदलाव लाने की बात कही। उन्होंने शपथ लेने के सिर्फ 6 घंटे के अंदर ही बाइडेन के 78 फैसलों को पलट दिया है। इसमें अवैध प्रवासियों को बाहर निकालने, बच्चों की नागरिकता खत्म करने, WHO और पेरिस जलवायु समझौता से अमेरिका को बाहर निकालने जैसे फैसले हैं।

**जन्मजात नागरिकता को खत्म करने का ऐलान:** ट्रम्प ने जन्मजात नागरिकता को खत्म करने का फैसला किया है। उन्होंने उन माता-पिता के बच्चों को जन्मजात नागरिकता देने से इनकार करने का आदेश दिया है जो अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे हैं या फिर अस्थायी वीजा लेकर रह रहे हैं। ट्रम्प ने इस आदेश को लागू करने के लिए 30 दिन का समय दिया है। ट्रम्प का ये आदेश अमेरिकी बच्चों को मिलने वाले जन्मजात नागरिकता के अधिकार को चुनौती देता है। अमेरिकी संविधान का 14वां संशोधन बच्चों को जन्मजात नागरिकता की गारंटी देता है। अमेरिका में यह कानून 150 साल से लागू है। दुनिया में दो तरह से बच्चों को नागरिकता मिलती है। पहला- राइट ऑफ सॉइल यानी कि बच्चे का जहां जन्म हुआ हो, वह अपने आप वहां का नागरिक बन जाता है। दूसरा राइट ऑफ ब्लड यानी कि बच्चे के मां-बाप जहां के नागरिक हों, बच्चे वहीं के नागरिक माने जाएंगे।

**क्यों किया-** बहुत से गरीब देश या वे जगहें जहां लगातार युद्ध चल रहा हो, वहां के लोग अपने लिए ऐसी जगहें खोजने लगे, जहां राइट ऑफ सॉइल का नियम हो। अमेरिका पर इनकी तलाश पूरी हुई। ये बर्थ राइट सिटिजनशिप भी देता था। गरीब और युद्धग्रस्त देशों से आए लोग अमेरिका आकर और बच्चों को जन्म देते हैं। ये लोग पढ़ाई, रिसर्च, नौकरी के आधार पर अमेरिका में रुकते हैं। बच्चे का जन्म होते ही उन्हें अमेरिकी नागरिकता मिल जाती है। नागरिकता के बहाने माता-पिता को अमेरिका में रहने की कानूनी वजह भी मिल जाती है। अमेरिका में यह ट्रेंड काफी लंबे समय से जोरों पर है। आलोचक इसे बर्थ टूरिज्म कहते हैं। प्यू रिसर्च सेंटर की 2022 की रिपोर्ट के मुताबिक 16 लाख भारतीय बच्चों को अमेरिका में जन्म लेने की वजह से नागरिकता मिली है। ट्रम्प के फैसले की वजह से उनकी नागरिकता खतरे में आ जाएगी।

**कैपिटल हिंसा के दोषियों को माफी:** ट्रम्प ने राष्ट्रपति बनते ही 6 जनवरी 2021 को हुई कैपिटल हिल हिंसा के आरोप में गिरफ्तार हुए अपने करीब 1600 समर्थकों की सजा माफ कर दी है। जिन लोगों की सजा माफ हुई है उनमें कई देशद्रोह की साजिश जैसे मामलों के दोषी करार दिए जा चुके हैं।


**क्यों किया-** ये सभी लोग ट्रम्प के समर्थक थे। ट्रम्प का मानना है कि ये सभी देशभक्त हैं। जस्टिस डिपार्टमेंट ने उनके साथ गलत बर्ताव किया।

**अवैध प्रवासियों को बाहर निकालेंगे:** ट्रम्प ने देश में अवैध प्रवासियों की एंट्री बैन करने और अवैध प्रवासियों को पकड़ कर बॉर्डर पर छोड़ने की पॉलिसी का ऐलान किया। उन्होंने कहा- बाइडेन प्रशासन ने हमारे देश में अवैध रूप से एंट्री करने वाले खतरनाक अपराधियों को शरण दी है और उनकी हिफाजत की है।

## ट्रम्प की वापसी से पाकिस्तान-बांग्लादेश पर दबाव बढ़ेगा

**❒ भारत-US मिलिट्री संबंध मजबूत होंगे, इंडियन प्रोडक्ट्स पर टैरिफ का खतरा**

एजेंसी, वॉशिंगटन



डोनाल्ड ट्रम्प ने कल 20 जनवरी को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के तौर पर शपथ ली। भारत के विदेशमंत्री एस जयशंकर उनके शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शामिल हुए। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी ट्रम्प को उनको नए कार्यकाल के लिए बधाई दी। ट्रम्प के पहले कार्यकाल में उनके और पीएम मोदी के बीच काफी अच्छे संबंध रहे थे। ट्रम्प ने 2019 में राष्ट्रपति रहते पीएम मोदी के सम्मान में टेक्सास स्टेट के ह्यूस्टन में हाउडी मोदी प्रोग्राम का आयोजन किया था। इस दौरान पीएम मोदी ने भी 'अबकी बार ट्रम्प सरकार' का नारा दिया था। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि ट्रम्प अपने दूसरे कार्यकाल में भारत के साथ किस तरह के रिश्ते रखते हैं।

**व्हाइट हाउस में ट्रम्प की वापसी से भारत पर क्या असर हो सकता है?**

**1. पाकिस्तान, कश्मीर और बांग्लादेश पर ट्रम्प का रुख:** ट्रम्प ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान कहा था कि वो पाकिस्तान के साथ रिश्ते सुधारना चाहते हैं। लेकिन पहले पाकिस्तान को आतंकवाद के लिए जवाबदेही तय करनी होगी। चुनाव प्रचार के दौरान भी ट्रम्प ने कहा था कि हम ताकत के दम पर दुनिया में शांति लेकर आएंगे। ट्रम्प का यह बयान कट्टरपंथ और आतंकवाद के मुद्दे पर भारत के लिए सकारात्मक संदेश है। 2019 में जब कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाया गया था, तब ट्रम्प ने इस मामले में दखल देने से इनकार कर दिया था। उन्होंने जम्मू कश्मीर को भारत का आंतरिक मामला बताया था। वहीं ट्रम्प ने बांग्लादेश में जारी हिंसा को लेकर कहा था कि बांग्लादेश में भीड़ हिंदुओं पर हमला कर रही है, लूटपाट कर रही है। मेरे कार्यकाल में ऐसा कभी भी नहीं होता। कमला और बाइडेन ने अमेरिका समेत पूरी दुनिया में हिंदुओं की अनदेखी की है।

**2. भारत-US सैन्य संबंध मजबूत होंगे:** इनिशिएटिव ऑन क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजी (ICET) और अमेरिकी MQ-9 रीपर ड्रोन जैसे रक्षा सौदों ने भारत और US सैन्य संबंधों को मजबूत किया है। ये सौदे बाइडेन के कार्यकाल में हुए थे। ट्रम्प की वापसी के बाद भारत और अमेरिका के बीच रक्षा संबंध और बेहतर हो सकते हैं। डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ मिलकर इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में चीन को कंट्रोल करने के लिए क्वाड गठबंधन को मजबूत किया था।


**एफ-35 लड़ाकू विमान मिलने की उम्मीद:** ट्रम्प ने पहले कार्यकाल में भारत के साथ 30,000 करोड़ रुपए के मिलिट्री इक्विपमेंट सौदे की घोषणा की थी। जबकि बाइडेन के कार्यकाल में पनडुब्बी और ड्रोन समझौते को अंतिम रूप दिया गया था। भारत के साथ के साथ F-35 फाइटर जेट को लेकर डील हो सकती है।

**3. ट्रम्प भारतीय एक्सपोर्ट पर टैरिफ बढ़ा सकते हैं:** ट्रम्प के व्हाइट हाउस में वापसी से भारत के एक्सपोर्ट पर नकारात्मक असर पड़ सकता है।

## कोलकाता रेप-मर्डर, उम्रकैद सुनाने वाले जज बोले- पुलिस लापरवाह थी

**◆ अस्पताल प्रशासन ने पर्दा डाला, फैसले पर कहा- भावनाओं नहीं, सबूत देखकर सजा दी**

एजेंसी, सियालदह




सियालदह कोर्ट ने 18 जनवरी को संजय को दोषी ठहराया था। घटना के 164वें दिन यानी 20 जनवरी को सजा पर 172 पेज का फैसला सुनाया। कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर मामले में दोषी संजय रॉय को उम्रकैद देने वाले जस्टिस अनिर्बान दास ने पुलिस और हॉस्पिटल के लिए सख्त कमेंट किए। जस्टिस दास ने कहा कि इस केस में पुलिस लापरवाह थी। उन्होंने सोमवार (20 जनवरी) को सजा सुनाने के दौरान ये भी कहा कि इस केस में ताला पुलिस स्टेशन के SI का बयान चौंकाने वाला है। वह दिखाता है कि पुलिस अफसरों ने इस केस में किस तरह लापरवाही बरती। उम्रकैद के फैसले पर उन्होंने कहा- ज्यूडिशियरी का काम सबूतों के आधार पर न्याय देना है, जनता की भावनाओं के आधार पर नहीं। हमें आंख के बदले आंख और जान के बदले जान के भाव से ऊपर उठना चाहिए। कोलकाता में 8 अगस्त 2024 की रात आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर का रेप और मर्डर हुआ था।

## ट्रम्प की शपथ में मस्क ने हिटलर जैसा सैल्यूट किया, सोशल मीडिया पर छिड़ा विवाद

**● स्वागत समारोह में ट्रम्प तलवार लेकर मेलानिया के साथ नाचे**

एजेंसी, वॉशिंगटन



अमेरिकी मीडिया और सोशल मीडिया पर इलॉन मस्क पर नाजी सैल्यूट करने के आरोप लग रहे हैं। सोमवार को डोनाल्ड ट्रम्प के शपथ ग्रहण के बाद हुई रैली में मस्क शामिल हुए थे। मस्क ने मंच से भाषण भी दिया। इस दौरान उन्होंने लोगों को सैल्यूट किया। मस्क ने अपने भाषण के दौरान कहा- यह कोई आम जीत नहीं है। यह बहुत ज्यादा मायने रखती है। आपने इसे संभव किया है। इसके लिए आपका धन्यवाद। बहुत शुक्रिया। यह कहते हुए मस्क अपना दाहिना हाथ अपने सीने तक लाए और उसे बाहर की ओर फैलाया। इंटरनेट पर मस्क के इस जेस्चर को नाजी सैल्यूट से कंपेयर किया जा रहा है। हिटलर ने इस सैल्यूट का इस्तेमाल 1933 से 1945 तक तीसरे राइख (तीसरा जर्मन साम्राज्य) के दौरान किया था।

सच कहूं तो उन्हें और ज्यादा बुरी तरकीबों की जरूरत है। 'हर कोई हिटलर है' वाला जुमला अब बहुत पुराना हो चुका है।

## सूरत में आठवीं की छात्रा ने सुसाइड किया

**परिवार ने कहा- फीस नहीं भरने पर बेटी को 2 दिन तक बाथरूम के पास खड़ा रखा**

एजेंसी, सूरत



गुजरात में सूरत में रहने वाली 8वीं कक्षा की एक छात्रा ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। बच्ची के परिजनों ने स्कूल प्रशासन पर को बेटी की मौत का जिम्मेदार बताया है। परिवार का आरोप है कि फीस बकाया होने के चलते स्कूल प्रशासन ने बेटी को लगातार दो दिनों तक शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। उसे बाथरूम के पास खड़ा कर देते। इससे आहत होकर उसने सुसाइड कर लिया।

**दो दोनों तक बाथरूम के पास खड़ा रखा:** गोडादरा इलाके की प्रियंका नगर सोसायटी में रहने वाले मृतक छात्रा के पिता राजू खटीक ने कहा कि मेरी बेटी भावना (14 वर्ष) को मकर संक्रांति से पहले एग्जाम में नहीं बैठने दिया गया था। दो दिन पहले वह घर आकर रोने लगी। उसने मुझे फीस बकाया होने के बारे में बताया। मैंने स्कूल में फोन करके अगले महीने फीस भरने का कहा था। इसके बावजूद उसे रोज टॉर्चर किया जा रहा था

**परिवार घर लौटा तो फंदे पर लटकता पाया:** सोमवार को परिवार एक रिश्तेदार के घर गया हुआ था। इसी दौरान स्कूल से आने के बाद दोपहर को भावना ने घर में पंखे से लटककर सुसाइड कर लिया। शाम को जब परिवार घर लौटा तो भावना को पंखे से लटकता पाया। बच्ची को तुरंत निजी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

**ऑटो चालक हैं बच्ची के पिता:** राजू खटीक के परिवार में पत्नी, दो बेटियां और एक बेटा है। राजूभाई ऑटो रिक्शा चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। इनमें बड़ी बेटी भावना गोडादरा में स्थित आदर्श पब्लिक स्कूल में आठवीं कक्षा में पढ़ती थी। छात्र के माता-पिता द्वारा स्कूल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाने के बाद आत्महत्या के मामले में शिक्षा विभाग और पुलिस द्वारा आगे की जांच की जा रही है।

# चैंपियंस ट्रॉफी के लिए सूर्यकुमार यादव को शामिल किया जाना चाहिये था : सुरेश रैना

एजेंसी, नई दिल्ली



पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने कहा है आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी जैसे टूर्नामेंट के लिए सूर्यकुमार यादव जैसे आक्रामक क्रिकेटर को टीम में शामिल किया जाना चाहिये था। रैना ने कहा कि मध्यक्रम के बल्लेबाज सूर्यकुमार इस टूर्नामेंट में एक्स-फैक्टर साबित हो सकते थे , इसलिए टीम को उनकी कमी महसूस होगी। रैना ने कहा, सूर्या विश्व कप टीम का अभिन्न हिस्सा थे, वह 360 डिग्री के खिलाड़ी हैं जो खेल के किसी भी चरण में 9 रन प्रति ओवर की दर से रन बना सकते हैं। वह अपनी बल्लेबाजी से विपक्षी टीम पर दबाव बनाने में सक्षम हैं। ऐसे में उनका होना खेल में अंतर पैदा कर सकता है। अब उनके नहीं होने से शीर्ष 3 पर रनों की जिम्मेदारी रहेगी। सूर्या ऐसे खिलाड़ी हैं जो किसी भी स्थिति और क्रम में बल्लेबाजी कर सकते हैं। रैना ने यह भी कहा कि जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी फिटनेस को लेकर जो संशय छाया हुआ है। उन हालातों में तेज गेंदबाज मोम्मद सिराज को टीम में रखा जाना चाहिये था। उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलिया में सिराज अलग फॉर्म में थे पर 12 फरवरी तक टीम में बदलाव किया जा सकता है। ऐसे में मुझे लगता है कि अगर बुमराह पूरी तरह से फिट नहीं होते हैं तो सिराज को अब भी टीम में जगह मिल सकती है। उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलिया दौरे में युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा ने अच्छा प्रदर्शन किया है। उनके पास अच्छी गति, अच्छी बम्पर, वैरिएशन, यॉर्कर और पेस है। वह और बांए हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह दोनों डेथ ओवरों में प्रभावी गेंदबाजी कर सकते हैं, लेकिन मुझे अब भी लगता है कि अगर बुमराह नहीं होते हैं तो सिराज को रखा जाना चाहिये। रैना ने शुभमन गिल को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उप-कप्तानी देने के कदम को सही बताया। उन्होंने कहा, शुभमन को सही समय पर उप-कप्तानी मिली है। वह भारतीय क्रिकेट के अगले सुपरस्टार हैं और उन्होंने एकदिवसीय में शानदार प्रदर्शन किया है। रोहित जानते हैं कि किसी युवा खिलाड़ी को कैसे प्रशिक्षित करना है और शुभमन इसके लिए सही उम्मीदार हैं। दुबई की पिचें धीमी होती हैं और टर्न लेती हैं, इसलिए रैना ने कहा कि बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव और ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या गेंदबाजी विभाग में अहम भूमिका निभा सकते हैं। भारतीय टीम ने दो बार चैंपियंस ट्रॉफी जीती है। ऐसे में रैना के अनुसार रोहित और उनके साथी इस बार भी जीत सकते हैं। उन्होंने कहा, रोहित में क्षमता है, उनके पास टीम है लेकिन जो महत्वपूर्ण होगा वह 15 में से 11 खिलाड़ियों का संयोजन है। विकेट थोड़े धीमे होंगे, लेकिन हमारे पास क्षमता है।

## स्मिथ फिट नहीं होते तो श्रीलंका के खिलाफ सीरीज के लिए हेड को टेस्ट कप्तान बनायें : वॉर्नर

एजेंसी, सिडनी




ऑस्ट्रेलियाई के पूर्व सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने कहा है कि अगर श्रीलंका दौरे के लिए कप्तान बनाये गये स्टीव स्मिथ समय पर फिट नहीं होते हैं तो ट्रेविस हेड को ये जिम्मेदारी दी जा सकती है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने नियमित कप्तान पैट कमिंस के उपलब्ध नहीं होने के काण स्मिथ को इस सीरीज के लिए कप्तान बनाया था पर वह घरेलू बिग बैश लीग (बीबीएल) में चोटिल हो गये है। मैच में फील्डिंग के दौरान स्मिथ की दाहिने कोहनी में चोट लगी है। इसी काण वह अभी इलाज करा रहे हैं और दुबई में आईसीसी अकादमी में ऑस्ट्रेलिया के अभ्यास सत्र में भी शामिल नहीं हुए हैं। वॉर्नर के अनुसार अगर स्मिथ 29 जनवरी से गाले में शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए फिट नहीं होते, तो इस दौरे के लिए उप-कप्तान बनाए गए हेड को कमान दे देनी चाहिये। वॉर्नर ने कहा, मुझे नहीं लगता कि वह ज्यादा बोलेंगे। जब उन्हें सही लगेगा, तब बदलाव करेंगे। वह लंबे समय से दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के लिए कप्तानी कर रहे हैं और उनके पास एक अच्छा क्रिकेटिंग दिमाग है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर स्मिथ पूरे दौरे से बाहर हो जाते हैं, तो यह ऑस्ट्रेलिया के लिए करार झटका होगा। अगर वह श्रीलंका दौरे से बाहर होते हैं, तो यह नुकसानदायक होगा हालांकि मुझे लगता है कि वह समय से फिट हो जाएंगे। श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज 29 जनवरी से गाले में शुरू होगी। इसका दूसरा मैच 6 फरवरी को वहीं खेला जाएगा। इसके बाद 12 और 14 फरवरी को कोलंबो में दो एकदिवसीय मैच खेले जाएंगे। ऑस्ट्रेलिया ने पहले ही विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बना ली है। ऐसे में इस सीरीज के परिणाम से उसपर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।


## सोफी एक्लेस्टोन ने एशेज हार के बाद टीवी इंटरव्यू से किया इनकार : एलेक्स हार्टले

एजेंसी, नई दिल्ली

इंग्लैंड की पूर्व विश्व कप विजेता स्पिनर एलेक्स हार्टले ने दावा किया है कि उन्हें राष्ट्रीय टीम द्वारा "अनदेखा" किया जा रहा है। हार्टले का कहना है कि टीम की प्रमुख खिलाड़ी सोफी एक्लेस्टोन ने उनके साथ टीवी इंटरव्यू करने से इनकार कर दिया। यह विवाद हार्टले द्वारा इंग्लैंड की खिलाड़ियों की फिटनेस पर की गई आलोचना के बाद खड़ा हुआ है।

हार्टले, जो पेशेवर क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद एक सफल प्रसारक और विश्लेषक के रूप में सक्रिय हैं, ने हाल ही में कहा था कि इंग्लैंड की टीम ने अक्टूबर में टी20 विश्व कप के दौरान खराब फिटनेस के कारण निराशाजनक प्रदर्शन किया था। उन्होंने दुबई में वेस्टइंडीज के खिलाफ हार को इंग्लैंड के कुछ खिलाड़ियों की फिटनेस के लिए जिम्मेदार ठहराया था। हालांकि, इंग्लैंड के कप्तान हीथर नाइट और कोच जॉन लुईस ने इस आरोप को खारिज करते हुए इसे टीम के प्रदर्शन का कारण मानने से इनकार किया था। सिडनी में सोमवार को खेले गए पहले टी20 मैच में इंग्लैंड को ऑस्ट्रेलिया से 57 रन से हार का सामना करना पड़ा, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने एशेज सीरीज में 8-0 की बढ़त बना ली। इस हार के बाद हार्टले ने बीबीसी के टीएमएस पॉडकास्ट पर खुलासा किया कि इंग्लैंड की टीम अब उनसे कोई संवाद नहीं कर रही है। हार्टले ने कहा, "इंग्लैंड की टीम ने मुझे पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया है। मैंने केवल यह कहा था कि उनकी फिटनेस ऑस्ट्रेलिया के स्तर की नहीं है।

मेरा मकसद था कि वे बेहतर बनें और बड़ी ट्रॉफियां जीतें। लेकिन तब से टीम ने मुझसे दूरी बना ली है।" एशेज सीरीज के दौरान इंग्लैंड की फील्डिंग और एथलेटिक प्रदर्शन सवालों के घेरे में रहा है। हार्टले ने कहा कि इंग्लैंड ने पूरी सीरीज में ऑस्ट्रेलिया की "एथलेटिकिज्म" का सामना करने में संघर्ष किया।



## मोहन बागान सुपर जायंट की आक्रामकता का सामना करेगी चेन्नइयन एफसी

एजेंसी, चेन्नई



चेन्नइयन एफसी मंगलवार शाम अपने घरेलू मैदान जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में मोहन बागान सुपर जायंट की मेजबानी करेगी। चेन्नइयन एफसी अपने पिछले चार मैचों (दो ड्रा, दो हार) में जीत से वंचित है और मैरिनर्स के खिलाफ जीत से अपने सूखे को खत्म करना चाहेगी। वहीं, मैरिनर्स चेन्नइयन के खिलाफ लीड डबल पूरा करना चाहेंगे, क्योंकि उन्होंने 30 नवंबर को अपने घर पर मरीना माचान्स को 1-0 से हराया था। चेन्नइयन एफसी 16 मैच में चार जीत, पांच ड्रा और सात हार से 17 अंक लेकर तालिका में 10वें स्थान पर है, जबकि मोहन बागान सुपर जायंट 16 मैचों में 11 जीत, तीन ड्रा और दो हार से 36 अंक लेकर तालिका में शीर्ष स्थान पर हैं। चेन्नइयन एफसी सीजन में अब तक केवल दो क्लीन शीट नहीं रख पाई है और 27 गोल खा चुकी है। वहीं, मैरिनर्स के नाम कुल 31 गोल है, जो कि संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा हैं। चेन्नइयन एफसी ने अपने पिछले दो घरेलू मैचों में से प्रत्येक में कई (कुल छह) गोल खाए हैं। उन्होंने दिसंबर 2018 से फरवरी 2019 के बीच लगातार तीन घरेलू मैचों में आठ गोल खाए थे। चेन्नइयन के विपक्षी हाफ में पास के प्रयास (62.4%) लीग में दूसरे स्थान पर हैं जबकि मैरिनर्स अपने हाफ (उनके पास का 48.8%) से अधिक हमले बनाते हैं। मैरिनर्स ने विपक्षी बॉक्स में औसतन 25.9 टच प्रति मैच किए हैं, जो सबसे ज्यादा है। उस क्षेत्र में उनके 415 टच हैं। मैरिनर्स ने अपने पिछले तीन अवे मैचों में से प्रत्येक में गोल खाए हैं। अगर चेन्नइयन एफसी आगामी मुकाबले में गोल करती है, तो यह मैरिनर्स का घर से बाहर क्लीन शीट से दूर रहने का सबसे लंबा सिलसिला होगा। मरीना माचान्स के सहायक कोच नोएल विल्सन ने बताया कि चोटों ने इस सीजन में उनकी रक्षापंक्ति प्रभावित किया है।

## एलएंडटी मुंबई ओपन डब्ल्यूटीए 125 का चौथा संस्करण फरवरी में, एमएसएलटीए, सीसीआई करेंगे मेजबानी

एजेंसी, मुंबई




महाराष्ट्र राज्य लॉन टेनिस एसोसिएशन (एमएसएलटीए) और क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया (सीसीआई) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाला एलएंडटी मुंबई ओपन डब्ल्यूटीए 125 के सीरीज का चौथा संस्करण फरवरी 2025 में शुरू होगा। टूर्नामेंट 1 फरवरी से क्वालीफाइंग राउंड के साथ शुरू होगा, जबकि मुख्य ड्रॉ 3 फरवरी से होगा और फाइनल मुकाबला 9 फरवरी को सीसीआई के कोर्ट पर खेला जाएगा। इस इवेंट में दुनिया के शीर्ष और उभरते हुए खिलाड़ी भाग लेंगे। आयोजन समिति के सदस्य, आईएएस अधिकारी संजय खंडारे और प्रवीण दराडे ने कहा, "हम चौथी बार एलएंडटी मुंबई ओपन की मेजबानी करते हुए रोमांचित हैं। पिछले तीन संस्करणों की सफलता के बाद, हमें इस बार भी दिलचस्प मुकाबलों की उम्मीद है। मुंबई हमेशा खिलाड़ियों और प्रशंसकों के लिए खास रही है, और हमें विश्वास है कि यह संस्करण भी यादगार होगा।"

**प्रतिभागी और प्रतियोगिता का स्तर** : इस बार टूर्नामेंट में कई शीर्ष खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। इनमें शामिल हैंः

**तात्जाना मारिया (जर्मनी)**: वर्तमान विश्व रैंकिंग 89। अपने करियर का चौथा एकल खिताब जीतने के इरादे से उतरेंगी।

**रेबेका मैरिनो (कनाडा)**: विश्व रैंक 98। 2024 में डॉव टेनिस क्लासिक जीतने वाली मैरिनो अपने दूसरे डब्ल्यूटीए खिताब के लिए प्रयास करेंगी।

**नूरिया पैरिज़ास-डियाज़ (स्पेन)**: विश्व रैंक 104। तीन डब्ल्यूटीए चैलेंजर खिताब अपने नाम कर चुकीं नूरिया हाल ही में वर्कडे कैनबरा इंटरनेशनल के सेमीफाइनल में पहुंची थीं।

गत विजेता दार्जा सेमेनिस्टाजा (लातविया), जो विश्व रैंकिंग में 120वें स्थान पर हैं, अपने खिताब की रक्षा करेंगी। इसके अलावा, ग्रेट ब्रिटेन की हैरियट डार्ट (रैंक 113) और फिलीपींस की युवा खिलाड़ी एलेक्जेंड्रा एला (रैंक 138) भी मुकाबले का हिस्सा होंगी।


**पिछले संस्करण और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि** : 2024 में मुंबई ओपन ने छह साल बाद वापसी की थी। पिछले एकल खिताब लातवियाई खिलाड़ी दार्जा सेमेनिस्टाजा ने जीता था, जबकि युगल में डेलिला जाकुपोविक और सबरीना सांतामारिया की जोड़ी विजेता रही थी।

## खेल से बड़ा कोई नहीं , विराट रोहित सहित सभी घरेलू क्रिकेट खेलें : योगराज

एजेंसी, चंडीगढ़

पूर्व क्रिकेटर योगराज सिंह ने कहा है कि खेल से बड़ा कोई खिलाड़ी नहीं होता। इसलिए विराट कोहली और रोहित शर्मा सहित सभी सीनियर खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट खेलना चाहिये। वहीं इससे पहले भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई ) ने ऑस्ट्रेलिया में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद सभी खिलाड़ियों के लिए घरेलू क्रिकेट खेलना अनिवार्य कर दिया था। इसके अलावा खिलाड़ियों के लिए 10 नियम भी बना दिया हैं। इन्हीं को लेकर योगराज ने कहा कि कोई भी खेल से बड़ा नहीं है। उन्होंने महान खिलाड़ियों सर विवियन रिचर्ड्स और सर डॉन ब्रैडमैन का उदाहरण भी दिया और कहा कि वे भी घरेलू क्रिकेट खेलते थे। उन्होंने वरिष्ठ खिलाड़ियों से राष्ट्रीय टीम में न होने पर घरेलू क्रिकेट में भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, आप कभी भी खेल से बड़े नहीं हो सकते। न तो विव रिचर्ड्स और न ही डॉन ब्रैडमैन, वे कभी भी क्रिकेट से बड़े नहीं थे और न ही कोई बन सकता है। इसलिए आप जो करते हैं वह यह है कि आप दौरे से वापस आते हैं, आपको घरेलू क्रिकेट खेलना शुरू करना चाहिए। जब टेस्ट खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट खेलते हैं, तो उनके साथ खेलने वाले बाकी युवाओं को काफी आत्मविश्वास मिलता है।

इसके साथ ही योगराज ने अपने बेटे युवराज सिंह का उदाहरण दिया और बताया कि टीम से बाहर होने पर वह भी घरेलू क्रिकेट खेलता था। उन्होंने कहा, जब भी युवराज भारतीय टीम में नहीं होता था तो वह रणजी ट्रॉफी खेलने जाता था। जब टीम कोई टूर्नामेंट नहीं खेल रही होती थी।



# खो खो विश्व कप 2025: भारत की संस्कृति और आतिथ्य ने अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों का दिल जीता

एजेंसी, नई दिल्ली

भारत में पहली बार आयोजित किए गए खो खो विश्व कप का पहला संस्करण भारतीय पुरुष और महिला टीमों की जीत के साथ सफलतापूर्वक समाप्त हुआ। इस ऐतिहासिक आयोजन ने न केवल भारतीय खेल प्रेमियों को रोमांचित किया, बल्कि दुनिया भर से आए खिलाड़ियों और दर्शकों पर भी गहरी छाप छोड़ी। इस आयोजन के दौरान भारतीय संस्कृति, परंपरा, और आतिथ्य का जो अद्वितीय अनुभव प्रस्तुत किया गया, उसकी प्रशंसा विश्व स्तर पर हुई।

खो खो विश्व कप की शुरुआत छह महाद्वीपों के 23 देशों के खिलाड़ियों और प्रतिनिधियों के स्वागत के साथ हुई। भारतीय परंपरा के अनुसार आयोजित इस भव्य उद्घाटन समारोह में सांस्कृतिक संगीत और नृत्य प्रदर्शन ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। भारतीय खो खो महासंघ (केकेएफआई) और अंतरराष्ट्रीय खो खो महासंघ (आईकेकेएफ) ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए पूरी मेहनत की। ईरान की टीम के खिलाड़ी आमिर घियासी ने भारत के अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, 'हम पहली बार भारत आए और हमें यहां शानदार समय बिताने का मौका मिला। भारतीय आतिथ्य अद्भुत था। हमें यहां हर संभव सुविधा दी गई, चाहे वह भोजन हो या आवास। हमने भारतीय संस्कृति का आनंद लिया और यह हमारे लिए एक अविस्मरणीय अनुभव रहा।' विदेशी खिलाड़ियों ने भारतीय आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि भारत ने उनके लिए विशेष भोजन और सुविधाओं की व्यवस्था की। खिलाड़ियों की सेहत और आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए डॉक्टर्स और फिजियोथेरेपिस्ट भी हर समय उपलब्ध रहे। न्यूजीलैंड की महिला टीम का हिस्सा रहीं मूल भारतीय खिलाड़ी अमनदीप कौर ने कहा, 'भारतीय आतिथ्य और आयोजन के स्तर ने हमें चौंका दिया। टूर्नामेंट बेहद प्रतिस्पर्धी था, और अब हम भविष्य में और बेहतर तैयारी के लिए प्रेरित हैं।' खिलाड़ियों को न केवल खेल में अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला, बल्कि भारतीय संस्कृति को करीब से जानने का भी अवसर मिला। ताजमहल की यात्रा से लेकर भारतीय स्ट्रीट फूड का आनंद उठाने तक, खिलाड़ियों ने हर अनुभव को भरपूर जिया। पेरू पुरुष टीम की कोच सिल्वाना पेट्रीसिया ने कहा,'आतिथ्य, भोजन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने हमें गहराई तक प्रभावित किया। भारतीय संगीत और नृत्य का आनंद लेना अद्भुत रहा। यहां हर चीज़ देखने लायक थी, और यह विश्व कप मेरे जीवन के सबसे अच्छे अनुभवों में से एक है।' ब्राजील की पुरुष टीम की कोच लॉरा डोअरिंग ने भी भारत की प्रशंसा करते हुए कहा,'भारत की संस्कृति हमारी संस्कृति से पूरी तरह अलग है। यहां के लोग बेहद अच्छे हैं। मैंने यहां डांस मूव्स सीखे हैं और मैं उन्हें अपने साथ वापस ले जाना चाहती हूं।

'भारतीय खो खो महासंघ और अंतरराष्ट्रीय खो खो महासंघ के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल और महासचिव रोहित हल्दानिया के नेतृत्व में यह सुनिश्चित किया गया कि विदेशी खिलाड़ियों को हर तरह की सुविधा मिले। भारतीय खेल प्रशासन ने हर संभव प्रयास किया कि यह टूर्नामेंट खेल भावना के साथ-साथ भारतीय संस्कृति का आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करे। इस आयोजन ने खो खो को एक वैश्विक खेल के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। खिलाड़ियों, दर्शकों और आयोजकों की प्रशंसा से स्पष्ट है कि भारत ने न केवल टूर्नामेंट को सफल बनाया, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी संस्कृति और आतिथ्य का भी परचम लहराया।

खो खो विश्व कप 2025 सिर्फ एक खेल आयोजन नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक समृद्धि और खेल कौशल का उत्सव था। इस आयोजन ने साबित किया कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि देशों के बीच दोस्ती और एकता का माध्यम भी है। विदेशी खिलाड़ियों ने भारत में जो अनुभव किया, वह उनकी यादों में हमेशा बना रहेगा।



हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, बुधवार, 22 जनवरी, 2025





# वो ट्रेन जो सुरंग में घुसते ही रहस्यमयी तरीके से हुई थी गायब

**ट्रेन से सफ़र करना हर किसी को पसंद आता है. इसका सफ़र आरामदायक और सुहाना होता है. पर आज हम आपको एक रहस्यमयी ट्रेन की यात्रा के बारे में बताएंगे. इस ट्रेन में यात्री चढ़े, ट्रेन अगले स्टेशन के लिए रवाना भी हुई, लेकिन कभी अपनी मंजिल तक नहीं पहुंची, वो बीच रास्ते में ही कहीं ग़ायब हो गई.**

## 1911 की है घटना

रहस्यमयी तरीके से ग़ायब हुई ये ट्रेन की घटना इटली की है. बात 1911 की है, जब इटली में Zanetti रेलवे कंपनी रेल के नए डिब्बे और इंजन बनाती थी. उसी साल जून में उन्होंने कुछ नई बोगियां बनाई थीं. इसके ट्रॉयल के लिए उन्होंने लोगों को मुफ़्त में सफ़र करने का न्यौता दिया. इसके लिए ख़ासतौर पर विज्ञापन भी दिया गया था.

## ट्रेन हो गई ग़ायब

ये यात्रा एक स्टेशन तक दूसरे स्टेशन तक. रोम स्टेशन पर इस ट्रेन को तैयार किया गया और 4 रेलवे कर्मचारी सहित 104 लोग इसमें सवार हुए यात्रा के लिए. रेल अपनी मंजिल के लिए रवाना हुई, इसी बीच रास्ते में एक सुरंग पड़ी. इस टनल में घुसते ही एक सफ़ेद धुंआ सा छा गया. यहां एंटर होने के बाद गंतव्य तक पहुंची ही नहीं. लोग इसका इंतज़ार करते ही रह गए. सुरंग में ही कहीं ग़ायब हो गई.

## नहीं सुलझा रहस्य

गुफ़ा में गायब हुई जेनेटी ट्रेन का ये रहस्य आज तक नहीं सुलझा है. कहते हैं इस रेल में सवार दो यात्री किसी तरह उससे उतरने में कामयाब हो गए थे. मगर उनकी हालत बहुत ही ख़राब थी. बदहवासी की अवस्था में उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया. यहां इलाज होने के बाद एक तो इस बारे में बात ही नहीं की. दूसरे ने बताया कि ट्रेन गुफ़ा में ग़ायब हो गई और वो कैसे उससे बाहर निकला उसे नहीं पता. कुछ लोग इसे भूतिया ट्रेन भी कहते हैं. वहीं कुछ लोगों का कहना है कि इस ट्रेन ने टाइम ट्रैवल किया है और ये किसी और जहां में पहुंच गई. वैसे ये पूरी रेलगाड़ी गई कहां किसी को आज तक नहीं पता चला. इस हादसे के कुछ समय बाद रूस, यूक्रेन और जर्मनी में इसके डिब्बे मिलने की बात कही गई मगर उनका कोई ठोस सबूत नहीं मिला. इस घटना के कुछ दिनों बाद एक डॉक्टर ने दावा किया था कि रोम के उसके अस्पताल में 104 लोग इलाज के लिए आए थे. सबकी हालत खस्ता थी और वो ये बताने में असमर्थ थे के उनके साथ क्या हुआ. बस वो यही बुदबुदा रहे थे की ट्रेन ग़ायब हो गई.

**कम लोग जानते हैं को सोने जैसी धातु पृथ्वी पर कभी बनी ही नहीं सकती है. हकीकत ये है कि सोने की खान में मिलने वाला सोना ज्वालामुखी घटनाओं के कारण पृथ्वी के अंदर से ऊपर की ओर आया था. लेकिन यह सोना सूर्य के पैदा होने से पहले ही न्यूट्रॉन तारों के टकराव से बना था. इसके अलावा इसके बनने की कोई और प्रक्रिया ही नहीं है.**



# धरती की सतह पर कैसे और कहां से आता है सोना?

क्या आप जानते हैं कि पृथ्वी पर जितनी भी सोने की खाने हैं वहां जो सोना मिला है और जो मिलने वाला है, वह पृथ्वी पर नहीं बना था. तो क्या यह सोना क्षुद्रग्रहों से आया था जैसा कि कई अध्ययन दावा करते है कि पृथ्वी पर बहुत सारा पानी क्षुद्रग्रहों के जरिए आया था. इसका जवाब  है नहीं क्योंकि वैज्ञानिको को कभी किसी भी क्षुद्रग्रह में इतना सोना नहीं मिला कि माना जाए कि उनसे सोना यहां पहुंचा था. वैज्ञानिक यह तो जानने में कामयाब हो चुके हैं कि सोना पृथ्वी के मैंटल से पर्पटी के ऊपरी हिस्से तक आया, लेकिन कैसे हुआ इसका खुलासा अब हुआ है.

## सुलझ गई एक उलझी कहानी

अंतरराष्ट्रीय शोधकर्ताओं की टीम ने सोने और सल्फर यानी गंधक के बीच की जटिल और उलझी कहानी का पता लगाया है जिससे वे साफ तौर पर यह समझ सके हैं कि सोना मेंटल से पृथ्वी की ऊपरी सतह पर कैसे आया? वे यह भी जानते हैं ब्रह्माण्ड में सोना अंतरिक्ष में दो न्यूट्रॉन तारों के टकराव के हालात की जटिल प्रक्रियाओं में ही बन पाता है.

## पृथ्वी के मेंटल के बाद की पहेली

पृथ्वी पर मौजूद सारा सोना करोड़ों अरबों साल पहले ही आ गया था और वह तमाम प्रक्रियाओं से गुजर कर पृथ्वी के अंदर मेंटल में पहुंच गया था. लेकिन यहां से वह पृथ्वी की सतह तक कैसे पहुंचा यह एक बड़ा रहस्य ही था. वैज्ञानिक पहले ही इसकी पड़ताल कर रहे थे, लेकिन वे किसी निर्णायक नतीज पर नहीं पहुंच पा रहे थे.

## सटीक प्रक्रिया की तलाश

प्रशांत रिंग ऑफ फायर में जमे सोने के अयस्क पृथ्वी की गहराई में मेंटल से निकला और मैग्मा से सतह के ऊपर की ओर आया था. वैज्ञानिक इसी की सटीक प्रक्रिया जानना चाह रहे थे और नए अध्ययन में उन्हें इसी सफलता मली थी. यह अध्ययन प्रोसिडिग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंस में प्रकाशित हुआ है.

## वह खास तरह का मॉडल

इस अध्ययन में वैज्ञानिकों ने न्यूमेरिकल मॉडलिंग का उपयोग कर उन हालातों का पता लगाया जिनमें सोने से भरपूर मैग्मा सतह तक ऊपर आया. इस मॉडल से पता चला कि गोल्ड ट्राइसल्फर कॉम्पलेक्स की भूमिका ने उस सिद्धांत को सही साबित किया जिसका पहले अनुमान लगाया था. लेकिन पहले इस सिद्धांत के सही होने काफी विवाद हो गया था.


## ऊपर आने या ना आने की चाह?

आमतौर पर सोना स्वतंत्र रूप में रह कर मेंटल में ही रहना पसंद करता है, लेकिन जब सल्फर से इसकी अंतरक्रिया होती है तो तब यह उससे रिएक्शन कर गोल्ड ट्राइसल्फर कॉम्पलेक्स में बदल जाता है. इस स्वरूप में आने के बाद वह अस्थिर होता है और सटीक हालात मिलने पर मैग्मा के साथ ऊपर आने लगता है.

## सतह पर पहुंचने के हालात

लेकिन यह हर जगह से ऊपर नहीं आ सकता इसके लिए सबसे अच्छी जगह वह इलाका होता है जहां एक टेक्टोनिक प्लेट दूसरे के अंदर घुसने की कोशिश कर रही होती है. इसे सबडक्शन जोन कहते हैं. इस गोल्ड ट्राइसल्फर कॉम्पलेक्स को सक्रिय ज्वालामुखी के 50 से 80 किलोमीटर के नीचे दबाव और तापमान के सटीक हालात चाहिए होते हैं. ऐसे हालात में तापमान 875 डिग्री सेल्सियस का होना जरूरी है. यही तापमान आमतौर पर मैग्मा का भी होता है. इससे  सोना मैंटल से मैग्मा के साथ ऊपर की ओर सतह तक आता है.

सोना तेजी से ट्राइसल्फर से जुड़ जाता है और चटिल पदार्थ बना लेता है जिससे यह मैग्मा में आसानी सी घूम सकता है. शोधकर्ताओं का कहना है कि यह पहली बार है जब इस पूरी प्रकिया में गोल्ड ट्राइसल्फर कॉम्पलेक्स की भूमिका बताई जा रही है, जिसके बारे में वे भी पहले नहीं जानते थे. इससे यह भी साफ होता है कि सबडक्शन जोन के वातावरण में भी कुछ खास तरह के खनिजों में पास ही सोना अधिक क्यों मिलता है.





# भारत की सबसे धीमी ट्रेन

भारतीय रेलवे की चर्चा दुनियाभर में होती है. ट्रेन भारत में ट्रांसपोर्ट का सबसे सस्ता और किफ़ायती माध्यम माना जाता है. अमीर से लेकर ग़रीब, हर वर्ग का आदमी को एक शहर से दूसरे शहर या राज्य में ट्रैवल करने के लिए ट्रेन ही दिमाग़ में सबसे पहले आती है. ऐसी कई ट्रेन हैं, जो अपनी हाई स्पीड के लिए देश में फ़ेमस हैं. इसमें शताब्दी, राजधानी, वन्दे भारत आदि शामिल हैं, जिनकी स्पीड 180 किलोमीटर प्रति घंटे से भी अधिक है. लेकिन भारत में एक ऐसी भी ट्रेन है, जो अपनी फ़ास्ट स्पीड नहीं, बल्कि कछुए की चाल से भी धीमी स्पीड के लिए जानी जाती है. आइए आपको उसी ट्रेन के बारे में बताते हैं.

## क्या है इस ट्रेन का नाम?

इस ट्रेन का नाम मेट्टूपलायम ऊटी नीलगिरी पैसेंजर ट्रेन है. अगर आपको लग रहा है कि ये ट्रेन नई-नवेली है, तो आपकी ग़लतफ़हमी को दूर करते हुए बता दें कि ये ट्रेन कई सालों से ऐसे ही चल रही है. अपनी धीमी गति के चलते इसका नाम यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट में भी शामिल है. धीमी चलने के बाद भी ये ट्रेन लोगों के आकर्षण का केंद्र है.

## क्या है ट्रेन की स्पीड?

ये ट्रेन तमिलनाडु के ऊटी में चलती है और घने जंगल और पहाड़ों से गुज़रती है. ये मेट्टूपलायम से ऊटी के बीच चलती है और इसके बीच में कई जगह स्टॉप हैं. इसकी स्पीड की बात की जाए, तो ये 46 किलोमीटर लगभग 5 घंटे में तय करती है. कभी-कभी तो 46 किलोमीटर तय करने में भी इसे 7-8 घंटे लग जाते हैं.

## अंग्रेज़ों ने करवाया था इस ट्रेन का निर्माण

ये एक टॉय ट्रेन है, जिसको नीलगिरी माउंटेन रेलवे भी कहा जाता है. इसका निर्माण ब्रिटिश काल में करवाया गया था. अंग्रेज़ ज्यादातर इस ट्रेन में बैठकर भारत की हसीन वादियों को देखने के लिए निकल जाते थे. उस दौरान से लेकर आज तक ये ट्रेन भाप से ही चलती है. इस ट्रेन के डब्बे लकड़ी के हैं और बाहर खिड़कियां बनी हैं.



# इस गुफ़ा में अंदर जाने का तो रास्ता है लेकिन बाहर आने का नहीं....



दुनिया में बहुत सी ऐसी जगहें हैं जो हज़ारों सालों से रहस्य बनी हुई हैं, जिनकी गुत्थी कोई नहीं सुलझा पाया है. ये रहस्यमयी जगहें लोगों में चर्चा का विषय भी बनी रहती हैं साथ ही इस वजह से लोग ज़्यादा जाना भी पसंद करते हैं तो टूरिज़्म के हिसाब से भी अच्छी कमाई करती हैं. इन जगहों में जंगल, पहाड़, नदी, सुरंग, महल शामिल हैं इन्हीं में से एक ऐसी गुफ़ा की बात करेंगे, जो कई साल से रहस्य बनी हुई है. चलिए जानते हैं कौन सी है वो गुफ़ा, कहां है और क्या है उसका रहस्य?

ये गुफ़ा बिहार के मुंगेर ज़िले के श्री कृष्ण वाटिका में स्थित है, जो 1760 से 1763 तक बंगाल के नवाब मीर क़ासिम की गुफ़ा है. इसे मीर क़ासिम ने 250 साल पहले बनवाया था क्योंकि वो राज्य के मामलों में सुधार करना चाहता था, जिसके लिए उसने गुफ़ा का निर्माण कराया और अपनी राजधानी को मुर्शिदाबाद से मुंगेर (बिहार) स्थानान्तरित किया. उस समय मीर क़ासिम के राज्य पर ब्रिटिश सैनिकों का हमला होता था, जिससे बचाव के लिए भी इस गुफ़ा को बनाया गया. गुफ़ा का निर्माण कार्य 1760 में पूरा हो गया था. इस गुफ़ा के बारे में कहते हैं कि, इसमें अंदर जाने का तो रास्ता है लेकिन बाहर आने का रास्ते का कुछ पता नहीं है. ऐसी अटकलें हैं कि, अन्य प्रवेश द्वार मुफ़स्सिल थाना ज़िले में स्थित पीर पहाड़ी के पास स्थित है.

मीर क़ासिम की इस रहस्यमयी गुफ़ा के बनने से अंग्रेज़ नाराज़ हो गए थे और उन्होंने मीर क़ासिम पर हमला कर दिया था. इस हमले से बचने के लिए अवध के नवाब शुजा-उद-दौला ने पूरी तरह से मीर क़ासिम का समर्थन किया, लेकिन वो ब्रिटिश सैनिकों से हार गए और 8 मई, 1777 को उनकी मृत्यु हो गई. आपको बता दें, राजकुमार बहार और मीर क़ासिम की संतान राजकुमारी गुल की कब्रें भी इसी गुफ़ा में स्थित हैं, जो इसी रास्ते से भागने के चलते ब्रिटिश सैनिकों द्वारा मारे गए थे. गुफ़ा में एक पार्क भी है, लेकिन इसका दूसरा छोर आज भी रहस्य बना हुआ है.



हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, बुधवार, 22 जनवरी, 2025





# अपनी जड़ों और परंपराओं से जुड़ी है तेलुगु इंडस्ट्री

आर. माधवन की कितनी काबिल सितारों में होती है। उन्हें जितना प्यार साउथ इंडस्ट्री में मिलता है, हिंदी पट्टी में भी उनके उतने ही प्रशंसक हैं। हाल ही में आर माधवन हिंदी और साउथ में फिल्मों के निर्माण और बदलते परिदृश्य पर बात करते दिखे। उन्होंने कहा कि हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में बढ़ते कंटेंट बेस के मुकाबले तेलुगु और मलयालम फिल्म इंडस्ट्री कहां हैं? साथ ही कहा कि साउथ फिल्म इंडस्ट्री अपनी जड़ों से जुड़ी है।

### एसएस राजामौली की फिल्मों का दिया उदाहरण

आर माधवन हाल ही में बातचीत के दौरान फिल्म इंडस्ट्री के बदलते परिदृश्य पर बात करते दिखे। फिर चाहें वह हिंदी हो, तेलुगु या मलयालम। एक्टर ने कहा कि बॉलीवुड बहुत ज्यादा विशिष्ट (ऐलीट) हो गया है, जबकि तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री अब भी अपनी जड़ों से जुड़ी है। उनस सिनेमा में परंपराओं की झलक दिखती है। इसके लिए मैडी ने एसएस राजामौली की हाई बजट फिल्मों का उदाहरण भी दिया।

### तेलुगु फिल्मों में दिखाई देता है छोटे शहरों का इतिहास

आर माधवन ने कहा, अगर आप एसएस राजामौली और तेलुगु इंडस्ट्री की हाई बजट फिल्मों की तरफ देखें तो वे जमीन से जुड़ी नजर आएंगी। उनमें भारत के छोटे शहरों के इतिहास की झलक जरूर देखने को मिलेगी। वे बाहुबली, आरआरआर या पुष्पा जैसी फिल्में बनाने में बहुत पैसा लगाते हैं। फिर इन कहानियों को फिल्माने और उन्हें मजबूत बनाने में भी पूरी जान झोंक देते हैं।

इसके अलावा मैडी ने मलयालम इंडस्ट्री पर भी बात की, जो हाल के कुछ वर्षों में काफी आगे बढ़ी है। आर. माधवन का कहना है कि मॉलीवुड मुख्य रूप से कंटेंट और किरदारों जैसे पहलुओं पर फोकस करने में सक्षम रहा है। सीमित बजट फिल्मों में भी वह कमाल का प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने कहा, मलयालम इंडस्ट्री अब बिना बड़े बजट फिल्मों के भी सिर्फ कंटेंट और किरदारों के दम पर दर्शकों का ध्यान खींच रहा है। तेलुगु इंडस्ट्री में कभी-कभी बड़े बजट की फिल्म रिलीज होती है, जो पूरी तरह से फ्लॉप हो जाती है, जो एक वास्तविकता भी है। दरअसल, इंडस्ट्री एक कायापलट के दौर से गुजर रही है और जल्द ही नए कंटेंट और नवीनता के साथ दर्शकों को हैरान करेगी।



# मन से चाह लो तो दुनिया में कुछ भी असंभव नहीं

भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की सफल अभिनेत्री अक्षरा सिंह खुद को चुस्त दुरुस्त रखने के लिए जिम में खूब पसीना बहा रही हैं। इसकी झलक उन्होंने इंस्टाग्राम पोस्ट में दिखाई। अक्षरा सोशल मीडिया पर सक्रिय रहती हैं और अक्सर निजी और काम से जुड़े पोस्ट साझा करती रहती हैं। इंस्टाग्राम पर वर्कआउट की तस्वीरें साझा करते हुए अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, मन से चाह लो तो दुनिया में कुछ भी असंभव नहीं है। चार तस्वीरों में से दो में अक्षरा जिम में पसीना बहाती हैं, तो दो में खुली छत पर एक्सरसाइज करती नजर आईं। भोजपुरी फिल्मों में कमाल के अभिनय के साथ अभिनेत्री बेहतरीन गायिका भी हैं। उन्होंने हाल ही में एक वीडियो साझा किया था, जिसमें वह महाकुंभ के महत्व को अपने गाने के साथ बताती नजर आईं। वीडियो के साथ उन्होंने लिखा, हिमालय से आते मुनि रमाते संगम में धूनी। अक्षरा सिंह ने महाकुंभ के लिए एक खास गाना तैयार किया है। गाने की पहली झलक अभिनेत्री ने 16 जनवरी को सोशल मीडिया पर साझा की थी। लेटेस्ट वीडियो में अभिनेत्री 'महाकुंभ में डुबकी लगाओ' नाम के गाने को गाती भक्ति-भाव में डूबी नजर आईं। अक्षरा सिंह की हालिया रिलीज अक्षरा दुनिया भर में धूम मचा रही है। देशभक्ति से भरपूर भोजपुरी फिल्म वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज हुई है। फिल्म में अक्षरा के साथ अभिनेता अंशुमान मिश्रा मुख्य भूमिका में हैं। सत्यमेव जयते से डेब्यू करने वाली अभिनेत्री अक्षरा सिंह फिल्म इंडस्ट्री को सत्या, सरकार राज, मां तुझे सलाम, धड़कन, तबादला, सत्य, प्रेम विवाह, साथिया, दिलेर, तबादला, सौगंध गंगा मैया के जैसी हिट फिल्में दे चुकी हैं। इसके साथ ही अक्षरा बिग बॉस ओटीटी समेत सर्विस वाली बहू, पोरस, काला टीका जैसे टीवी शो में भी काम कर चुकी हैं।



# इंडो-कोरियन हॉरर फिल्म में नजर आएंगे वरुण तेज

तेलुगु सिनेमा के अभिनेता वरुण तेज ने फिल्म मुकुंदा से अपने अभिनय की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने कांचे, फिदा, थोली प्रेमा और गड्डालकोंडा गणेश जैसी फिल्मों के जरिए दर्शकों का दिल जीता। आज वरुण के जन्मदिन पर उनकी आगामी कोरियन हॉरर कॉमेडी फिल्म वीटी 15 का पोस्टर शेयर किया है, जो उनके प्रशंसकों के लिए वरुण की बर्थ डे का रिटर्न गिफ्ट है। तेलुगु सिनेमा के अभिनेता वरुण तेज ने फिल्म मुकुंदा से अपने अभिनय की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने कांचे, फिदा, थोली प्रेमा और गड्डालकोंडा गणेश जैसी फिल्मों के जरिए दर्शकों का दिल जीता। आज वरुण के जन्मदिन पर उनकी आगामी कोरियन हॉरर कॉमेडी फिल्म वीटी 15 का पोस्टर शेयर किया है, जो उनके प्रशंसकों के लिए वरुण की बर्थ डे का रिटर्न गिफ्ट है। साउथ अभिनात वरुण तेज फिल्म मटका के बाद अब एक इंडो-कोरियाई हॉरर कॉमेडी के साथ वापसी के लिए तैयार हैं। इस फिल्म का नाम वीटी 15 रखा गया है, जिसमें कई रोमांचक पहलुओं के साथ कॉमेडी भी देखने को मिलेगी। वरुण तेज के जन्मदिन के अवसर पर निर्माताओं ने फिल्म का पहला लुक जारी किया है। पोस्टर में एक रहस्यमयी जार दिखाया गया है, जिस पर ड्रैगन का डिजाइन है और एक कपड़ा जल रहा है, साथ ही अभिनेता को जन्मदिन की शुभकामनाएं भी दी गई हैं। टैगलाइन सस्पेंस और कॉमेडी के अनूठे मिश्रण की ओर इशारा करती है जब शिकार करना मजेदार हो जाता है। वेंकटाद्री एक्सप्रेस, एक्सप्रेस राजा और एक मिनी कथा जैसी सफल फिल्मों के लिए मशहूर मेरलापाका गांधी द्वारा निर्देशित इस फिल्म का निर्माण यूवी क्रिएशंस ने फर्स्ट फ्रेम एंटरटेनमेंट के साथ मिलकर किया है। फिल्म का संगीत प्रतिभाशाली थमन एस तैयार कर रहे हैं। बहलहाल, फिल्म की शूटिंग और रिलीज की तारीख सहित आगे की अपडेट जल्द ही शेयर की जाएंगी। प्रशंसक वरुण तेज की इस आगामी कोरियन ड्रामा फिल्म को लेकर काफी उत्साहित हैं और उनके जन्मदिन पर हुई फिल्म की इस घोषणा से बेहद खुश भी हैं।



# गेम चेंजर के फ्लॉप होने के बीच पैपराजी के कैमरे से बचती दिखीं कियारा

राम चरण और कियारा आडवाणी की फिल्म गेम चेंजर पिछले सप्ताह सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। हालांकि, फिल्म के प्रति दर्शकों की उत्सुकता और स्टार कास्ट के फैन फॉलोइंग के बावजूद यह बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखा पाई। ओपनिंग डे पर औसत कमाई के बाद इसके कलेक्शन में लगातार गिरावट दर्ज की गई। बड़े बजट की वजह से यह फिल्म टिकट खिड़की पर फ्लॉप हो चुकी है।

इस बीच, कियारा आडवाणी को हाल ही में पैपराजी से बचते हुए देखा गया। वह आयान मुखर्जी से मुलाकात के बाद अपनी कार में बैठ रही थीं। वॉर 2 का निर्देशन कर रहे आयान ने कियारा को अलविदा कहने के बाद पैपराजी से कहा, आप कहां से आ गए? कियारा आमतौर पर पैपराजी के सामने मुस्कुराते हुए पोज देती हैं, लेकिन इस बार उन्होंने पूरी तरह से उनसे नजरें चुराने का प्रयास किया। गेम चेंजर की बात करें तो यह फिल्म तेलुगु सिनेमा के मशहूर निर्देशक शंकर की फिल्म है। इसमें राम चरण, कियारा आडवाणी, अंजलि और एसजे सूर्या जैसे बड़े कलाकारों ने अभिनय किया है। फिल्म ने पहले दिन 51 करोड़ रुपये की कमाई की थी, लेकिन इसके बाद फिल्म की कमाई में निरंतर गिरावट देखी गई। फिल्म को पाइरेसी का भी सामना करना पड़ा, क्योंकि इसके रिलीज होते ही इसे ऑनलाइन लीक कर दिया गया। इसके अलावा, बालकृष्ण की डाकू महाराज और वेंकटेश की संक्रांतिकी वस्तुनाम जैसी फिल्मों से भी कड़ी टक्कर मिली, जिससे गेम चेंजर की कमाई और भी ज्यादा प्रभावित हुई।



# पंजाब में फिल्म के बैन पर छलका कंगना का दर्द

**कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी सिनेमाघरों में लगी है, जो देश में लगे आपातकाल की घटना पर आधारित है। यह फिल्म 17 जनवरी 2025 को रिलीज हुई। फिल्म देखकर लौट रहे दर्शक कंगना की अदाकारी की जमकर तारीफ कर रहे हैं। वहीं, क्रिटिक्स ने भी फिल्म को अच्छी प्रतिक्रिया दी है। अभिनेत्री की यह फिल्म पंजाब में रिलीज नहीं हुई है। इस पर उन्होंने प्रतिक्रिया दी है।**

### दिल में कुछ दर्द है

कंगना रनौत ने आज सोमवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्होंने फिल्म को मिल रहे प्यार के लिए दर्शकों का शुक्रिया अदा किया है। साथ ही पंजाब में फिल्म को रिलीज नहीं किए जाने पर दुख भी जताया है। कंगना कहती दिखी हैं, दोस्तों मैं जी स्टूडियो और मणिकर्णिका और फिल्म के हर सदस्य की तरफ से आपका आभार व्यक्त करती हूं। आपने इतना प्यार और इज्जत दी, उसके लिए मेरे पास शब्द ही नहीं हैं, लेकिन मेरे दिल में अभी भी कुछ दर्द है।

### फिल्म देखकर आप निर्णय लीजिए

कंगना ने आगे कहा, पंजाब! इंडस्ट्री में ऐसा कहा जाता था कि पंजाब में मेरी फिल्में सबसे अच्छी परफॉर्म करती हैं। और आज एक दिन है जब पंजाब में मेरी फिल्म को रिलीज तक नहीं होने दिया जा रहा है। ऐसे ही कुछ हमले कनाडा और ब्रिटेन में भी किए जा रहे हैं। कुछ चुनिंदा लोगों ने यह आग लगाई हुई है। और इस आग में हम और आप जल रहे हैं। दोस्तों मेरी फिल्म मेरे विचार और मेरा देश के प्रति क्या लगाव है वो इस फिल्म से प्रदर्शित होता है। आप यह फिल्म देखकर खुद निर्णय लीजिए। क्या यह फिल्म हमें जोड़ती है या तोड़ती है? मैं बस और नहीं कहूंगी। जय हिंद धन्यवाद।

### कैसा है बॉक्स ऑफिस पर प्रदर्शन

कंगना रनौत ने फिल्म इमरजेंसी में पूर्व पीएम इंदिरा गांधी का किरदार अदा किया है। इस फिल्म का निर्देशन भी उन्होंने किया है। करीब 25 करोड़ रुपये बजट में बनी इस फिल्म ने पहले दिन 2.5 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। दूसरे दिन कमाई 3.6 करोड़ रुपये रही। फिर तीसरे दिन का कारोबार 4.35 करोड़ रुपये रहा है। इस फिल्म का टोटल कलेक्शन 10.45 करोड़ रुपये हो गया है।



# कबीर सिंह से लेकर किस्मत कनेक्शन तक, देवा से पहले इन रीमेक फिल्मों में काम कर चुके हैं शाहिद

शाहिद कपूर ने कई फिल्मों में अदाकारी से दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ी है। वह इन दिनों अपनी फिल्म देवा को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में वह पुलिस अफसर बनकर जबर्दस्त एक्शन करते हुए नजर आएंगे। आपको जानकर हैरानी होगी कि यह मलयालम फिल्म मुंबई पुलिस का रीमेक है। यह फिल्म 31 जनवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। यह पहला मौका नहीं है जब शाहिद ने किसी रीमेक फिल्म में काम किया है। इससे पहले भी वह ऐसी कई फिल्मों में काम कर कर चुके हैं।

**कबीर सिंह**– शाहिद कपूर की सबसे चर्चित और सफल फिल्म कबीर सिंह है। यह फिल्म तेलुगु हिट फिल्म अर्जुन रेड्डी का रीमेक थी। फिल्म में शाहिद कपूर ने एक भावुक और उग्र स्वभाव वाले डॉक्टर का किरदार निभाया था। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया था। शाहिद की एक्टिंग को समीक्षकों और दर्शकों से भरपूर सराहना मिली।

**जर्सी** – जर्सी भी तेलुगु फिल्म जर्सी का हिंदी रीमेक थी। इस फिल्म में शाहिद कपूर ने एक क्रिकेटर की भूमिका निभाई थी। शाहिद की इस फिल्म में जज्बातों और संघर्ष की गहरी झलक देखने को मिली थी। फिल्म की कहानी और शाहिद की अदाकारी तो अच्छी थी, लेकिन रीमेक होने की वजह से यह बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं हो सकी।

**ब्लडी डैडी** – ब्लडी डैडी फिल्म भी एक रीमेक है, जो फ्रेंच फिल्म स्लीपलेस नाइट का हिंदी रीमेक थी। इस फिल्म में शाहिद कपूर ने एक पुलिस अफसर का रोल निभाया था, जो अंडरवर्ल्ड से जुड़ी एक मुश्किल स्थिति से बाहर निकलने के लिए संघर्ष करता है। फिल्म का एक्शन और थ्रिलिंग प्लॉट दर्शकों को अंत तक बांधे रखने में सफल रहा था। इसे सीधा ओटीटी पर रिलीज किया गया था।

**फुल एंड फाइनल** – फुल एंड फाइनल फिल्म भी एक रीमेक थी। यह हॉलीवुड फिल्म स्नैच का रीमेक थी। फिल्म में शाहिद कपूर के साथ और भी कई मशहूर सितारे थे, फिर यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर चल नहीं सकी थी।

**किस्मत कनेक्शन** – किस्मत कनेक्शन में शाहिद कपूर ने विद्या बालन के साथ काम किया था। यह फिल्म जस्ट माय लक का रीमेक थी। इस फिल्म के गाने लोगों के बीच जबर्दस्त हिट हुए थे। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सकी थी।

# बेहतर हो सकती थी गेम चेंजर



रामचरण अभिनीत गेम चेंजर 10 जनवरी से सिनेमाघरों में चल रही है। 450 करोड़ के भारी भरकम बजट में बनी इस फिल्म को पूरा करने में निर्देशक शंकर ने 3 साल का लम्बा वक्त लिया। प्रदर्शन के बाद फिल्म को असफल करार दे दिया गया है। ऐसे में गेम चेंजर के निर्देशक एस शंकर ने फिल्म की एवरेज परफॉर्मेंस पर अपनी गलती होने की बात कही है। एक हालिया इंटरव्यू में शंकर ने कबूल किया कि वो फिल्म में बहुत कुछ बेहतर कर सकते थे। उन्होंने कहा- कोई भी फिल्म मेकर अपनी फिल्म से कभी संतुष्ट नहीं होता। मुझे बिल्कुल पर लगता है कि ये फिल्म और बेहतर हो सकती थी। हमारे पास कई अच्छे सीन थे, लेकिन हमें उनमें काटकर छोटा करना पड़ा। शंकर ने आगे कहा- इसका मतलब ये हुआ कि हमने कुछ बेहतरीन कंटेंट खो दिया। आप तीन घंटे की फिल्म में हर सीन को शामिल नहीं कर सकते। फिल्म का टोटल ड्यूरेशन पांच घंटे हो गया था। ये किसी स्कलपचर को तराशने जैसा था। अगर आप कोई अच्छा स्कलप्चर बनाना चाहते हैं तो वो पत्थर की बनी हो तो बेहतर है। बता दें कि फिल्म गेम चेंजर से शंकर ने अपना तेलुगु डेब्यू किया है।